राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का हाथ थामे भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी

• बोकारो, रविवार 13 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 119 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'नई दिल्ली घोषणापत्र 2026' को सर्वसम्मति से मिली मंजूरी, पहलगाम हमले की हुई निंदा

# जंग और टकराव रोकने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'नई दिल्ली घोषणापत्र 2026' को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई है। पीएम मोदी ने ब्रिक्स के सदस्य देशों के सामने घोषणा का मसौदा रखा और पूछा कि क्या किसी देश को इस पर कोई आपत्ति है, किसी भी सदस्य देश ने आपत्ति नहीं जताई, जिसके बाद इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया इस घोषणापत्र का मुख्य फोकस नवीकरणीय ऊर्ज़ा सहयोग, एकतरफा व्यापारिक बाधाओं पर चिंता, आतंकवाद की रोकथाम और वैश्विक विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नई दिल्ली घोषणा पत्र ने ब्रिक्स देशों के साझा संकल्प को आगे बढ़ाने की साफ दिशा तय कर दी है। अब असली जिम्मेदारी इन फैसलों को जमीन पर उतारने की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ घोषणाएं करने से काम नहीं चलेगा



बल्कि उन्हें ठोस नतीजों में बदलना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस घोषणापत्र में संघर्ष की रोकथाम और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, मजबूत बहुपक्षवाद और एकतरफा व्यापार उपायों पर चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ब्रिक्स डिक्लेरेशन में सीमा पार आतंकवाद, टेरर फंडिंग और आतंकी पनाहगाहों सहित आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की गई है। शिखर सम्मेलन में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की गई। सदस्य देशों ने आतंकवाद के खिलाफ जिरो-टॉलरेंस की नीति अपनाने, दोषियों की जवाबदेही तय करने और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के व्यापक सम्मेलन को जल्द से जल्द पारित करने का आह्वान किया। दिल्ली डिक्लेरेशन में ब्रिक्स देशों ने जंग और टकराव रोकने की कोशिशों को तेज करने की जरूरत बताई। सदस्य देशों ने अंतरराष्ट्रीय विवादों का समाधान बातचीत, आपसी सलाह और कूटनीति के जरिए करने की प्रतिबद्धता दोहराई। किसी भी अंतरराष्ट्रीय विवाद का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांतिपूर्ण ढंग से आपसी बातचीत, सलाह और कूटनीति के ज़रिए ही निकाला जाना चाहिए। घोषणापत्र में पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई गई और सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की गई।

## मोटरसाइकिल-स्कूटी चोर गिरोह के पांच आरोपित गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** विशेष अनुसंधान टीम ने मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करने वाले एक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। टीम ने अब तक 25 चोरी के वाहन बरामद किए हैं और इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। यह जानकारी शनिवार को ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 24 अगस्त को गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 17 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की थीं। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री के नेटवर्क के बारे में अहम जानकारी दी। इसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुसाबनी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी सबूतों, मानवीय जानकारी और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान टीम को सूचना मिली कि मुसाबनी थाना क्षेत्र के कटकी मैदान के पास चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री हो रही है। इस सूचना पर एसआइटी ने घेराबंदी कर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर आठ अन्य चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई। इस तरह दोनों अभियानों में कुल 25 चोरी के वाहन बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य जमशेदपुर शहर समेत अलग-अलग थाना क्षेत्रों और अन्य जिलों से दोपहिया वाहन चुराते थे और ग्रामीण इलाकों में कम कीमत पर बेच देते थे। पुलिस अब गिरोह के पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिक्स सम्मेलन में धमाका करने की धमकी देने का आरोपित धराया

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में धमाके और गुजरात के गांधीनगर स्थित सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी के मामले की जांच अब देवघर तक पहुंच गयी है। गुजरात पुलिस की टीम जांच के सिलसिले में देवघर पहुंची और नगर थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए गुजरात से पहुंची पुलिस टीम और देवघर पुलिस के अधिकारी फिलहाल जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा करने से बच रहे हैं।

### वाहन से कुचलकर व्यक्ति की मौत

**कतरास(नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के कैलूडीह स्थित एसटीजी आउटसोर्सिंग माइंस में शनिवार को भारी वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय मधुसूदन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोर की थी कि उनका शरीर जमीन में दब गया। मृतक पास के बटी कैलूडीह के रहने वाले थे। इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### 15-16 सितंबर को रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** मुगमा और कालूबथान स्टेशनों के बीच सिग्नलिंग मेंटेनेंस कार्य को लेकर 15 और 16 सितंबर को सात घंटे का नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण आसनसोल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रभावित ट्रेनों की जानकारी जारी की है। रेलवे के इस परिचालन बदलाव का उद्देश्य सिग्नलिंग मेंटेनेंस कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा करना है। यात्रियों से अपील की गयी है कि वे स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन के परिचालन और समय की जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

### जंगल में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री साधोबाद गांव के पास ताराटांड़ जंगल में चल रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल में लंबे समय से अवैध तरीके से नकली शराब बनाकर अलग-अलग इलाकों में सप्लाई की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जंगल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट, नामी अंग्रेजी शराब कंपनियों के रैपर, खाली शराब की बोतलें और ढक्कन बरामद किए हैं।

## पलामू पुलिस को मिले 31 आधुनिक वाहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पुलिस की पेट्रोलिंग और मजबूत हो गई है। पलामू के विभिन्न थानों में 31 आधुनिक वाहनों को उपलब्ध कराया गया है। पलामू में 27 प्रशासनिक पुलिस स्टेशन हैं जहां से अपराध और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही आम जनता की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाती है। दरअसल पुलिस मुख्यालय के लिए अब तक 62 आधुनिक वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। पहले चरण में 31 वाहनों का वितरण किया गया था जबकि दूसरे चरण में शनिवार को 31 वाहनों का वितरण किया गया है। पलामू एसपी कपिल चौधरी की मौजूदगी में जिला के सभी थानों को वाहन दिया गया है। पुलिस स्टेशनों को दी गई गाड़ियों में वायरलेस और जीपीएस सिस्टम लगे हैं जिससे पूरे जिले की पुलिस फोर्स आपस में जुड़ी रह सकती है और इमरजेंसी के समय एक-दूसरे की मदद कर सकती है। नए वाहन से नेशनल और स्टेट हाईवे पर पेट्रोलिंग को मजबूत किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मदद पहुंचाने के लिए पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती रहती



है। आधुनिक और अच्छे वाहन होने के बाद पुलिस दुर्घटना के शिकार लोगों तक आसानी से पहुंचेगी और उन्हें मदद करने में सफल होगी। इस दौरान सदर एसडीपीओ राजेश यादव, प्रशिक्षु डीएसपी मृत्युंजय गोप, प्रभारी सार्जेंट मेजर सुरेश राम, टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। पलामू एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के तरफ से दूसरे चरण में 31 वाहन उपलब्ध करवाए गए थे जिन्हें सभी थानों को दिया गया है। पुलिस आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कई बिंदुओं पर कदम उठा रही है। नए वाहन पुलिस की पेट्रोलिंग मजबूत ही साथ ही साथ आम लोगों तक पुलिस आसानी से पहुंच जाएगी।

## चेताडीह एसएनसीयू के पंखे में आग लगने से मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के चेताडीह स्थित मातृत्व-शिशु स्वास्थ्य केंद्र के विशेष नवजात शिशु देखभाल केंद्र (एसएनसीयू) में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से पंखे में आग लग गई। इससे कमरे में तेजी से धुआं भर गया जिससे अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। धुआं भरने की सूचना मिलते ही अस्पताल के कर्मी तुरंत हरकत में आ गए। नवजात बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वहां भर्ती सभी बच्चों को जल्दी से सुरक्षित बाहर निकाला गया। कर्मियों ने बच्चों को धुएं से दूर रखा और उनकी निगरानी शुरू की। समय रहते बच्चों को बाहर निकाल लेने से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के संबंध में डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि आग किस वजह से लगी, इसकी साफ जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि एसएनसीयू में आग लगने की खबर मिलते ही सभी नवजात बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखे गए दो नवजातों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बाकी नवजात सुरक्षित हैं। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत जरूरी कदम उठाए और स्थिति को संभाला। नवजातों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर खास नजर रखी जा रही है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। अस्पताल में बिजली व्यवस्था और उपकरणों की भी जांच हो रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

## हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा मामले में प्रतिदिन होगी सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 मामले की सुनवाई कर रही वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने आज शनिवार को ऑनलाइन सुनवाई की। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में जेएसएससी द्वारा बनाई गई विषयवार एवं कोटिवार संशोधित स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अध्यक्ष जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने शनिवार को स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 से जुड़े शिक्षकों की नियुक्ति मामले की ऑनलाइन सुनवाई की। इस दौरान फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के समक्ष जेएसएससी और सरकार की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं रहे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता ने कमीशन के समक्ष अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को निर्धारित की है। साथ ही 04 अक्टूबर से प्रतिदिन सुनवाई करने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने बताया कि वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के द्वारा 4 अक्टूबर से जो प्रतिदिन सुनवाई होगी उसमें प्रार्थियों के द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई होगी। इधर आगामी 16 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट में सरकार और जेएसएससी द्वारा दाखिल एलपीए पर सुनवाई निर्धारित है जिसपर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा साल 2016 में हाई स्कूल शिक्षकों के 17,786 पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। यह नियुक्ति प्रक्रिया शुरू से ही विवादों में रहा है। लंबी कानूनी लड़ाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी ने 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट और कट ऑफ भी जारी किया था। इस नियुक्ति में जिला एवं राज्य स्तरीय मेरिट के आधार पर नियुक्ति की गई है।

## राधा स्वामी संगठन के 12 लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राधा स्वामी संगठन की आड़ में वाहन, आवास और सुकन्या योजना के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला अब रांची तक पहुंच गया है। गिरिडीह समेत झारखंड के कई जिलों में संगठन के खिलाफ एफआईआर के बाद अब रांची में भी ठगी के शिकार लोगों ने जगन्नाथपुर थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ितों का आरोप है कि योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा देकर उनसे लाखों-करोड़ों रुपये की रकम ली गई लेकिन न वाहन मिला, न आवास और न ही योजना का लाभ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। वाहन की ईएमआई में 40 से 90 फीसदी तक छूट दिलाने, कन्यादान योजना, करोड़पति योजना, एफएमसीजी योजना और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रुपये लेने के आरोप में रांची के जगन्नाथपुर थाने में 12 नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318(4), 316(5), 351(2), 352, 61(2) और 111(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता डॉ. संतोष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में रांची के हटिया स्थित राधास्वामी संगठन के प्रदेश कार्यालय से संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामले की जांच की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर अशोक प्रसाद को दी गई है। एफआईआर में बिनू साहू, शकुंतला कुमारी, दीपक कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, रश्मि कुमारी, अरुण कुमार प्रजापति, मुकेश सिन्हा, अनीषा सिन्हा, जूली सिन्हा, सतीश कुमार शर्मा, काजल श्रीवास्तव और गौरव श्रीवास्तव को नामजद किया गया है। शिकायत में इनमें से अलग-अलग लोगों को संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, केंद्रीय जोनल प्रभारी और सीइओ जैसे पदों पर बताया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार संगठन के पदाधिकारियों ने लोगों को वाहन ईएमआई योजना के बारे में बताया। इसमें वाहन खरीदने वालों को ईएमआई में 40 से 90 फीसदी तक छूट मिलने का भरोसा दिलाया जाता था। इसके अलावा कन्यादान योजना, करोड़पति योजना, एफएमसीजी योजना और छात्रवृत्ति योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को संगठन से जोड़ने का आरोप है।

## गढ़वा थाना प्रभारी के घर में चोरों ने लगायी सेंध

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** गढ़वा के टाउन थानेदार सुनील तिवारी के पलामू स्थित घर में चोरी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस मौके पर पहुंच पूरे मामले में छानबीन कर रही है। सुनील तिवारी झारखंड के चर्चित पुलिस अधिकारियों में से एक हैं और पलामू के रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा में उनका घर है। पलामू में हुई चोरी के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले में छानबीन की जा रही है। इस मामले में पुलिस छापेमारी कर चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि घर से कुछ नकद और जेवरात की चोरी हुई है। चोर सीढ़ी लगाकर घर के अंदर दाखिल हुए थे और घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखी अलमीरा और बक्सा को तोड़ दिया। शनिवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे इलाके में यह चर्चा का विषय बन गई।


## 17 सितंबर को हर बूथ पर दीप जलाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह को संकल्प अभियान के लिए पूरे राज्य का प्रभारी बनाया गया है। शनिवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी मनोज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभियान की विस्तृत जानकारी दी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 14 अलग-अलग बिंदुओं पर कार्य किया जाना है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के



बीच जाएंगे। इस अभियान के तहत वाराणसी से वाडनगर जबकि वाडनगर से वाराणसी तक यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के लिए 10 अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। यह यात्रा झारखंड के चार जिलों से गुजरेगी। एक यात्रा छत्तीसगढ़ के जशपुर से गुमला के इलाके में दाखिल होगी और लोहरदगा, लातेहार और पलामू होते हुए वाराणसी तक जाएगी। वहीं दूसरी यात्रा छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के इलाके से दाखिल होगी और रॉबर्ट्सगंज होते हुए वाराणसी तक जाएगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक-एक बूथ पर जाएंगे और सभी जगह दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। सांसद ने 17 सितंबर को हर एक व्यक्ति को अपने घर में दीप जलाने का आग्रह किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# अवलोकन कक्षा कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालयी गतिविधियों की दी जानकारी

## के. एन. बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** के. एन. बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूऐसी ) के तत्वावधान में एक सप्ताह तक चलने वाली अवलोकन कक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय में जाकर कक्षा संचालन, विद्यालय की दैनिक गतिविधियों, समय सारणी, प्रार्थना सभा समेत विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी देना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को यह बताया गया कि आवंटित विद्यालय में प्रत्येक दिन उन्हें किन-किन गतिविधियों में शामिल होना है तथा अवलोकन के दौरान आवश्यक फाइल का निर्माण और उसका संधारण किस प्रकार किया जाना है। इस प्रशिक्षण से छात्र-शिक्षकों को वास्तविक विद्यालयी वातावरण को समझने और कक्षा में बच्चों के सीखने की प्रक्रिया का करीब से अवलोकन करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि अवलोकन कक्षा प्रशिक्षण छात्र-शिक्षकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे उन्हें यह समझने का अवसर मिलता है कि वास्तविक विद्यालय में कक्षा का वातावरण कैसा होता है और शिक्षक किस प्रकार अलग-अलग क्षमता वाले बच्चों के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा अवलोकन के दौरान यह भी समझने में मदद मिलती है कि कौन बच्चा तेजी से सीख रहा है और कौन बच्चा सीखने में पीछे रह रहा है, ताकि शिक्षक प्रत्येक बच्चे की जरूरत के अनुसार उस पर ध्यान दे सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला प्रशिक्षणार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें विद्यालय की वास्तविक गतिविधियों और कक्षा प्रबंधन की व्यावहारिक समझ भी प्रदान करती है। इससे भविष्य में वे एक बेहतर शिक्षक की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो सकेंगे। कार्यशाला के प्रथम दिन प्रो. बिनोद कुमार सुमन ने प्रशिक्षणार्थियों को अवलोकन कक्षा के दौरान पहले सप्ताह में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समय-सारणी तैयार करने, विद्यालय की दिनचर्या को समझने, सुबह की प्रार्थना सभा में शामिल होने एवं उसे संचालित कराने तथा विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के अवलोकन और संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. शंकर सिंह, प्रो. निलेश लकड़ा सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इनमें अंजली आनंद, आशा कुमारी, ऋषभ कुमार, सत्यदेव कुमार, पवन पांडेय, अदिति टुडू, शर्मिला मुर्मू, अनीता सोरेन, राजेंद्र हांसदा, हेमंत सोरेन, सतीश कुमार, आरती कुमारी, दशरथ कुमार, नीतीश कुमार आदि शामिल थे।

# एसआईआर के नाम पर आम लोगों की बढ़ी परेशानी, प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक के चक्कर काट रहे लोग

## आय, आवासीय और जाति प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे जरूरतमंद, ब्लॉक में कर्मचारी नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बीच आम लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। एसआईआर से जुड़े दस्तावेजों को तैयार कराने के लिए लोग आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां उन्हें संबंधित कर्मचारी ही नहीं मिल रहे हैं। कर्मचारी के कार्यालय में मौजूद नहीं रहने के कारण लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग जरूरी कागजात लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंच रहे हैं। लोगों को उम्मीद रहती है कि कार्यालय पहुंचने के बाद उनका प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन कर्मचारी के नहीं रहने से उनका काम अटक जा रहा है। कई लोगों का कहना है कि एक काम के लिए उन्हें बार-बार ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही है। एसआईआर के नाम पर बढ़ी परेशानी, व्यवस्था पर उठे सवाल एसआईआर अभियान के दौरान प्रशासन की ओर से लोगों से आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने और समय पर उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब प्रमाण पत्र जारी करने वाले कर्मचारी ही कार्यालय में उपलब्ध नहीं होंगे तो आम लोग समय पर अपने दस्तावेज कैसे तैयार कराएंगे। लोगों का कहना है कि आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र केवल एसआईआर के लिए ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की पढ़ाई, छात्रवृत्ति, सरकारी योजनाओं और विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए भी बेहद जरूरी हैं। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों के कार्यालय में नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहने से आम जनता परेशान है। घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने की मजबूरी ब्लॉक कार्यालय पहुंचने वाले लोगों ने बताया कि कई बार सुबह ही कार्यालय पहुंच जाते हैं और संबंधित कर्मचारी का इंतजार करते रहते हैं। काफी देर तक कर्मचारी के नहीं आने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती कि कर्मचारी कब उपलब्ध होंगे और उनका प्रमाण पत्र कब बनेगा। इस स्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों ने कहा कि सरकारी कार्यालय आम जनता की सुविधा के लिए हैं, लेकिन यदि कर्मचारी ही समय पर कार्यालय में उपलब्ध नहीं होंगे तो जनता अपनी समस्या लेकर आखिर कहां जाएगी। वरीय अधिकारियों से व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित वरीय अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए प्रखंड कार्यालय में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण अभियान के दौरान विशेष रूप से प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों के लिए स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### आकांक्षी जिला के हर इंडिकेटर पर हो नियमित निगरानी : सुनील वर्णवाल

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी सह नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के सीईओ सुनील कुमार वर्णवाल ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की। उपायुक्त रामनिवास यादव की मौजूदगी में डीडीसी स्मृता कुमारी ने विभिन्न इंडिकेटर्स की अद्यतन स्थिति से उन्हें अवगत कराया। वर्णवाल ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, पशुपालन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन इंडिकेटर्स में प्रगति कम है, उनके कारणों की पहचान कर माइक्रो प्लान के जरिए सुधार किया जाए। जमुआ की सभी 42 पंचायतों की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में सैम /मेम बच्चों की पहचान एवं उपचार, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा में आधारभूत सुविधाओं, किसानों के लिए माइक्रो इरिगेशन व फसल बीमा तथा पशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता, जनभागीदारी और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। उल्लेखनीय है कि 112 आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में गिरिडीह 77वें तथा झारखंड में एडीपी रैंकिंग में 13वें स्थान पर है।

### 14 सितंबर को सुदिव्य सोनू के आवास पर श्रद्धांजलि सभा

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की स्मृति में 14 सितंबर को उनके आवास पर शोकसभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। सहायक अध्यापक महासंघ के गिरिडीह जिला महासचिव सुखदेव हाजरा ने जिले के सभी सहायक अध्यापकों, विद्यालयों में कार्यरत रसोइया बहनों तथा पोषण सखियों से श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर दिवंगत मंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि सभा 14 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे दिवंगत मंत्री के आवास पर आयोजित होगी। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नारायण महतो भी शामिल होंगे। सुखदेव हाजरा ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू गिरिडीह के कर्तव्यनिष्ठ और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने जिले के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सपना देखा और विभिन्न वर्गों के हितों को लेकर लगातार आवाज उठाई। सहायक अध्यापकों, पोषण सखियों और विद्यालय की रसोइया बहनों के सम्मान एवं कल्याण के लिए उनके प्रयासों को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।

### जनसंघर्ष के संकल्प के साथ माखो में फॉरवर्ड ब्लॉक का संगठन विस्तार, कई लोगों ने थामा लाल झंडा

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेंगाबाद प्रखंड के माखो गांव में रविवार को स्थानीय गरीब एवं ग्रामीणों की बैठक में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक का संगठन विस्तार किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए लोगों ने अपने हक और अधिकार की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। इस दौरान कई लोगों ने फॉरवर्ड ब्लॉक की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की। बैठक की अगुवाई राजेंद्र सिंह, परमेश्वर सिंह एवं गणपत दास ने की। बैठक में ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लोगों का कहना था कि लंबे समय से आम जनता, विशेषकर गरीब और वंचित तबके के लोगों की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में जनहित के सवालों को लेकर संगठित संघर्ष जरूरी हो गया है। बैठक में मौजूद पार्टी के जिला संयोजक सह पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी ज्वलंत समस्याएं रखीं। समस्याओं को सुनने के बाद राजेश यादव ने कहा कि आज जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है, उसके लिए लंबे समय से शासन करने वाली सरकारों की नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय आम जनता को वोट के लिए याद किया जाता है, लेकिन चुनाव के बाद गरीब और आम लोगों की समस्याएं हाशिये पर चली जाती हैं। उन्होंने कहा कि जनता को अपने अधिकारों के लिए खुद संगठित होकर आवाज बुलंद करनी होगी। लाल झंडे के नीचे एकजुट होकर संघर्ष ही मौजूदा परिस्थितियों से बाहर निकलने का रास्ता है।

# सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह के लोकप्रिय विधायक सह झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक एवं असमय निधन पर गिरिडीह चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। एसोसिएशन की ओर से शोक संदेश जारी कर दिवंगत मंत्री के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। एसोसिएशन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से पूरा गिरिडीह क्षेत्र स्तब्ध और शोकाकुल है। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व तथा गिरिडीह के विकास के लिए किए गए उनके प्रयास हमेशा स्मरण किए जाते रहेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनका असमय निधन गिरिडीह के लिए अपूरणीय क्षति है। एसोसिएशन ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन और पीड़ादायक समय में गिरिडीह चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन परिवार उनके साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। शोक संदेश प्रेषित करने वालों में विकास कुमार खेतान, पीके दत्ता, प्रकाश कुमार दत्ता, विकास कुमार बगड़िया, दीपक कुमार सोंथालिया, संजय कुमार शर्मा, ब्रह्मदेव प्रसाद, आकाश रोशन और रौनक सिंह शामिल थे। एसोसिएशन के समन्वयक विकास खेतान सहित सभी सदस्यों ने दिवंगत मंत्री को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विश्वकर्मा पूजा पर 17 सितंबर को खुला रहेगा सर्राफा बाजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्वकर्मा पूजा को लेकर गिरिडीह के सरार्फा व्यवसायियों के बीच साप्ताहिक बंदी को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। सरार्फा संघ, गिरिडीह ने निर्णय लिया है कि 17 सितंबर 2026, गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर नगर के सभी सरार्फा प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। संघ ने इस संबंध में सभी सदस्यों को आधिकारिक रूप से सूचना जारी कर दी है। सरार्फा संघ के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ की ओर से प्रत्येक बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बंदी रखी जाती है। इस कारण इस बार 17 सितंबर को पड़ने वाली विश्वकर्मा पूजा को लेकर व्यवसायियों के बीच यह संशय बना हुआ था कि साप्ताहिक बंदी के तहत प्रतिष्ठान बंद रखे जाएं या पूजा के लिए खोले जाएं। संघ ने स्पष्ट किया है कि विश्वकर्मा पूजा के धार्मिक महत्व और पूजा-पाठ की परंपरा को देखते हुए 17 सितंबर को साप्ताहिक बंदी लागू नहीं रहेगी। इस दिन सरार्फा संघ से जुड़े सभी प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। व्यवसायी अपने अपने प्रतिष्ठानों में विधिवत पूजा पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान कर सकेंगे। अध्यक्ष राहुल बर्मन ने संघ के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को अपने अपने प्रतिष्ठान खोलकर विश्वकर्मा पूजा संपन्न करें।

# समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए निर्देश, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग की अध्यक्षता में शनिवार, 12 सितंबर को जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गणेश चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में महिला अत्याचार, छेड़खानी, दुष्कर्म एवं पोक्सो से संबंधित मामलों पर विशेष फोकस किया गया। लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए 60 दिनों के भीतर कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वर्ष 2026 से पूर्व के लंबित कांडों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने को कहा गया। पुलिस के अनुसार, अगस्त 2026 में जिले के विभिन्न थानों में कुल 289 कांड दर्ज हुए, जबकि 666 कांडों का निष्पादन किया गया। इसी अवधि में 1100 वारंट/कुर्की प्राप्त हुए, जिनमें 1396 का निष्पादन किया गया। वहीं 1067 पासपोर्ट प्राप्त हुए, जबकि 1137 पासपोर्ट का निष्पादन किया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस आयोजित कर स्थानीय अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जमीन विवाद से जुड़े मामलों के समाधान पर भी जोर दिया गया। बैठक में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री वाले स्थानों को चिह्नित कर इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया। संगठित अपराध गिरोह, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सीसीए, थाना हाजिरी एवं गुंडा पंजी में कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा साइबर अपराध से जुड़े लंबित कांडों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, थानों में आम लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समयबद्ध समाधान करने तथा पिछले पांच वर्षों में जेल से बाहर आए अपराधकर्मियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश भी एसपी ने दिया।

# अभिकर्ताओं के हितों को लेकर एलआईसी फेडरेशन ने बनाई नई शाखा कमेटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो ।** एलआईसी अभिकर्ताओं के संगठन ऑल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की हजारीबाग शाखा की बैठक शनिवार को जीवन ज्योति बीमा कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। बैठक में अभिकर्ताओं के हितों, संगठन की मजबूती और शाखा स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन रविंद्र कुमार राय ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अभिकर्ताओं और कार्यालय कर्मियों के बीच बेहतर तालमेल से कार्यों का समय पर निष्पादन किया जा सकता है। इसके लिए आपसी समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान शाखा स्तरीय नई कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। युगल किशोर साहू को अध्यक्ष तथा कृष्ण कुमार पांडे को सचिव चुना गया। अमित कुमार सिंह, बसंत दांगी और शत्रुघ्न कुमार सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं मनोज कुमार रंजन, महेंद्र साव और श्याम किशोर को सह सचिव बनाया गया। रविंद्र कुमार राय को कोषाध्यक्ष तथा रंजीत कुमार पांडे को संगठन सचिव चुना गया। नई कमेटी के पदाधिकारियों का उपस्थित अभिकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने तथा अभिकर्ताओं की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने का भरोसा दिलाया।

# जेपीएससी-सीजीएल मामले पर भाजपा का हल्लाबोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** जेपीएससी सीजीएल मामले को लेकर शनिवार को गिरिडीह में भाजपा ने हेमंत सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ह्ननौकरी चोर गद्दी छोड़ह्न के नारों के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरा गया। प्रदर्शन को लेकर भाजपा नेता और कार्यकर्ता स्टेडियम परिसर में जुटे। यहां से बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर जुलूस निकाला गया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए न्यू समाहरणालय पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ता लगातार हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद रविंद्र राय, जमुआ विधायक मंजू कुमारी, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, महानगर अध्यक्ष रंजीत राय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। न्यू समाहरणालय के समीप युवा मोर्चा के नेताओं ने भी सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। कार्यकर्ताओं ने ह्ननौकरी चोर गद्दी छोड़ह्न के नारे लगाते हुए जेपीएससी सीजीएल मामले में सरकार से जवाब मांगते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। सरकार पर बाबूलाल का तीखा हमला मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला।

# पीरटांड़ में गूंजा सुदिव्य सोनू का नाम, श्रद्धांजलि सभा में भावुक हुए झामुमो कार्यकर्ता






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरटांड़।** दिवंगत झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की स्मृति में शनिवार को पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय के सामने मैदान में झामुमो परिवार पीरटांड़ की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा को झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने संबोधित किया। उन्होंने दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके निधन को झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति बताया। सभा में सुदिव्य कुमार सोनू के व्यक्तित्व, संघर्ष और जनसेवा को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने गिरिडीह के विकास और आम लोगों के हितों के लिए लगातार काम किया। उनकी असमय मृत्यु से पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ आम लोगों में भी गहरा शोक है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान माहौल भावुक रहा। उपस्थित लोगों ने दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभा में झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने किया चुरचू प्रखंड का भ्रमण

## विद्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त हेमंत सती ने आज चुरचू प्रखंड के भ्रमण के क्रम में विभिन्न सरकारी संस्थानों, विद्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं संचालित कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जनहित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा संस्थानों की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### नव प्राथमिक विद्यालय चानो-2 का निरीक्षण

चुरचू प्रखंड जाने के क्रम में उपायुक्त श्री हेमंत सती ने सदर प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, चानो-2 में रुककर विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्रधानाध्यापक से ली। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में कुल 45 विद्यार्थी नामांकित हैं। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति, पोशाक, मध्याह्न भोजन की स्थिति एवं शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके पठन-पाठन एवं विषय संबंधी जानकारी भी ली। उपायुक्त ने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### प्राथमिक विद्यालय सीतागढ़ा का निरीक्षण

आगे भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय, सीतागढ़ा का भी निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में संचालित वीएचएसएनडी कार्यक्रम एवं टीकाकरण की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने दवाइयों एवं टीकाकरण से संबंधित जानकारी सेविका एवं सहायिका से प्राप्त की। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त विद्यालय की कार्यप्रणाली एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्री सुबानी रुंडा की कार्यकुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा से प्रभावित हुए। विद्यालय की ओर से बताया गया कि श्री रुंडा द्वारा विद्यार्थियों को गणित सहित अन्य विषयों की जानकारी सरल एवं नवाचारपूर्ण तरीकों से दी जाती रही है, जिससे बच्चों की पठन-पाठन क्षमता विकसित करने में मदद मिली है। विद्यालय भवन की साफ-सफाई एवं मरम्मत के संबंध में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने बताया कि सखिया पंचायत के मुखिया श्री इम्तियाज आलम के सहयोग से विद्यालय में कई आवश्यक कार्य कराए गए हैं। उपायुक्त ने सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा उन्हें आगे भी समाज एवं विद्यार्थियों के हित में अपना अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया।

### चुरचू प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

चुरचू प्रखंड पहुंचने पर उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने संपूर्ण भवन एवं परिसर का अवलोकन करते हुए परिसर में अधिष्ठापित सोलर लाइट की क्रियाशीलता की जांच की। उन्होंने कार्यरत होमगार्ड जवानों की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा प्रखंड में संचालित एसआईआर कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने अंचल कार्यालय परिसर में स्थित पुराने भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर की सुंदरता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक स्थानों पर पौधरोपण कराने को कहा।

# पुलिस पेट्रोलिंग हेतु 31आधुनिक वाहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला पलामू में पुलिस की पेट्रोलिंग और मजबूत हो गई है। पलामू के विभिन्न थानों में 31 आधुनिक वाहनों को उपलब्ध करवाया गया है। पलामू में 27 प्रशासनिक पुलिस स्टेशन हैं जहां से अपराध और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है और साथ ही आम जनता की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाती है।

**31 वाहनों का और वितरण किया गया**

दरअसल पुलिस मुख्यालय के लिए अब तक 62 आधुनिक वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। पहले चरण में 31 वाहनों का वितरण किया गया था दूसरे चरण में शनिवार को 31 वाहनों का वितरण किया गया है। पलामू एसपी कपिल चौधरी के मौजूदगी में जिला के सभी थानों को वाहन दिया गया है। पुलिस स्टेशनों को दी गई गाड़ियों में वायरलेस और जीपीएस सिस्टम लगे हैं, जिससे पूरे जिले की पुलिस फोर्स आपस में जुड़ी रह सकती है




और इमरजेंसी के समय एक-दूसरे की मदद कर सकती है।

नए वाहन से नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर पेट्रोलिंग को मजबूत किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मदद पहचाने के लिए पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती रहती है। आधुनिक और अच्छे वाहन होने के बाद पुलिस दुर्घटना के शिकार लोगों तक आसानी से पहुंचेगी और उन्हें मदद करने में सफल होगी।

इस दौरान सदर एसडीपीओ राजेश यादव, प्रशिक्षु डीएसपी मृत्युंजय गोप, प्रभारी सार्जेंट मेजर सुरेश राम, टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। पलामू एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के तरफ से दूसरे चरण में 31 वाहन उपलब्ध करवाए गए थे जिन्हें सभी थानों को दिया गया है। पुलिस आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कई बिंदुओं पर कदम उठा रही है। नए वाहन पुलिस की पेट्रोलिंग मजबूत ही साथ ही साथ आम लोगों तक पुलिस आसानी से पहुंच जाएगी।

## धनबाद के विष्णु तेजा ने एसपीई साउथ एशिया पेपर कॉन्टेस्ट में हासिल किया पहला स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक छात्र पी विष्णु तेजा ने संस्थान का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स (एसपीई) के 2026 साउथ एशिया रीजनल स्टूडेंट पेपर कॉन्टेस्ट के मास्टर्स वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस जीत के साथ विष्णु तेजा अब अमेरिका के ह्यूस्टन में होने वाले एसपीई के अंतरराष्ट्रीय फाइनल में भारत और आईआईटी-आईएसएम का प्रतिनिधित्व करेंगे। विष्णु तेजा ने यह उपलब्धि अपने शोध पत्र "सिंथेसिस ऑफ बायो-बेस्ड ज्विटेरियोनिक सर्फैक्टेंट फॉर यूज इन एनहांस्ड ऑयल रिकवरी एट हाई-टेंपेरेचर रिजर्वॉयर कंडीशंस" के लिए हासिल की है। उनका शोध अधिक तापमान वाले तेल भंडारों में उन्नत तेल निष्कर्षण (ईओआर) को बेहतर बनाने के लिए जैव-आधारित ज्विटेरियोनिक सर्फैक्टेंट विकसित करने पर केंद्रित है।

# 17 सितंबर को हर बूथ पर दीप जलाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

### वाडनगर-वाराणसी यात्रा झारखंड के चार जिलों में गुजरेगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह को संकल्प अभियान के लिए पूरे राज्य का प्रभारी बनाया गया है। शनिवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी मनोज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभियान की विस्तृत जानकारी दी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 14 अलग-अलग बिंदुओं पर कार्य किया जाना है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता लोगों



के बीच जाएंगे। इस अभियान के तहत वाराणसी से वाडनगर, जबकि वाडनगर से वाराणसी तक यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के लिए 10 अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। यह यात्रा झारखंड के चार जिलों से गुजरेगी। एक यात्रा छत्तीसगढ़ के जशपुर से गुमला के इलाके में दाखिल होगी और लोहरदगा, लातेहार और पलामू होते हुए वाराणसी तक जाएगी। वहीं दूसरी यात्रा छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के इलाके से दाखिल होगी और रॉबर्ट्सगंज होते हुए वाराणसी तक जाएगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक-एक बूथ पर जाएंगे और सभी जगह दीप प्रज्वलित करेंगे। सांसद ने 17 सितंबर को हर एक व्यक्ति को अपने घर में दीप जलाने का आग्रह किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम में पहुंचीं 110 शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लोगों की शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए रांची पुलिस ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न थानों और ओपी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने थानों में पहुंचने वाले लोगों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि जिलाभर में करीब 110 शिकायतें और आवेदन पुलिस के सामने पहुंचे। इनमें से 70 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। वहीं, 35 मामले जांच के लिए लंबित रखे गए हैं। इसके अलावा पांच मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस कार्यक्रम के दौरान कुछ शिकायतें ऐसी भी सामने आईं, जिन्हें पुलिस ने गंभीर और संवेदनशील माना। इन मामलों में पांच प्राथमिकी दर्ज की गईं, संबंधित मामलों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लंबित शिकायतों की भी जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के लिए एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण, एसपी ट्रैफिक, सभी डीएसपी और थाना प्रभारी अपने-अपने निर्धारित थाना और ओपी में मौजूद रहे। इसका उद्देश्य यह था कि लोगों को शिकायत लेकर अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें और उनकी समस्या सीधे संबंधित पुलिस अधिकारी तक पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतों को सुनने के साथ ही कई मामलों में मौके पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। सामान्य शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि जिन मामलों में जांच की जरूरत थी, उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए रखा गया। ग्रामीण क्षेत्र के थानों में भी लोगों ने जमीन विवाद, आपसी विवाद और अन्य समस्याओं को लेकर पुलिस से शिकायत की।

## राजधानी समेत झारखंड में आज अच्छी बारिश के आसार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्यभर में गुरुवार को अच्छी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद और आसपास के इलाकों में मेघ बरसेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गुरुवार को राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा आदि जिलों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 12 तारीख तक राज्य में मानसून सक्रिय बना रह सकता है।

# 15 दिन में काम शुरू नहीं किया तो संवेदकों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण पेयजल योजनाओं की धीमी रफ्तार को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिन योजनाओं में अब तक काम शुरू नहीं हुआ है, उनमें 15 दिनों के भीतर काम शुरू कराया जाए। तय समय सीमा में काम शुरू नहीं करने वाले संवेदकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करने का निर्देश



दिया गया है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रांची स्थित नेपाल हाउस के विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक की। इस दौरान धनबाद अंचल के तहत आने वाली तेनुघाट बहु-ग्रामीण जलापूर्ति और एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने योजनाओं को जमीन पर तेजी से उतारने और लंबित कार्यों को गंभीरता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। मंत्री ने राज्य स्तर पर एक उच्चस्तरीय टीम गठित कर जलापूर्ति योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण और विस्तृत समीक्षा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केवल कागजी प्रगति के आधार पर योजनाओं का आकलन न किया जाए, बल्कि क्षेत्र में जाकर वास्तविक स्थिति की जांच की जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण को प्राथमिकता देने और ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानने को कहा। जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों का जल्द समाधान करने के भी निर्देश दिए गए।

# बंद क्वार्टर से चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची थाना क्षेत्र के तमरिया रोड स्थित बंद क्वार्टर से सोने-चांदी के गहनों की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात के साथ घटना में इस्तेमाल हथौड़ी और छैनी भी बरामद की गई है। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी और डीएसपी (सिटी) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, 7 सितंबर की दोपहर तमरिया रोड स्थित क्वार्टर नंबर एल-2/27 में रहने वाले सुधांशु आदित्य के घर में घुसकर चोरों ने जेवरात चोरी कर लिए थे। मामले को लेकर 8 सितंबर को साकची





थाना में कांड संख्या 67/2026 दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भुइयांडीह निवासी सुमित दास उर्फ लंगड़ा (25) को गिरफ्तार किया। पूछताछ और उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल उसके साथी मो। जाफर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपितों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7.22 ग्राम की सोने की अंगूठी, 66 ग्राम का सोने का पंजरा (मेहंदी छल्ला), चांदी की पायल, अंगूठी और चांदी का टुकड़ा बरामद किया है। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल की गई हथौड़ी और छैनी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपित सुमित दास का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ साकची और बिष्टुपुर थाना में मामले दर्ज रहे हैं।

# धनबाद समेत राज्य के सभी शहरी निकायों में मीट-मछली दुकानों के लिए एनओसी अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड के शहरी नगर निकाय क्षेत्रों में अब बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के मांस-मछली की दुकानें नहीं चल सकेंगी। मीट प्रोसेसिंग, स्टोरेज, बिक्री अथवा बूचड़खाना संचालन के लिए संबंधित नगर निकाय से एनओसी लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस संबंध में राज्य के सभी शहरी निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। एनओसी के लिए 100 रुपये प्रोसेसिंग शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। आवेदन के उपरांत नगर निकाय की टीम मौके पर जाकर स्थलीय जांच करेगी। टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही एनओसी जारी करने पर निर्णय लिया जाएगा। एनओसी केवल उन्हीं को मिलेगी, जिनकी दुकानें या बूचड़खाने निकाय द्वारा निर्धारित स्थल के दायरे में होंगे। दुकानदारों व संचालकों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के स्वच्छता मानकों और बूचड़खाने से जुड़े नियमों



का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।


शेल्टर हाउस और वध स्थल के लिए भी कड़े नियम निकाय अपनी सीमा के भीतर जानवरों के वध का स्थान तय करेंगे। शेल्टर हाउस के लिए यह शर्त तय की गई है कि वह मांस बाजार से जुड़ा हो, लेकिन सब्जी, मछली या अन्य खाद्य बाजारों से दूर होना चाहिए। इसके अलावा स्थल का ऊंची व स्वच्छ जगह पर होना आवश्यक है, जहां बदबू, धुआं, धूल या गंदगी न हो। नगर निकाय द्वारा स्थान तय किए जाने के बाद किसी अन्य स्थल पर बिक्री के लिए पशु काटना गैर-कानूनी माना जाएगा।

# चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या पर प्रलेस और इप्टा ने जताया आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) की नई कार्यकारिणी एक्शन मोड में है। संघ और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिल्ली में मणिपुरी कलाकार चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा केंद्र और दिल्ली सरकार के प्रति आक्रोश जताया।

प्रलेस सचिव अशोक समदर्शी और नवादा इप्टा अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रगतिशील मिजाज के संस्कृतिकर्मियों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंताजनक है। पूर्वोत्तर राज्यों के लोक कलाकारों



और नागरिकों के साथ भेदभाव की घटनाएं महज संयोग नहीं, बल्कि नफरत और हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत हैं। प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू विश्वकर्मा ने कहा कि चोंगथाम विक्रम सिंह केवल संगीतकार नहीं थे, बल्कि मणिपुर के सांस्कृतिक इतिहास और रॉक संगीत परंपरा के शुरुआती एवं सम्मानित कलाकारों में शामिल थे। उनकी हत्या ने देश के संस्कृतिकर्मियों को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रलेस और इप्टा के नेताओं ने हत्या के जिम्मेदार अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा पूर्वोत्तर के नागरिकों को सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की है। संस्कृतिकर्मियों ने लेखकों, कवियों, कलाकारों और प्रगतिशील विचारधारा से जुड़े लोगों से ऐसी घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया।

# मानववाद से होगी समाज में सुख, शांति और समृद्धि : ऊषा सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मानववादी संगठन अर्जक संघ नवादा का छठा जिला सम्मेलन जिला संयोजक राम सहाय प्रसाद की अध्यक्षता में गोनावां स्थित बंधन मैरेज हॉल में की गई। सम्मेलन का संचालन संघ के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र पथिक ने की। सम्मेलन की शुरुआत ब्रह्मदेव प्रसाद द्वारा संविधान की प्रस्तावना से हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि ऊषा सिंह ने कहा कि मानववाद से ही देश और समाज में सुख, शांति और समृद्धि स्थापित होगी। इसके लिए अर्जक संघ अपने स्थापना काल 1968 से ही प्रयासरत है। इसके लिए संघ ने मानववादी विचार , आचार, संस्कार और त्यौहार प्रतिपादित कर दिया है।




लोग इसे अपना भी रहे हैं। समाज में बराबरी लाने लिए खान–पान, उठन बैठन और बोल चाल में समता लाना आवश्यक है।

इसके लिए अर्जक साहित्य की रचना भी की गई है। उन्होंने महिला उत्थान पर विशेष जोर देते हुए पितृ सत्ता को भी चुनौती दी और कहा कि महिला और पुरुष दोनों को बराबरी का दर्जा देने एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी है। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए परमेश्वर मंडल ने कहा कि सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक समानता के लिए अर्जक संघ सक्रिय है। बिहार में संगठन का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, राम स्वरूप वर्मा, शहीद जगदेव प्रसाद, ललई सिंह यादव, चौधरी महराज सिंह भारती आदि अर्जक विचारकों के नीति रीति को अपनाने पर बल दिया।

सम्मेलन को संघ के नेता ब्रह्मदेव प्रसाद, किशोरी शरण, उपेन्द्र पथिक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद प्रभाकर, बसंत वर्मा, श्वेता कुमारी, अनामिका कुमारी, सुमित्रा सिन्हा, नंदकिशोर प्रसाद, महेंद्र यादव, कमलेश कमल, भुवनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, इंद्रदेव प्रसाद, जगदीश प्रसाद बैजनाथ प्रसाद लक्ष्मण प्रसाद, डॉ किशोरी प्रसाद, जयपाल कुमार आदि अर्जक वक्ताओं ने कहा कि अर्जक संघ के द्वारा प्रतिपादित मानववादी विचार, आचार, संस्कार और त्यौहार को अपनाकर ही समाज में शांति, सुख और समृद्धि प्राप्त किया जा सकता है। वक्ताओं ने श्रम को महत्ता देने, श्रमशील कौमों को एकत्रित करने और उनकी उन्नति का पथ प्रशस्त करने पर बल दिया। साथ ही वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की वकालत की। सम्मेलन में गायक सुरेन्द्र प्रसाद ने अपने गायन के माध्यम से अर्जक रीति नीति को अपनाने पर जोर दिया। अर्जक संघ के मिशन को आगे बढ़ाने वाले अर्जकों को इस सम्मेलन में अंगवस्त्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत क राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी आर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों " सिंगल पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।
(i) निविदा संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-09-Open-2026-27 दिनांक:10.09.2026 (ii) कार्य का नाम,स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद कोंचिग डिपों मं तीन साल की अवधि के लिए LHB कोचों में लगे न्यूमैटिक प्रेशराइज्ड फलशिंग सिस्टम (PPFS) और इलेक्ट्रो न्यूमैटिक प्रेशराइज्ड फलशिंग सिस्टम (EPPFS) वाले कोचों (वारंटी खत्म होने वाले और वारंटी के तहत आने वाले कोचों की समय–समय पर होने वाली मेंटेनंस) का काम, और साथ ही 3 साल के लिए DHN कोंचिग डिपों में LWACCW, LWACCN, LWACCNE, LWSCN, LWS/LS और LWSCZAC प्रकार के LHB कोचों में एपॉक्सी फलोरिंग की सप्लाई और उसे लगाने का काम। कार्य समापन अवधि – 03 वर्ष, (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹4,25,85,044.16 (चार करोड़ पच्चीस लाख पचासी हजार चौवालीस रूपये और सोलह पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹8,51,700 (आठ लाख इक्यावन हजार सात सौ रूपये मात्र), (v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 01.10.2026 को 17:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 01.10.2026 को 17:30 बजे। (vii) वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0900/डीएचएन/यां/टी/26–27/44

# पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-1 की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 का शनिवार को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम, रांची में सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में पावरग्रिड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमों और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल कर्मचारियों में अनुशासन, टीम भावना, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करता है। प्रतियोगिता







का उद्देश्य पावरग्रिड कर्मचारियों के बीच खेल भावना, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। पुरुष टीम वर्ग में नॉर्थ वेस्टर्न रीजन ने विजेता का खिताब हासिल किया। नॉर्थ ईस्टर्न रीजन प्रथम उपविजेता और कॉरपोरेट सेंटर द्वितीय उपविजेता रहा। महिला टीम वर्ग में कॉरपोरेट सेंटर विजेता बना। वेस्टर्न रीजन-II प्रथम उपविजेता और वेस्टर्न रीजन-I द्वितीय उपविजेता रहा। पुरुष एकल में नॉर्थ वेस्टर्न रीजन के हिमांशु विजेता रहे, जबकि इसी क्षेत्र के मनीष जरवाल प्रथम उपविजेता और नॉर्थ ईस्टर्न रीजन के रितेश कुमार बलियारसिंह द्वितीय उपविजेता रहे। पुरुष युगल में नॉर्थ वेस्टर्न रीजन के हिमांशु और मनीष जरवाल की जोड़ी ने खिताब जीता। कॉरपोरेट सेंटर के अर्पित अग्रवाल और डी. हरि किशोर प्रथम उपविजेता तथा नॉर्दर्न रीजन-I के प्रदीप कुमार दास और संकेत रविंद्र हातेकर द्वितीय उपविजेता रहे। महिला एकल में नॉर्थ ईस्टर्न रीजन की प्रणामी बोरा विजेता रहीं। कॉरपोरेट सेंटर की निशि राठौर प्रथम उपविजेता और वेस्टर्न रीजन-II की हिमानी कुमार द्वितीय उपविजेता रहीं। महिला युगल में कॉरपोरेट सेंटर की किरण और निशि राठौर की जोड़ी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। कॉरपोरेट सेंटर की आदित्य पालीवाल और सुप्रिया पाणिग्रही की जोड़ी प्रथम उपविजेता तथा नॉर्दर्न रीजन-III की गीतांजलि वर्मा और कल्पना रानी की जोड़ी द्वितीय उपविजेता रही। समापन समारोह में खिलाड़ियों और आयोजकों में उत्साह का माहौल रहा। प्रतियोगिता ने पावरग्रिड कर्मचारियों को खेल के माध्यम से आपसी जुड़ाव और टीम भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

# विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन, 30 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की देखरेख प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। संगोष्ठी में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कुल 30 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों का चयन लिखित परीक्षा, व्याख्यान एवं पोस्टर प्रस्तुति के आधार पर किया गया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में उपेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, आशा मिश्रा, दीक्षित राज एवं पप्पू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के ऋषिकेश कुमार ने प्रथम, गायत्री कुमारी ने द्वितीय, बाला बिगहा विद्यालय के सबना प्रवीण ने तृतीय, महुली विद्यालय की अदिति राज ने चतुर्थ तथा अमझर शरीफ विद्यालय के कादिल अंसारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में हसपुरा प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी के अनुसार विद्यालय स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन 21 अगस्त को किया गया था। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया। प्रखंड स्तर से चयनित प्रतिभागी 21 सितंबर को होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में भाग लेंगे। इसके बाद 30 सितंबर को प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# बाइक सवार दंपत्ति को ट्रॉली ने कुचला

## गंगा स्नान के बाद लौट रहे थे घर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। सिमरिया धाम में गंगा स्नान कर बाइक से अपने घर लौट रहे पति-पत्नी की रोसड़ा थाना क्षेत्र में ट्रॉली वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रॉली लेकर बेगूसराय की ओर भाग निकला, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे बेगूसराय जिले के खोदावंदपुर थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया। घटना एसएच-55 पर रोसड़ा के पंचवटी चौक के समीप हुई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।

मृतकों की पहचान दरभंगा जिले के बहेड़ा निवासी करीब 40 वर्षीय राधेश्याम मंडल और उनकी पत्नी माला देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों पति-पत्नी बाइक से बेगूसराय के सिमरिया धाम में गंगा स्नान करने आए थे। स्नान के बाद दोनों बाइक से अपने घर बहेड़ा लौट रहे थे।

इसी दौरान रोसड़ा के पंचवटी चौक के पास ट्रॉली वाहन की चपेट में उनकी बाइक आ गई। हादसे में दोनों की जान चली गई।

दुर्घटना के बाद ट्रॉली चालक वाहन लेकर बेगूसराय की दिशा में फरार हो गया। रोसड़ा पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना आसपास के थाना क्षेत्रों को दी। सूचना मिलते ही खोदावंदपुर पुलिस सक्रिय हो गई और क्षेत्र में वाहन जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बाड़ा पैठिया के समीप दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली को चालक सहित पकड़ लिया। हालांकि, वाहन का खलासी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बाद में यातायात पुलिस समस्तीपुर के पुअनि प्रदीप कुमार हिरासत में लिए गए चालक और दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली को अपने साथ समस्तीपुर ले गए।

दंपती की मौत से आक्रोशित लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर कुछ समय के लिए एसएच-55 पर यातायात बाधित कर दिया। इससे बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। पुलिस के हस्तक्षेप और समझाने के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया तथा यातायात सामान्य हुआ।

# गंगा में चार डूबे, एक की गयी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दानापुर नगर स्थित नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर कुश दान पूजा के दौरान गंगा में स्नान करने गए चार दोस्तों में से तीन को स्थानीय नाविकों और लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया, जबकि एक युवक तेज धारा में बह गया। डूबे युवक की पहचान खगौल थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी सूरज कुमार चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र आयुष्मान उर्फ आयुष के रूप में हुई है।

घाट पर मौजूद परिजनों ने बताया कि खगौल से ऑटो रिजर्व कर कुछ महिलाएं इन युवकों के साथ कुश दान पूजा के लिए नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पहुंची थीं। इसी दौरान आयुष गंगा में स्नान करने लगा। तभी वह पानी की तेज धार में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीन दोस्त रोहित, आदित्य और सन्नी गंगा में कूद पड़े। लेकिन वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

चारों युवकों को डूबते देख घाट पर मौजूद महिलाओं ने साड़ी फेंककर उन्हें बचाने का प्रयास किया, मगर प्रयास व्यर्थ रहा। इसी दौरान स्थानीय नाविकों ने मौके पर पहुंचकर आदित्य, सन्नी और रोहित को काफी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाल लिया, लेकिन आयुष गंगा की तेज धारा में बह गया और डूब गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दानापुर एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि फक्कर महतो घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक युवक डूब गया, जबकि तीन अन्य युवकों को नाविकों ने बचा लिया। डूबे युवक की तलाश की जा रही है।

# गांवों में हाथियों के झुण्ड से लोग हलकान

## समूहों में बंटकर पहुंचाते हैं क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड की कुम्हरलालो और पालगंज पंचायत के विभिन्न गांवों में करीब 30 हाथियों का झुंड लगातार भारी उत्पात मचा रहा है। हाथियों के इस दल ने खेतों में लगी धान की फसल को रौंदकर किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। दिन के समय हाथियों का दल जंगल की ओर चला जाता है, लेकिन शाम होते ही बस्तियों में पहुंचकर तबाही मचाता है। इसके चलते क्षेत्र के ग्रामीण भय और दहशत के माहौल में रात बिताने को विवश हैं।

ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का यह झुंड तीन से चार समूहों में विभाजित हो जाता है। अलग-अलग दिशाओं में हाथियों के निकल जाने से वन विभाग की टीम को उन्हें खदेड़ने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वनकर्मी जब एक स्थान से हाथियों को जंगल की तरफ भगाते हैं, तभी दूसरे मोहल्ले या टोले में उनके पहुंचने की खबर मिल जाती है। इसके बाद वन विभाग को तुरंत उस नए इलाके में पहुंचना पड़ता है।

## बार-बार हमले से लोग भयभीत

हाथियों के बार-बार हमला करने से ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई है। ग्रामीण सुबह होते ही रात के लिए मशाल तैयार करने, पटाखों का प्रबंध करने और टॉर्च जैसी रोशनी की व्यवस्था करने में जुट जाते हैं। ग्रामीणों को हर पल यह चिंता सताती है कि रात में हाथियों का झुंड किस दिशा से आकर हमला कर दे। शाम होते ही लोग अपने घरों के पास चौकन्ने हो जाते हैं। हाथियों के डर से लोग शाम के बाद घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक पीरटांड़ के इन क्षेत्रों से हाथियों का दल वर्षों से गुजरता रहा है। आमतौर पर हाथी कुछ समय बाद अन्य जंगलों की ओर चले जाते थे, लेकिन इस बार हाथियों का झुंड लंबे समय से कुम्हरलालो और पालगंज पंचायत के आसपास ही ठहरा हुआ है। पूर्व में भी हाथियों के हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि केवल खदेड़ने से समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने वन विभाग तथा प्रशासन से हाथियों को रोकने की ठोस योजना बनाने, प्रवेश को रोकने और फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# पूजा समितियों ने वित्त मंत्री को दिया महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से शनिवार को अशोक नगर स्थित उनके आवास पर श्री गणेश पूजा समिति, डोरंडा और अमर क्लब गणेश पूजा समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने उन्हें महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया।

मंत्री ने निमंत्रण के लिए समिति के सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गणेश पूजा आपसी भाईचारे, उत्साह और उल्लास का पर्व है। उन्होंने भगवान गणेश से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। साथ ही कहा कि भगवान गणेश की कृपा सभी पर बनी रहे और हर परिवार में खुशहाली आए।

# पानी के अभाव में छात्राओं को दी गयी छुट्टी

**बक्सर।** पुराना सदर अस्पताल परिसर स्थित राजकीय जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में बीते 18 अगस्त से शिक्षण-प्रशिक्षण पूरी तरह ठप है। कारण दिलचस्प है, परिसर में पानी की मोटर खराब हो गई है, साथ ही शौचालय की टंकी जाम हो गई है। संस्थान के पास इतना पैसा नहीं था कि तत्काल इसे ठीक करा सके। इसलिए स्कूल को बंद करते हुए यहां पढ़ने वाली 143 छात्राओं को घर जाने के लिए कह दिया गया। यह आवासीय शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान है। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि बीच की अवधि में 25 अगस्त को विद्यार्थी सहयोग शिविर के लिए छात्राओं को यहां बुलाया गया, लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्हें फिर छुट्टी दे दी गई। इसके बाद से छात्राएं अपने घर पर ही हैं। मामला इतने से ही नहीं रुका, ठीक बगल में स्थित सरकारी पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट के 40 बच्चों को भी पानी की मोटर जलने के कारण करीब एक सप्ताह से छुट्टी दे दी गई है।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने महादलित टोले में मनाया जन्म दिन

## बच्चों के बीच बांटी पठन-पाठन सामग्री

### बच्चों के खिले चेहरे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के परसा पंचायत अंतर्गत बेलहर महादलित टोला में कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन सामाजिक सरोकार और सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महादलित टोले में रहने वाले बच्चों के बीच कॉपी, कलम एवं टॉफी का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजेश राम के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यकताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर को जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों के बीच मनाना समाज में सकारात्मक संदेश देता है। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। कॉपी, कलम एवं ट्रॉफी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, राजीव कुमार झा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ समय बिताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवविवाहिता लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के तुर्की थाना क्षेत्र के मोहनपुर मुरौल में एक महिला ने अपनी बेटी के साथ मारपीट करने, बंधक बनाने और उसके बाद उसे गायब करने को लेकर जमकर बवाल किया है। बेटी के गायब किए जाने की शिकायत को लेकर पीड़िता की मां ने तुर्की थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया है। वहीं, इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग ससुराल पक्ष के लोगों के दरवाजे पर पहुंचे और जमकर बवाल व हंगामा किया। इस जानकारी के बाद मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। नवविवाहिता की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गुदरी निवासी नैना कुमारी (उम्र करीब 17 वर्ष), पति राकेश कुमार, के रूप में हुई है।

# अनियंत्रित कार ने ट्रक में मारी ठोकर, दो की गयी जान



**किशनगंज।** जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। नेशनल हाईवे पर कार और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह कोचाधामन थाना क्षेत्र के टीटीहा पुल के पास नेशनल हाईवे पर एक उत्तर प्रदेश नंबर की तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह टूट गई। इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी कोचाधामन थाना की पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे वाली गाड़ी जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोचाधामन के थाना अध्यक्ष इजहार आलम ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने पीछे से चलती ट्रक को टक्कर मारी थी।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले पार्षद की गोली मारकर हत्या

**सीतामढ़ी।** जिले के डुमरा थाना क्षेत्र अंतर्गत केथरिया रामपट्टी गांव में शनिवार सुबह अपराधियों ने जिला पार्षद प्रतिनिधि बैद्यनाथ महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। बैद्यनाथ महतो जिला परिषद क्षेत्र संख्या-13 की पार्षद खुशदील देवी के पति थे। घटना सुबह करीब छह बजे की है, जब वे रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। श्मशान घाट के पास बने एक बैठका में दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए अंधाधुंध आठ गोलियां मार दीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम को स्थानीय ग्रामीणों के भीषण आक्रोश का सामना करना पड़ा। घटनास्थल पर करीब 400 पुलिस जवानों की मौजूदगी के बावजूद उग्र ग्रामीणों ने पुलिस बल को खदेड़ दिया। इस हिंसक झड़प में लगभग आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, जिनमें से एक पुलिसकर्मी की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात और पुलिस पर हुए हमले के बाद से पूरे इलाके में स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण बनी हुई है।

# जर्जर सड़क निर्माण की मांग को ले युवक चढ़ा टॉवर पर

## लंबे समय से जर्जर है गांव की मुख्य सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर प्रखंड की पकड़ी पंचायत स्थित बड़ा बैजनाथ गांव में एक अजब-गजब मामला सामने आया है। यहां जर्जर सड़क की समस्या को लेकर विरोध जताने के लिए एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसकी मांग थी कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, वह नीचे नहीं आएगा। टावर पर चढ़ने वाले युवक की पहचान कृष्णा पासवान के रूप में हुई है। घटना की खबर लगते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आनन-फानन में अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान युवक अपनी मांग पर अड़ा रहा कि जब तक सड़क की समस्या से निजात नहीं मिलेगी, तब तक वह नीचे नहीं आएगा। ग्रामीणों के अनुसार, गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से पूरी तरह जर्जर हालत में है। इसके कारण बरसात में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। टावर पर चढ़ने वाले युवक कृष्णा पासवान का कहना है कि उसने इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो नाराज होकर कृष्णा पासवान को गांव के ही मोबाइल टावर पर चढ़ना पड़ा। वहीं, टावर पर युवक को देख गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान ग्रामीण लगातार युवक से नीचे उतरने की अपील करते रहे।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। मौके पर मोतीपुर के इंस्पेक्टर अरविंद कुमार गुप्ता और बरुराज थाना के थानाध्यक्ष कुनाल कुमार कश्यप के साथ पुलिस टीम पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। मामले पर बीडीओ ने कहा कि 'नौजवानों से मेरी अपील है कि कोई भी ऐसा कदम उठाने से पहले एक बार प्रशासन को जरूर बताएं। आज नेटवर्क का जमाना है, आप तुरंत फोन करके सूचना दे सकते हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सड़क पंचायत स्तर की नहीं, बल्कि विभागीय सड़क है। इस सड़क की निर्माण रिपोर्ट संबंधित विभाग के साथ-साथ डीएम और एसडीएम को भेजी जाएगी और वहां से जो भी दिशा-निर्देश आएगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गोलियों की आवाज से सहमे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** कासिम बाजार थाना क्षेत्र स्थित बेटवन बाजार में शुक्रवार की रात शराब की महफिल अचानक उस वक्त दहशत और अफरा-तफरी में बदल गई, जब नशे में धुत निजी बैंक के कर्मियों ने सुरक्षा गार्ड की बंदूक से खिड़की की राह अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं।

रिहायशी इलाके में लगातार हो रही ठांय-ठांय की आवाज से आसपास के लोग सहम गए और पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों से मिली गुप्त सूचना पर कासिम बाजार थाना पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर छापेमारी की और मौके से निजी बैंक के चार कर्मियों समेत कुल पांच लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल से पुलिस ने छह खाली खोखे और बैंक सुरक्षा गार्ड की लाइसेंसी दोनाली बंदूक जब्त की है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को बैंक बंद होने का फायदा उठाकर बेटवन बाजार निवासी अंकित कुमार उर्फ बिट्टू के किराए के कमरे पर पार्टी आयोजित की गई थी। इस पार्टी के लिए आईसीआईसीआई बैंक शाखा में सुरक्षा गार्ड के पास रहने वाली दोनाली बंदूक को किसी तरह कमरे पर लाया गया था।

# नगर निगम पितृपक्ष मेला में करेगा इत्र का छिड़काव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नगर निगम के सभागार में शनिवार को मेयर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में पितृपक्ष मेला को लेकर नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, रोशनी और पेयजल की बेहतर व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

मेयर ने कहा कि पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लाखों तीर्थयात्री और पिंडदानी गयाजी पहुंचेंगे। ऐसे में तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए नगर निगम पूरी तरह तैयार रहेगा।

सनातन धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है और गयाजी की पहचान भी पितृपक्ष से जुड़ी है। मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कराई जाएगी। मेला क्षेत्र में हर समय सफाई पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि तीर्थयात्रियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त डा. गगन, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार, सारिका कुमारी, उपेंद्र कुमार सिंह, चुन्नू खान सहित अन्य मौजूद थे।

मेले के दौरान रोशनी की व्यवस्था को लेकर सात टीमों का गठन किया गया है।

ये टीमें मेला क्षेत्र में खराब पड़े स्ट्रीट लाइट, तिरंगा लाइट और रोपवे लाइन को दुरुस्त करने का काम करेंगी। जरूरत पड़ने पर नए लाइट भी लगाए जाएंगे। नगर निगम का प्रयास है कि मेला क्षेत्र रात में भी पूरी तरह रोशन रहे, ताकि तीर्थयात्रियों को आने-जाने में परेशानी न हो। मेयर ने कहा कि सफाई, रोशनी और पेयजल मेला क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं हैं और इनमें किसी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाढ़ के तेज बहाव में युवक डूबा, तलाश में जुटी एसडीआरएफ



**छपरा (सारण)।** सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी नेहाला टोला गांव के समीप रविवार को बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक के डूबने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। हादसे के बाद युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगही कॉलोनी निवासी वीरेंद्र राय का 20 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार अपने पुराने घर नेहाला टोला जा रहा था। इसी दौरान वह बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बह गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी में युवक की तलाश करने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। टीम द्वारा बाढ़ के पानी में लगातार खोजबीन की जा रही है।

# एम्बुलेंस से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर की टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मारुति सुजुकी ईको एम्बुलेंस से 388 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब को एम्बुलेंस में बनाए गए गुप्त तहखाने में छिपाकर हरियाणा से पटना ले जाया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने एम्बुलेंस सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। सूचना मिलने के बाद विभाग ने जाल बिछाकर रतनपुर यात्री शेड के पास वाहन को पकड़ा। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को सूचना मिली थी कि हरियाणा से एम्बुलेंस के जरिए बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर उनके निर्देश पर निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम में अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा और सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा भी शामिल थे। टीम ने आरा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रतनपुर यात्री शेड के समीप बक्सर-पटना फोरलेन पर संदिग्ध एम्बुलेंस को रोक लिया।

वाहन की तलाशी के दौरान टीम को एम्बुलेंस के अंदर एक गुप्त तहखाना मिला। इसी छिपे हुए हिस्से में अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप रखी गई थी। जांच के बाद कुल 388 लीटर शराब बरामद की गई। शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस को भी जब्त कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में खेप को हरियाणा से पटना ले जाने की बात सामने आई।मामले में एम्बुलेंस चालक अजय, पिता खेमचंद, निवासी हसनगढ़, थाना सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। उसके साथ दिनेश, पिता स्व. राकेश, निवासी चुलियाणा, थाना रोहतक, हरियाणा को भी पकड़ा गया। तीसरे आरोपित की पहचान गोपाल, पिता स्व. पृथ्वी सिंह, निवासी हसनगढ़, थाना सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा के रूप में हुई है। तीनों से पूछताछ के बाद शराब की खेप के पटना पहुंचाए जाने की जानकारी सामने आई।

# सिल्क सिटी के बुनकरों के समक्ष छायी रोजी-रोटी की समस्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सिल्क सिटी भागलपुर के प्रमुख बुनकर इलाके नाथनगर और चंपानगर में बाढ़ ने बुनकरों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर दिया है। घरों से लेकर पावरलूम कारखानों तक में पानी घुसने से करीब 800 पावरलूम बंद हो गए हैं।चंपानगर के वार्ड संख्या एक से चार तक अहमदनगर, मदनीनगर, बाबूटोला, बोरिंग वाड़ी, हकीम शाह लेन और घाट किनारा मस्जिद लेन की गलियों में चार से पांच फीट तक पानी है।

300 से अधिक घर बाढ़ की चपेट में हैं। घरों के अंदर भी तीन से चार फीट पानी जमा है। जिन इलाकों में दिन-रात पावरलूम की खटखट सुनाई देती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है।

बुनकरों के अनुसार एक पावरलूम पर करीब 30 हजार रुपये का धागा लगा रहता है। बड़ी मात्रा में धागा और तैयार सिल्क कपड़ा पानी में खराब हो गया है।

करीब 50 लाख रुपये के धागे के नुकसान का अनुमान है। मशीनों के मोटर और अन्य उपकरण भी पानी में डूबने से खराब होने की आशंका है।

अधिकांश बुनकर महाजनों से धागा लेकर कपड़ा तैयार करते हैं। तैयार माल के आधार पर उन्हें मजदूरी मिलती है। अब धागा और कपड़ा बर्बाद होने से उनके सामने महाजनों का कर्ज चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। बाढ़ ने उनकी जमा पूंजी के साथ काम का जरिया भी छीन लिया है।

पार्षद गुलाम हैदर ने बताया कि पानी उतरने के बाद भी परेशानी कम नहीं होगी। एक पावरलूम के मेंटेनेंस में करीब 10 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। 800 पावरलूम के हिसाब से यह राशि करीब 80 लाख रुपये होगी। आर्थिक संकट से जूझ रहे बुनकरों के लिए इतनी राशि जुटाना मुश्किल है।

दुगार्पूजा, दीपावली और छठ से पहले सिल्क की मांग बढ़ने की उम्मीद में बुनकरों और कारोबारियों ने कपड़ा तैयार किया था। बाढ़ से उत्पादन और आपूर्ति दोनों ठप हैं। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से तैयार माल बाहर भेजना मुश्किल हो गया है। कई आर्डर रद होने की स्थिति में हैं। पार्षद गुलाम हैदर, नेजाहत अंसारी और अलीम अंसारी ने सरकार से बुनकरों के नुकसान का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। उन्होंने उद्योग विभाग से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की।

बुनकरों के अनुसार धागा, तैयार कपड़ा, मशीनों और उपकरणों के नुकसान तथा मेंटेनेंस का खर्च जोड़ने पर चंपानगर क्षेत्र में नुकसान दो करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने का अनुमान है।

# लगेंगे स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** शहर को जल्द ही सालों पुरानी जाम की गंभीर समस्या से मुक्ति मिलने जा रही है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर आधुनिक स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी आधिकारिक जानकारी साझा की है। सांसद ने बताया कि शहर के लहेरियासराय, दरभंगा टावर चौक, दोनार, कादिराबाद, मिजार्पुर और बेता चौक जैसे प्रमुख चौराहों पर अत्याधुनिक स्मार्ट ट्रैफिक लाइटें (रेड, येलो, ग्रीन) लगाई जा रही हैं। इसके साथ ही सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए हाई-टेक सर्विलांस कैमरे भी स्थापित किए जा रहे हैं। अत्याधुनिक ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम शुरू होने से चौराहों पर रोजाना लगने वाली वाहनों की लंबी कतारों और भागमभाग से लोगों को निजात मिलेगी। इससे यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित होगी। आधुनिक कैमरों और ई-चालान व्यवस्था लागू होने से सड़कों पर सुरक्षा और अनुशासन बढ़ेगा, जिससे आम नागरिकों का सफर अधिक सुरक्षित बनेगा।

# निरंजन सिंह बने जदयू के जिला महासचिव, बधाईयों का लगा तांता



**छपरा/एकमा (सारण)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सारण जिला संगठन में मांझी इलाके के फुलवरिया गांव निवासी निरंजन सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। इस आशय का मनोनयन पत्र सौंपते हुए मांझी विधायक रणधीर सिंह ने निरंजन सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जदयू सारण जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह 'विकल' की ओर से जारी मनोनयन पत्र में निरंजन सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किए जाने की जानकारी दी गई है। पत्र में उनके कार्यकुशलता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही गई है। साथ ही उम्मीद जताई गई है कि वे पार्टी के कार्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि निरंजन सिंह के अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। निरंजन सिंह के मनोनीत होने पर एकमा-भट्टोली निवासी व वरिष्ठ जदयू नेता राजीव कुमार शर्मा सहित पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों में भी खुशी का माहौल है। कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को गांव-पंचायत से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# मजबूत बूथ वाले क्षेत्र में जदयू के चुनाव लड़ने की तैयारी : श्रवण कुमार

## मिर्जापुर में जेडीयू का मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता एवं यूपी संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि यूपी में जेडीयू 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी जिन विधानसभा सीटों पर पार्टी की बूथ कमेटियां मजबूत हैं, उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जाएगी। गठबंधन के संबंध में उन्होंने कहा कि किस पार्टी के साथ गठबंधन होगा, इसका निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। उन्होंने बताया कि बनारस में 24, 25 और 26 तारीख में से किसी एक दिन प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अन्य मंत्री शामिल होंगे। वे शनिवार को चुनार विधानसभा क्षेत्र के कैलाहट स्थित हंसराज मैरिज हॉल में आयोजित जदयू का मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।

**सदस्यता अभियान को तेज करें : प्रदेश अध्यक्ष**


प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल कमेटियां तैयार कर प्रदेश कार्यालय में आवेदन देने तथा संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**बिहार की तर्ज पर यूपी में भी होगा विकास कार्य: प्रदेश उपाध्यक्ष**

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि 2027 की तैयारी के लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाएं तथा सदस्यता अभियान को गति दें। आगे कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और सुशासन की तर्ज पर यूपी में भी अवसर मिलने पर जनहित में कार्य किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतला प्रसाद ने की जबकि आयोजक जेडीयू मिर्जापुर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल उर्फ गुड्डू पटेल रहे। संचालन प्रदेश महासचिव भैया हरि शंकर पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि जेडीयू उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल रहे।

# 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार 13 से 18 सितंबर 2026 तक दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे। वे कल नई दिल्ली से केपटाउन के लिए प्रस्थान करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन पदाधिकारी संसदीय लोकतंत्र, सुशासन तथा समसामयिक वैश्विक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान डॉ. प्रेम कुमार संसदीय नेतृत्व की भूमिका, विशेषकर जलवायु अनुकूलन और आपदाओं के प्रति संसदीय स्तर पर लचीलापन बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही विभिन्न देशों के पीठासीन पदाधिकारियों और संसदीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। केपटाउन सम्मेलन के बाद डॉ. प्रेम कुमार 20 से 24 सितंबर तक सिडनी (ऑस्ट्रेलिया), 24 से 27 सितंबर तक ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) तथा 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान संबंधित देशों की संसदों का भ्रमण, पीठासीन पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात तथा भारतीय समुदाय से संवाद प्रस्तावित है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा का उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र और विधायी कार्यप्रणाली के क्षेत्र में विभिन्न देशों के अनुभवों का आदान-प्रदान, अंतर-संसदीय संबंधों को मजबूत करना तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान में संसदीय संस्थाओं की भूमिका को समझना है। बिहार विधान सभा के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह आधिकारिक रूप से डॉ. प्रेम कुमार के सहयोगार्थ इस अंतरराष्ट्रीय दौरे में उनके साथ रहेंगे।

# एक लाख पुराने निबंधित दस्तावेज रोजाना हो रहे डिजिटाइज

## 1990-95 तक के 24 लाख से अधिक दस्तावेज अपलोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में जमीन समेत अन्य के निबंधन से संबंधित दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार इस काम में लगी 10 एजेंसियां रोजाना 80 हजार से एक लाख पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड कर रही हैं। पहले चरण के तहत 1990 से 1995 के बीच निबंधित लगभग 33 लाख अभिलेखों को प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इनमें से 24 लाख 68 हजार दस्तावेज अब तक अपलोड किए जा चुके हैं, जिनकी सच्ची प्रतिलिपि वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। दूसरी और अंतिम चरण में 1908 से 1989 तक के लगभग 5 करोड़ पुराने दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इस अवधि के अब तक 21 लाख 85 हजार दस्तावेज अपलोड किए गए हैं। लाखों दस्तावेजों के पीडीएफ तैयार हो चुके हैं जिन्हें धीरे-धीरे पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई पुराने दस्तावेज फारसी, कैथी एवं अन्य अप्रचलित लिपियों में हैं। इन्हें अपलोड करने के लिए एजेंसियां प्रशिक्षित विशेषज्ञों की मदद ले रही हैं। वर्ष 1996 से अब तक के सभी दस्तावेज पूरी तरह डिजिटाइज किए जा चुके हैं। 2006 से 2026 तक के सभी दस्तावेज कम्प्यूटरकृत निबंधन प्रणाली के तहत निबंधित एवं अपलोड हैं। वर्तमान में निबंधित होने वाले दस्तावेजों को भी ऑनलाइन देखने और डाउनलोड करने की सुविधा है। निबंधन के बाद पक्षकारों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर दस्तावेज डाउनलोड करने का लिंक भेजा जाता है। इस पहल से कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपनी जमीन-जायदाद का पुराना दस्तावेज देख और डाउनलोड कर सकेगा। इससे लोगों को निबंधन कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पतरातू स्टेशन पर यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी पकड़ी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ बैठक कर माल परिवहन एवं लदान से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बानादाग साइडिंग का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अभियान की व्यापक तैयारियों और इसके प्रभावी संचालन को लेकर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार भी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने, संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा अभियान की गतिविधियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान के दौरान प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियों, जिम्मेदारियों के निर्वहन और कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग की भूमिका को देखते हुए सचिव नवीन कुमार की मौजूदगी में अभियान से संबंधित गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार और लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने से जुड़े पहलुओं पर भी विमर्श हुआ। सरकार की ओर से 17 सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान को निर्धारित अवधि में प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने की तैयारी की जा रही है।

# तुलसीदास मेहता सादगी, ईमानदारी के मजबूत स्तंभ रहे : तेजस्वी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री तुलसीदास मेहता की 7 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी याद में तुलसीदास मेहता समाजवादी समता संगठन की ओर से पटना के बाबू जगजीवन राम संसदीय एवं राजनीतिक शोध संस्थान में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन अरविन्द कुमार सहनी ने की। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, उनके सुपुत्र पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पुर्वे सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तुलसीदास मेहता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निधि कुमारी को डॉ. आनन्द रंजन झा ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में सेवा, निष्ठा और योगदान को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, महुआ रोड, जंदाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने निधि कुमारी को सात वर्षों के समर्पण, सेवा एवं योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में एकेडमी परिवार की ओर से निधि कुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। डॉ. आनन्द रंजन झा ने बताया कि निधि कुमारी उनकी संस्था विशाल युवा केंद्र में एल.एफ. के पद पर कार्यरत थीं। वर्तमान में केवाईपी का प्रशिक्षण बाधित होने के कारण वह कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में समर्पित कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण संस्थान के विकास की मजबूत नींव हैं। डॉ. झा ने कहा कि निधि कुमारी ने अपने सात वर्षों के कार्यकाल में पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उनके योगदान को सम्मानित करना एकेडमी परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने निधि कुमारी को सात वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिवार की ओर से निधि कुमारी को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संस्थान की मनीषा, लक्ष्मी, विभूति सहित अन्य सदस्यों ने निधि कुमारी की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 25 हजार का इनामी अपराधी सुदामा सिंह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पटना जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल सुदामा सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बिहटा के अमहरा स्थित लई चौक ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर उसे पकड़ा। पुलिस के अनुसार सुदामा सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसके खिलाफ दर्ज मामलों और कथित आपराधिक गतिविधियों को लेकर आगे की जांच कर रही है। सुदामा सिंह मूल रूप से सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव का रहने वाला बताया गया है।

# प्रज्ञा समिति की कार्यकारिणी की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना क्लब में प्रज्ञा समिति के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रज्ञा समिति के अध्यक्ष डा. अमरेंद्र मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष (सांख्यिकी) सह पटना विश्वविद्यालय एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डा. मुकेश कुमार ओझा ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि पटना में महाकवि कालिदास, कहानीकार एवं लेखक प्रेमचंद सहित के नाम से स्मारक एवं भवन तो है परंतु सनातन के पुरोधा और जन-जन तक राम महिमा को पहुंचाने वाले संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के नाम से कोई भवन नहीं है जहां उनके साहित्य पर विचार, संगोष्ठी, शोध आदि हो सके। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पटना नगर में संत तुलसीदास जी के लिए तुलसी स्मारक भवन के निर्माण के लिए कम से कम पांच कट्ठा भूमि उपलब्ध कराई जाए। प्रज्ञा समिति एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज संयुक्त रुप से इस पर तुलसी स्मारक भवन का निर्माण कराएगी।

# बाढ़ राहत: भागलपुर के सुलतानगंज में गंगा तो इंद्रपुरी बराज पर घट रहा सोन नदी का पानी

## बाढ़ प्रभावित 15 जिलों में 47.92 लोगों तक पहुंचा सुबह-शाम का भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 15 जिलों के बाढ़ प्रभावित रहने की स्थिति के बीच राहत भरी खबर है कि कुछ स्थानों पर गंगा, सोन जैसी प्रमुख नदियों का पानी घटने लगा है। इसी के साथ कहीं-कहीं कोसी और गंडक के पानी के स्थिर होने की खबर भी सामने आई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार भागलपुर के सुलतानगंज में गंगा और इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का पानी घटने की ओर अग्रसर है। वहीं, बाल्मीकिनगर बराज पर गंडक और वीरपुर बराज पर कोसी का पानी स्थिर है। इससे जल्द ही बाढ़ की विभीषिका से राहत की एक उम्मीद जगी है। हालांकि डुमरिया घाट पर गंडक, बलतारा एवं कुर्सेला में कोसी, खगड़िया में बूढ़ी गंडक, दीघा, गांधीघाट, हाथीदह, भागलपुर, कहलगांव एवं मुंगेर में गंगा, श्रीपालपुर में पुनपुन, बेनीबाद में बागमती एवं दरौली एवं सिसवन में घाघरा अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 15 जिले पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा एवं अरवल के 87 प्रखंडों के तहत कुल 575 ग्राम पंचायत से 47.92 लाख लोग अभी भी बाढ़ प्रभावित हैं और इन जिलों में राहत एवं बचाव के कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य भर में संचालित 1245 कम्युनिटी किचन के माध्यम से अभी तक 73.30 लाख बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। साथ ही 13 राहत शिविरों के माध्यम से 12,260 बाढ़ शरणार्थियों के लिए आवासन, भोजन एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# केक काट और मिठाइयां खिलाकर मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा मिठाइयां खिलाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं एनएसयूआइ के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने राजेश राम को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस परिवार से मिले स्नेह और शुभकामनाओं से वे अभिभूत हैं।

# पटना को मिलेगी जाम से मुक्ति

## एआई संभालेगा ट्रैफिक की कमान, 10 मिनट में अस्पताल पहुंचेगी एम्बुलेंस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित और जाम-मुक्त बनाने के के लिए शनिवार को पथ निर्माण विभाग के सभागार में यातायात जाम के प्रबंधन एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यातायात समस्याओं के स्थायी व तकनीक-आधारित समाधानों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य रूप से पटना में लगने वाले जाम की चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीकी आधारित यातायात कंट्रोल सिस्टम लागू करने का मसौदा तैयार हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल ने की और मुख्य वक्ता सीआरआरआई के पूर्व निदेशक और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व प्रो. पीके सिकदर एवं आर्केडिस आईबीआई ग्रुप के इंडिया ऑपरेशन्स के कंट्री हेड श्री वेंकटा चुंदुरू रहे। इस दौरान आंकड़ों के आधार पर पटना शहर की भौगोलिक संरचना, बढ़ती आबादी और वाहनों का दबाव, अतिक्रमण, ट्रैफिक नियम, यातायात प्रबंधन के समक्ष मुख्य चुनौतियां आदि विषयों पर चर्चा की गई। डाक बंगला, पटना जंक्शन रोड, जीपीओ गोलंबर, एग्जीबिशन रोड, बोरिंग रोड, गांधी मैदान, पीएमसीएच, अशोक राजपथ, सगुना मोड़, अनीसाबाद और बेली रोड जैसे जगहों पर प्रतिदिन पड़ने वाले अत्यधिक यातायात दबाव पर गहन मंथन किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान पटना शहर के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट और समाधानों पर प्रो. पीके सिकदर और श्री वेंकटा चुंदुरू ने के आर्केडिस से तैयार तकनीकी ड्राफ्ट का प्रस्तुतीकरण किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा एनालिटिक्स और एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से यातायात समस्याओं के स्थायी समाधानों पर जोर दिया गया।

# स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि के निर्देश पर मिलावटखोरों पर कार्रवाई

## खाद्य सामग्री के ठिकाने पर संयुक्त छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। स्वास्थ्य सचिव सह खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर राज्यभर में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, छापेमारी, नमूना संग्रहण और प्रयोगशाला परीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में हाजीपुर, दरभंगा और पटना जिले में खाद्य सुरक्षा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सपायर्ड, खराब एवं मानकों के विपरीत पाए गए खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया। वहीं, फतुहा क्षेत्र में दूध के नमूने में फॉर्मेलिन पाए जाने के बाद करीब 126 लीटर दूध नष्ट कराया गया जबकि पटना शहर स्थित संतुष्टि स्वीट्स और उसकी विनिर्माण इकाई में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा औचक निरीक्षण एवं सघन जांच की गई। साथ ही साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।

# जब किताबों से निकलकर मंच पर जीवंत हुआ साहित्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**पटना/दानापुर।** साहित्य केवल पढ़ने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन को समझने, संवेदनाओं से जुड़ने और अपनी सोच को विस्तार देने का माध्यम है। इसी भाव को साकार करते हुए स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, दानापुर में आयोजित दो दिवसीय 'साहित्योत्सव' का समापन साहित्य, नाटक, कविता, नृत्य और रचनात्मक अभिव्यक्तियों की विविध प्रस्तुतियों के साथ हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन विजय प्रकाश ने कहा अंग्रेजी वैश्विक संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। साहित्य हमें मानवीय संवेदनाओं से जोड़ता है। साहित्य के मूल्यों को अपने आचरण में उतारना ही व्यक्तित्व के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने मोमबत्ती प्रज्वलन, भाषण, कविता, नृत्य और रोल-प्ले के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 2, 3 और 4 के नन्हे विद्यार्थियों का 'समय का महत्व' विषय पर रोल-प्ले विशेष रूप से आकर्षक रहा।

# महायोगी गोपीचंद की स्मृति में 48वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित महायोगी गोपीचंद स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में भव्य उद्घाटन हुआ। संस्था की ओर से चार वर्षों से लगातार आयोजित होनेवाला 48वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर है जिसमें अधिकांश सदस्य विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकगण हैं। अपने उद्घाटन उद्बोधन में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने महायोगी गोपीचंद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख संतों में महत्वपूर्ण थे। वे माता के आदेश पर राजसी सुख का त्यागकर महायोगी बने। मुख्यातिथि पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश एवं अभियान के संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि उनका जीवन प्रमाणित करता है कि ईश्वर की प्राप्ति आध्यात्मिक ज्ञान से ही संभव है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि जिस तरह महायोगी गोपीचंद ने राजसी वस्त्रों को त्यागकर भगवा वस्त्र को धारणकर अपने जीवन को शुद्ध किया उसी प्रकार यह शिविर भी शिविर सदस्यों को संस्कृत भाषा के ज्ञान से परिमार्जित कर रही है।

# दादा-दादी और नाना-नानी के प्यार से सजा किड्स जोन स्कूल का ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** किड्स जोन-एन एलिमेंट्री स्कूल द्वारा रुकनपुरा स्थित रेड गार्डन मैरिज हॉल में ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच प्रेम, भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक संस्कारों को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक अनिल सिंह की उपस्थिति में बच्चों एवं ग्रैंडपेरेंट्स ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

स्कूल की प्राचार्या प्रतिमा सिंह ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की वह धरोहर हैं जिनसे बच्चों को प्रेम, संस्कार, अनुभव और जीवन की अनमोल सीख मिलती है। ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन के माध्यम से हमारा प्रयास है कि बच्चों को अपने ग्रैंडपेरेंट्स के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिले। बच्चों की खुशी और ग्रैंडपेरेंट्स के चेहरे पर दिखाई देने वाली मुस्कान इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी अपने पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों की अहमियत को हमेशा समझे और उनका सम्मान करे।

# संपादकीय

## लोकतंत्र में प्रदर्शन की आज़ादी और पुलिस की बेलगाम कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और नोएडा मजिस्ट्रेट द्वारा दिए गए नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार दिया है। कुछ समय पहले दिल्ली के जंतर मंतर पर काकरोच जनता पार्टी की अगुआई में विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस ने जिस तरह की बेलगाम कार्रवाई की थी, उस पर हर तरफ से तीखे सवाल उठे थे।यह भी कहा गया कि अगर विद्यार्थियों का अपने मुद्दों पर बात करना, सरकार से खामियों को दुरुस्त करने की मांग करना इतना मुश्किल है और इसके बदले उन्हें पुलिस की बेरहम कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, तो यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के कितना अनुरूप है।यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मसले पर तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई और मारपीट देखना बेहद दुखद है। अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस अफसरों से अपेक्षित तटस्थता भी गायब होती दिख रही है। कायदे से पुलिस-प्रशासन और सरकार को अदालत की इस टिप्पणी पर गौर करते हुए अपने रवैये में सुधार करने की जरूरत थी। मगर शीर्ष अदालत की टिप्पणियों की पुलिस को कितनी फिक्र है, यह सिर्फ इतने से ही समझा सकता है कि जंतर मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने को कारण बता कर विद्यार्थियों को नोटिस देना शुरू कर दिया गया है। जबकि इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट पुलिस के रवैये पर नाराजगी जता चुका है।गौरतलब है कि जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के एक छात्र के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया था। इस मसले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट को कड़ी फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ शब्दों में कहा कि शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के बावजूद मजिस्ट्रेट ने ऐसा नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की।दरअसल, अदालत ने अपने पहले के आदेश में साफ तौर पर कहा था कि किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी। जाहिर है, दिल्ली में प्रदर्शन और उसमें हुई कार्रवाई के संदर्भ में अदालत ने एक तरह से स्पष्ट लहजे में पुलिस और प्रशासन को एक बार फिर उसकी सीमा याद दिलाई है। हालांकि छात्र को जारी नोटिस बाद में वापस ले लिया गया, लेकिन यह विचित्र है कि नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट को यह कार्रवाई करते हुए अदालत के निर्देश का खयाल रखने की जरूरत महसूस नहीं हुई थी।सवाल यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद अगर किसी छात्र को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है, इस दुस्साहस का स्रोत आखिर क्या है? क्या ऐसा परोक्ष रूप से सरकार के संरक्षण और निर्देश की वजह से किया जाता है? अगर ऐसा नहीं है, तो पुलिस या प्रशासन की नजर में शीर्ष अदालत के निर्देशों की क्या अहमियत है? यह समझना मुश्किल है कि जब पुलिस को किसी आंदोलन से निपटने के लिए तैनात किया जाता है, तो संवाद के जरिए समाधान की राह खोजने के बजाय कई बार वह बिना किसी हिचक के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अधिकतम बेरहम क्यों हो जाती है।

**एक और छोटी सी बात ने सबका ध्यान खींचा। जब मोदी जा रहे थे, तो पुतिन उन्हें हवाई अड्डे तक छोड़ने गए। भारतीय अधिकारियों ने इस भाव को सहज बताया। मोदी के जाने से पहले दोनों नेताओं ने फिर से बात की। सोची सम्मेलन ने एक ऐसी बात स्थापित की जो आने वाले वर्षों में बार-बार दोहराई जाएगी। जब मोदी और पुतिन मिलते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बातचीत जरूरी नहीं कि औपचारिक शिखर सम्मेलन की मेज पर ही हो। कुछ ही महीनों में यह प्रयोग दोहराया गया। पुतिन अक्टूबर 2018 में वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली पहुंचे। औपचारिक कार्यक्रम से पहले, मोदी ने अपने आधिकारिक आवास पर उनके लिए एक विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। इस रात्रिभोज को सोची में हुई उनकी बातचीत की निरंतरता के रूप में देखा गया। भारतीय अधिकारियों ने इस रिश्ते को एक लेन-देन से कहीं अधिक स्थायी बताया और इस बात पर जोर दिया कि दोनों नेता दीर्घकालिक संबंधों के बारे में सोच रहे हैं।**

# भारत-रूस की दोस्ती का 'पावर शो'! दुनिया को दिया साफ संदेश

(विवेक अवस्थी)



यह तस्वीर द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की है। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए जा रहे हैं। दुनिया की तमाम उठापठक और अमेरिका-ईरान युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक खास तस्वीर निकलकर सामने आई। इस तस्वीर को लेकर तमाम एक्सपर्ट अपने-अपने तरीके से इसका विश्लेषण कर रहे हैं।दरअसल, यह तस्वीर द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की है। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए जा रहे हैं। इससे पहले दिल्ली में शुक्रवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली। इस अहम सम्मेलन में दुनिया की नजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात पर रहेंगी। दोनों नेताओं की यह बैठक ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के शुरू होने से एक दिन पहले हुई है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत-रूस संबंध एक जटिल अंतरराष्ट्रीय माहौल से गुजर रहे हैं, जिसमें यूक्रेन युद्ध, चीन पर रूस की बढ़ती निर्भरता और अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते संबंध रणनीतिक परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। फिर भी, मोदी और पुतिन के बीच व्यक्तिगत संबंध उल्लेखनीय रूप से स्थिर रहे हैं। इसका एक कारण रक्षा सौदों और राजनयिक बयानों से कहीं अधिक स्पष्ट हो सकता है। पिछले एक दशक में, दोनों नेताओं ने अनौपचारिक रूप से बातचीत और मेलजोल के लिए बार-बार निजी, अनौपचारिक समय निकाला है और धीरे-धीरे इसे अपने संबंधों की एक विशिष्ट विशेषता बना लिया।

**मॉस्को की वो शाम जब मामला व्यक्तिगत लगने लगा** – इस अनौपचारिक मुलाकात की जड़ें दिसंबर 2015 में देखी जा सकती हैं, जब मोदी वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए मॉस्को गए थे। पुतिन ने औपचारिक शिखर सम्मेलन का इंतजार किए बिना ही प्रधानमंत्री के साथ कुछ निजी समय बिताने का फैसला किया। उन्होंने क्रेमलिन में मोदी से मुलाकात की और फिर मॉस्को के बाहर स्थित अपने आवास नोवो-ओगार्योवो में उन्हें रात्रि भोज पर आमंत्रित किया। क्रेमलिन ने इस मुलाकात को अनौपचारिक बताया था और कहा कि इसमें कोई पत्रकार मौजूद नहीं था। यह दोनों नेताओं के बीच एक निजी बातचीत थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तो इस मुलाकात को रात्रि भोज पर दोस्ती का निर्माण तक कह दिया था। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि नोवो-ओगार्योवो मात्र एक सरकारी इमारत नहीं है। यह पुतिन का निजी कार्यालय है और वह स्थान है जहां उन्होंने कई विदेशी नेताओं की निजी समारोहों में मेजबानी की है। मोदी को वहां ले जाने के निर्णय से संकेत मिलता है कि रूसी राष्ट्रपति आगामी औपचारिक शिखर सम्मेलन से अलग माहौल बनाना चाहते थे। उस शाम ने एक महत्वपूर्ण मिसाल भी कायम की थी। दोनों नेता अपने प्रतिनिधिमंडलों की मौजूदगी के बिना ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सके। इसका मतलब यह नहीं था कि वे केवल निजी मामलों पर ही बात कर रहे थे। इसके विपरीत, निजी बातचीत में अक्सर रणनीतिक प्रश्न शामिल होते थे। जो बात बदली वह थी उन प्रश्नों पर चर्चा करने का माहौल।

**सोची ने अनौपचारिकता को प्रारूप बनाया** – तीन साल बाद, पुतिन और मोदी ने इस विचार को और आगे बढ़ाया। 21 मई, 2018 को, मोदी लोकप्रिय पर्यटन स्थल, खूबसूरत काला सागर रिसॉर्ट सोची गए, जिसे भारतीय सरकार ने आधिकारिक तौर पर उनकी पहली अनौपचारिक शिखर बैठक बताया। वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के विपरीत यह किसी समझौतों की लंबी सूची या औपचारिक वार्ता एजेंडा पर आधारित नहीं था। नेताओं से अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर निजी तौर पर कई घंटे बातचीत करने की उम्मीद थी। प्रस्तावित चर्चाएं बिना किसी एजेंडा और औपचारिक, औपचारिक राजनयिक संरचना के थीं। मोदी सुबह सोची पहुंचे। उन्होंने और पुतिन ने सीमित वार्ता की, जिसके बाद दोपहर का भोजन और आमने-सामने की बातचीत हुई। फिर उन्होंने मोया रूस एथनोग्राफिक सेंटर और सीरियस एजुकेशनल सेंटर का दौरा किया। उन्होंने बोचारोव क्रीक से ओलंपिक पार्क की ओर काला सागर में नाव से यात्रा भी की। नाव की सवारी बैठक की सबसे यादगार तस्वीरों में से एक बन गई, लेकिन इसका महत्व तस्वीर से कहीं अधिक था। दोनों नेता अपने-अपने कार्यक्रमों के बीच आते-जाते भी बातचीत जारी रख सके, बजाय इसके कि वे हर मिनट को एक सुनियोजित शिखर सम्मेलन कार्यक्रम का हिस्सा मानें। उन्होंने लगभग छह घंटे साथ बिताए। चर्चा के विषय मामूली नहीं थे। इनमें अफगानिस्तान, आतंकवाद, ईरान परमाणु समझौता और व्यापक अंतरराष्ट्रीय स्थिति शामिल थी। अनौपचारिक माहौल का मतलब यह नहीं था कि गंभीर कूटनीति का अभाव था। बल्कि इसने औपचारिकताओं के बिना गंभीर कूटनीति को संभव बनाया। एक और छोटी सी बात ने सबका ध्यान खींचा। जब मोदी जा रहे थे, तो पुतिन उन्हें हवाई अड्डे तक छोड़ने गए। भारतीय अधिकारियों ने इस भाव को सहज बताया। मोदी के जाने से पहले दोनों नेताओं ने फिर से बात की। सोची सम्मेलन ने एक ऐसी बात स्थापित की जो आने वाले वर्षों में बार-बार दोहराई जाएगी। जब मोदी और पुतिन मिलते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बातचीत जरूरी नहीं कि औपचारिक शिखर सम्मेलन की मेज पर ही हो।

**सोची की भावना दिल्ली पहुंचीं** – कुछ ही महीनों में यह प्रयोग दोहराया गया। पुतिन अक्टूबर 2018 में वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली पहुंचे। औपचारिक कार्यक्रम से पहले, मोदी ने अपने आधिकारिक आवास पर उनके लिए एक विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। इस रात्रिभोज को सोची में हुई उनकी बातचीत की निरंतरता के रूप में देखा गया। भारतीय अधिकारियों ने इस रिश्ते को एक लेन-देन से कहीं अधिक स्थायी बताया और इस बात पर जोर दिया कि दोनों नेता दीर्घकालिक संबंधों के बारे में सोच रहे हैं। वह निजी रात्रिभोज इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि यह औपचारिक कार्यक्रम के साथ-साथ हुआ, न कि उसके स्थान पर। वार्षिक शिखर सम्मेलन में रक्षा, व्यापार और अन्य सरकारी मुद्दों पर चर्चा हुई। नेताओं ने बस अपने लिए एक और माध्यम बना लिया। इस समय तक, भारत-रूस कूटनीति और मोदी-पुतिन कूटनीति के बीच का अंतर अधिक स्पष्ट होता जा रहा था।

**व्लादिवोस्तोक ने इस रिश्ते को सार्वजनिक रूप दिया** – सितंबर 2019 में पूर्वी आर्थिक मंच और वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए मोदी की रूस यात्रा के दौरान भी यही सिलसिला जारी रहा। पुतिन व्यक्तिगत रूप से मोदी के साथ ज़्वेज़्दा जहाज निर्माण परिसर के दौरे पर गए। दोनों नेता नाव से परिसर तक गए, जिससे उन्हें औपचारिक सम्मेलन कक्ष से दूर कुछ समय बिताने का मौका मिला। मोदी ने बाद में कहा कि वे इसे बहुत प्रभावित हुए। पुतिन ने मोदी के साथ एकांत रात्रिभोज भी किया। रूसी अधिकारियों ने ऐसी निजी बातचीत को नेताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय समस्याओं पर खुलकर और गोपनीय रूप से चर्चा करने का अवसर बताया। दो नेताओं का रात्रिभोज करना कोई असामान्य बात नहीं थी। असामान्य बात यह थी कि मोदी और पुतिन कितनी बार औपचारिक शिखर सम्मेलन के माहौल से अलग होने के अवसर तलाश रहे थे। यह रिश्ता अपनी एक अलग राह बना रहा था। एक निजी बातचीत, कुछ समय साथ यात्रा करना, भोजन, शायद कोई भ्रमण, और फिर आधिकारिक बैठक। फिर यूक्रेन का मुद्दा आया, और इस निजी संपर्क का महत्व और बढ़ गया। यूक्रेन युद्ध ने इस रिश्ते के सामने सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा खड़ी कर दी। भारत ने रूस को अलग-थलग करने के पश्चिमी अभियान में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन मोदी ने भी पुतिन के युद्ध का समर्थन नहीं किया। सितंबर 2022 में समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन में मोदी ने पुतिन से सार्वजनिक रूप से कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। इस टिप्पणी को व्यापक रूप से रूसी राष्ट्रपति के लिए एक सीधा संदेश माना गया। फिर भी इससे उनके संबंधों में कोई दरार नहीं आई। यहीं पर वर्षों की निजी बातचीत महत्वपूर्ण हो जाती है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर भी सीधा संपर्क बनाए रखा। युद्ध के शुरुआती महीनों के दौरान, मोदी ने पुतिन से यूक्रेन से भारतीय छात्रों की निकासी के बारे में बात की और उनसे यूक्रेनी नेतृत्व के साथ सीधे बातचीत करने का आग्रह किया। इसलिए, यह संबंध असहमति की अनुपस्थिति पर आधारित नहीं था।

## बच्चों को बेहतर जिंदगी देने की चाह में छोटा हुआ परिवार, क्या बुजुर्गों का संसार भी सिमट गया?

(श्याम यादव)

सिमटते परिवारों के बीच रिश्तों और बुजुर्ग माता-पिता के अकेलेपन का सवाल गंभीर हो रहा है। बच्चे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन दूरियां बढ़ रही हैं। तकनीक संपर्क तो बढ़ाती है, पर अपनापन और साथ नहीं दे सकती। माता-पिता जब बच्चे को बड़ा करते हैं, तो उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं होता कि आगे चलकर बच्चा उनके लिए क्या करेगा। उनकी चिंता यह होती है कि बच्चे को वह सब मिल जाए, जो वे उसे देना चाहते हैं। जो सुविधाएं उन्हें नहीं मिलीं, वे बच्चे को मिलें। जिस रास्ते पर उन्हें मुश्किलें आईं, बच्चे के लिए वह रास्ता कुछ आसान हो। शायद इसी इच्छा ने परिवारों की सोच भी बदली है। दो बच्चों के छोटे परिवार के बाद अब एक-संतान परिवार की धारणा भी इसी बदलाव का हिस्सा है। एक बच्चा हो, तो उसकी पढ़ाई-लिखाई पर अधिक खर्च किया जा सकता है, उसकी पसंद और जरूरतों को समझने के लिए अधिक समय दिया जा सकता है और उसके बेहतर भविष्य की तैयारी की जा सकती है। एक बच्चे को अधिक अवसर देने की इच्छा आज बहुत-से माता-पिता के फैसलों में दिखाई देती है। इसमें कुछ अस्वाभाविक भी नहीं है। मगर सवाल यह है कि परिवार छोटा होने के साथ क्या बच्चे का अपना संसार भी कुछ छोटा हो जाता है? एक समय घर में भाई-बहन होते थे और रिश्तेदारों की आवाजाही भी बनी रहती थी। दादा-दादी के पास बैठना, चाचा-चाची से झगड़ना, मामा-मौसी के घर जाना- इन सबका अपना महत्त्व था। बच्चा इन्हीं संबंधों के बीच बड़ा होता था। उसे समझने में ज्यादा समय नहीं लगता था कि हर बात अपनी इच्छा के अनुसार नहीं होती। कभी किसी की सुननी पड़ती थी, कभी अपनी चीज बांटनी पड़ती थी और कभी बिना किसी खास कारण के किसी के काम आना पड़ता था। एक बच्चे वाले परिवार में माता-पिता का ध्यान स्वाभाविक रूप से उसी पर अधिक रहता है। उसकी पढ़ाई, स्वास्थ्य, पसंद और भविष्य घर की बातचीत का बड़ा हिस्सा बन जाते हैं। कभी-कभी माता-पिता अपनी अधूरी इच्छाओं को भी बच्चे के भविष्य से जोड़ देते हैं। बच्चा सफल होता है तो लगता है जैसे उनकी मेहनत सफल हुई। फिर वही बच्चा बड़ा होकर अपनी राह पर निकलता है। पढ़ाई के लिए बाहर जाता है, नौकरी दूसरे शहर में मिलती है और फिर अपनी गृहस्थी तथा जिम्मेदारियों में व्यस्त हो जाता है। माता-पिता उसके आगे बढ़ने से खुश होते हैं। आखिर उन्होंने उसे रोकने के लिए तो नहीं पाला था! बच्चों की जिंदगी जितनी फैलती जाती है, कई बार माता-पिता का संसार उतना ही सिमटता जाता है। फोन है, वीडियो काल है, कभी त्योहार पर मुलाकात हो जाती है। जरूरत हो, तो पैसे भेज दिए जाते हैं। बीमारी में डाक्टर से सलाह भी मिल जाती है। बहुत-सी चीजें आसान हुई हैं। फिर भी उम्र के एक पड़ाव पर शायद इंसान को केवल सुविधा नहीं, किसी अपने की मौजूदगी की जरूरत भी होती है। हाल में एक बुजुर्ग पिता की मृत्यु से जुड़ी एक घटना सामने आई। उनकी संतानें अपने-अपने जीवन में दूर थीं और अंतिम समय में उनके पास पहुंच पाना संभव नहीं हुआ। आर्थिक मदद और वीडियो काल के जरिए अंतिम विदाई की बात सामने आई। यह घटना एक सवाल छोड़ती है कि क्या रिश्तों की जगह धीरे-धीरे व्यवस्थाएं ले रही हैं? किसी बुजुर्ग की दवा का इंतजाम किया जा सकता है। पैसे भेजे जा सकते हैं। किसी देखभाल करने वाले को रखा जा सकता है। यह सब जरूरी भी है, लेकिन इन सबके बीच वह व्यक्ति कहां है, जो उसके पास बैठकर उसकी बात सुन सके? बीमारी का खर्च उठाना और बीमारी के समय पास बैठना एक ही बात नहीं है। तकनीक ने दूरियों को कम करने में बहुत मदद की है। आज हजारों किलोमीटर दूर बैठे बच्चे भी अपने माता-पिता को रोज देख सकते हैं, लेकिन स्क्रीन पर दिखाई देने वाला चेहरा और सामने बैठा हुआ व्यक्ति एक जैसा अनुभव नहीं देते। शायद इसलिए संपर्क बढ़ने के बावजूद अकेलापन हमेशा कम नहीं हुआ है। एकल-संतान परिवारों के संदर्भ में यह बात और महत्त्वपूर्ण हो जाती है। एक बच्चे के लिए माता-पिता बहुत कुछ कर पाते हैं। अपनी आय, समय और ध्यान का बड़ा हिस्सा उसी पर लगा सकते हैं, लेकिन आगे चलकर वही बच्चा अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाए, तो माता-पिता के पास अपने भावनात्मक संसार को साझा करने वाले लोग भी कम हो सकते हैं। यह एक बच्चे के होने की समस्या नहीं, बल्कि छोटे होते पारिवारिक दायरे की एक चुनौती है। जीवन बदल चुका है। लोगों के रहने और काम करने के तरीके बदल गए हैं। मगर रिश्तों का अर्थ शायद इतना नहीं बदला है कि उनमें उपस्थिति की जरूरत ही न रहे। माता-पिता अगर बच्चे को अपना पूरा संसार बना लें, तो उसके दूर जाने पर उनका अकेलापन बढ़ सकता है। उम्र के साथ अपने मित्रों, रुचियों और सामाजिक जीवन को बनाए रखना भी जरूरी है। परिवार जीवन का बड़ा हिस्सा है, पूरा जीवन नहीं। फिर भी बच्चे को स्वतंत्र बनाना और उसे रिश्तों से मुक्त कर देना- इन दोनों में फर्क है। उसे अच्छी शिक्षा देना जितना जरूरी है, उतना ही यह समझ देना भी जरूरी है कि जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिन्हें सुविधा के हिसाब से नहीं निभाया जाता। परिवार छोटा होना कोई समस्या नहीं।

# नशे की गिरफ्त में भारत- करोड़ों लोग कर रहे ड्रग्स का इस्तेमाल, युवाओं पर सबसे बड़ा संकट

**मिजोरम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मणिपुर जैसे उत्तर-पूर्वी राज्य ओपियोइड और नशीली दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। दूसरी ओर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सिंथेटिक मादक पदार्थों और हेरोइन का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। दरअसल, भारत दुनिया के दो सबसे बड़े अवैध अफीम उत्पादक क्षेत्रों के बीच फंसा हुआ है।**

(प्रमोद कुमार बाजपेई)

भारत में नशे की लत गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। करोड़ों लोग शराब, कैनबिस और ओपियोइड्स की गिरफ्त में हैं। युवाओं को बचाने के लिए इलाज, जागरूकता और सख्त कार्रवाई जरूरी है। उस व्यक्ति की त्रासदी का बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसका बेटा नशे का आदी हो चुका है। इसी वजह से उसकी पढ़ाई छूट चुकी है और अब वह दिन भर कंप्यूटर गेम खेलता रहता है या दिन भर ट्रक के अड्डे पर जुआ खेलता रहता है। पिता इसलिए परेशान हैं कि वह अब उसके मादक पदार्थों पर भी हाथ साफ करने लगा है और उसे अपने बेटे के भविष्य का अनुमान है और अब वह इसी को लेकर फिक्रमंद है। हालांकि खुद पचास का पिता भी नशे के जाल में इस कदर फंसा हुआ है, उसके हाथ कांपने लगे हैं और वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पाता है। बीते कुछ महीने के भीतर ऐसे मामले अब तेजी से बढ़ने लगे हैं। जिनका नशे की लत की वजह से सब कुछ बर्बाद हो चुका है, वैसे लोग अब परामर्श और आपात हस्तक्षेप तक के लिए मनोचिकित्सकों या काउंसलरों के पास पहुंचने लगे हैं। संकट की भयावहता के चलते केंद्र सरकार अब नशा मुक्त भारत अभियान की बात कर रही है और राज्यों के मुख्यमंत्री भी नशाखोरी के विरुद्ध बड़ी-बड़ी रैलियां कर रहे हैं। युवाओं को शपथ दिलवाया जा रहा है, स्कूल-कालेजों को नशे के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं नशे के खिलाफ लड़ाई के लिए पुलिस प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मगर इसी बीच यह खबर भी आती है कि पंजाब में एक ग्रामीण ने जब मादक पदार्थों की धड़ल्ले से आपूर्ति पर सवाल उठाया, तो उसे प्रताड़ित किया गया और आखिर उसने आत्महत्या कर ली। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एम्स के 'नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर' के सहयोग से जारी की गई आधिकारिक रिपोर्ट 'मैग्नीट्यूड आफ सब्सटेंस यूज इन इंडिया' के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि मादक



पदार्थों की खरीद-बिक्री और नशे की समस्या अब केवल कुछ महानगरों या सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित नहीं रही। यह एक सर्वव्यापी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल और सामाजिक संकट का रूप ले चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 10 से 75 वर्ष की आयु वर्ग के बीच लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं, जिनमें से 5.7 करोड़ से अधिक लोगों को तत्काल चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता है। वहीं, लगभग 3.1 करोड़ लोग भांग, गांजा या चरस जैसे कैनबिस उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति ओपियोइड्स (अफीम, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स) के मामले में है। भारत में ओपियोइड का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग तीन गुना अधिक है। देश में करीब 2.26 करोड़ ओपियोइड उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से साठ लाख से अधिक लोग इस लत के गंभीर दुश्चक्र में फंस चुके हैं। इससे भी अधिक विचलित करने वाला तथ्य यह है कि देश के लगभग 1.7 फीसद बच्चे और किशोर (यानी करीब अठारह लाख बच्चे) 'इन्हेलेंट्स' यानी सूंघने वाले नशे जैसे थिनर, फ्लूइड, सरेष आदि के जाल में फंस चुके हैं। हाल के वर्षों में एमडीएमए, मेथमफेटामाइन और अवैध दवाओं (सिंथेटिक ओपियोइड्स) की मांग और जब्ती में आया भारी उछाल यह साबित करता है कि नशे का बाजार अब पारंपरिक से बदलकर अत्यधिक घातक रासायनिक स्वरूप अख्तियार कर चुका है।

मादक पदार्थों की यह विभीषिका पूरे देश में फैली है, लेकिन भौगोलिक और सामरिक कारणों से कुछ राज्य इसके गढ़ बन गए हैं। मिजोरम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मणिपुर जैसे उत्तर-पूर्वी राज्य ओपियोइड और नशीली दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। दूसरी ओर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सिंथेटिक मादक पदार्थों और हेरोइन का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। दरअसल, भारत दुनिया के दो सबसे बड़े अवैध अफीम उत्पादक क्षेत्रों के बीच फंसा हुआ है। इसके पश्चिम में 'गोल्डन क्रिसेंट' (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान) है और पूर्व में 'गोल्डन ट्रायंगल' (म्यांमार, लाओस और थाईलैंड) है। इससे भारत न केवल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए एक प्रमुख 'ट्रांजिट रूट' बना, बल्कि धीरे-धीरे एक विशाल उपभोक्ता बाजार में भी तब्दील हो गया। वर्तमान में डार्कवेब, क्रिप्टोकरेंसी और ड्रोन तकनीक के माध्यम से होने वाली उच्च-तकनीक तस्करी के संजाल ने इस चुनौती को कई गुना बढ़ा दिया है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को केवल एक 'अपराधी' या 'चरित्रहीन' के चश्मे से देखना हमारी भूल होगी। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मादक पदार्थों या ड्रग की लत एक मानसिक बीमारी है। शुरुआत में युवा वर्ग गलाकाट प्रतिस्पर्धा, करिअर की अनिश्चितता, बेरोजगारी जनित अवसाद या सहकर्मियों के दबाव के कारण अनजाने में इस दलदल में कदम रखता है, लेकिन धीरे-धीरे रासायनिक निर्भरता के कारण व्यक्ति का अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं रहता। जब कोई व्यक्ति इस लत से बाहर निकलना चाहता है, तो सबसे बड़ी बाधा 'विड्राल सिम्प्टम्स' यानी तड़प और शारीरिक कष्ट तथा समाज में व्याप्त 'सामाजिक लांछन' बनते हैं। सामाजिक बहिष्कार के डर से पीड़ित या उसका परिवार समय पर मदद मांगने या नशामुक्ति केंद्र जाने से कतराता है। परिणामत- यह समस्या बंद कमरों के भीतर ही सुलगती रहती है और आखिरकार आत्महत्या या गंभीर अपराधों के रूप में सामने आती है। महंगी लत को पूरा करने के लिए युवा वर्ग चोरी, झपटमारी और यहां तक कि जघन्य अपराधों की राह पकड़ लेता है। इस महामारी से निपटने के लिए वर्तमान में आपूर्ति, मांग और नुकसान में कमी की त्रिआयामी रणनीति पर काम किया जा रहा है। एक ओर कड़े एनडीपीएस अधिनियम के तहत तस्करों की गिरफ्तारियां कर संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं, तो दूसरी ओर देश में सरकारी ओर मान्यता प्राप्त नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ा कर 780 से अधिक की गई है, जिनके माध्यम से 8.20 लाख से अधिक लोगों को इलाज और पुनर्वास का लाभ मिल चुका है। मगर कड़े कानूनों और पुलिसिया कार्रवाइयों की अपनी एक सीमा है। वे केवल आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं।

# बाढ़ प्रभावितों की सुरक्षा एवं राहत राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के राहत कार्यों की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार के भूतत्व एवं खान मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने बाढ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रभावित ग्रहण तथा शहरी क्षेत्रों का बारी बारी से समीक्षा की।इस दौरान जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने जानकारी दी कि जिले के पांच अंचलों के 58 ग्राम पंचायत के 536 गांव एवं चार नगर पंचायत के 40 वार्डों के 1,35,154 परिवारों की 6 लाख 23 हजार 732 आबादी बाढ से प्रभावित हुई है।प्रभावित लोगों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर 354 सामुदायिक रसोइयों के माध्यम से अब तक 13,98,257 लोगो को भोजन कराया गया है। वहीं प्रभावित परिवारों के बीच 37,836 नग पॉलिथीन शीट्स वितरित किया गया है। जबकि प्रभावित क्षेत्रों में मानव एवं पशु चिकित्सा के लिए अलग-अलग मेडिकल टीम की तैनाती की गई है।प्रभावित लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर चापाकल अधिष्ठापित किया गया है तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेलोजेन गोली भी लगातार वितरित की जा रही है।वहीं अस्थायी शौचालय का भी अधिष्ठापन कराया गया है।पशुपालन विभाग की ओर से पशुचारा का भी वितरण किया जा रहा है।जिला पदाधिकारी ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंडस्तरीय अधिकारी हर स्थिति पर नजर जमाये हुए हैं । जबकि जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझ कर राहत कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों निष्क्रमण एवं सुगम आवागमन को लेकर सरकारी एवं गैर सरकारी 131 नावों एवं दो मोटर बोट का परिचालन कराया जा रहा है। समीक्षा के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जायेगी।उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और पशुधन सुरक्षा पर जोर देते संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहकर स्थिति पर लगातार नजर बनाये रखने का निर्देश दिया। मंत्री डा.चंद्रवंशी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें समय पर राहत उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए बजट अथवा संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने प्रभावित प्रत्येक परिवार तक आवश्यक सहायता समय पर पहुंचाने तथा खासकर दूरस्थ एवं जलमग्न क्षेत्रों में राहत कार्यों को और प्रभावी बनाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सूखा राशन एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री भी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बाढ़ एवं बचाव कार्यों में तत्परता बरते जाने का निर्देश दिया।बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक तारकिशोर प्रसाद, विजय सिंह, दुलाल गोस्वामी, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, डीडीसी नेहा कुमारी, एसपी परिचय कुमार, एसडीओ सूरज कुमार,एडीएम आपदा फिरोज अख्तर सहित आपदा से जुड़े संबंधित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 4000 मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के लगभग 4000 मामलों का समझौते के आधार पर निष्पादन कर एक रिकॉर्ड कायम किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन एडीजे-2 सह प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष राय सहित न्यायिक और जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमे एडीजे महेंद्र प्रसाद यादव, सौरभ सिंह, सीजीएम माधवी सिंह, ट्रैफिक डीएसपी मो. सद्दाम हुसैन सहित कई न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देबू ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बारसोई, रेलवे न्यायालय सहित कुल 16 बेंच गठित किए गए थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण से संबंधित 1615 मामलों में 17 करोड़ 17 लाख 14 हजार 890 रुपये की सेटलमेंट राशि, आपराधिक मामलों के 502, क्लेम के दो, मैट्रिमोनियल के दो, रेलवे के 508 तथा ट्रैफिक चालान से संबंधित 1310 मामलों का निष्पादन किया गया। रेलवे बेंच पर रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के नेतृत्व में 508 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान गठित बैंचो पर न्यायिक प्राधिकारी के रूप में एडीजे आशुतोष राय, परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश धृति जसलीन शर्मा, एडीजे द्विजेंद्र कुमार, संजय कुमार, महेंद्र प्रसाद यादव, सौरभ सिंह, बारसोई में एसीजेएम राम सूजन पांडे, सीजीएम माधवी सिंह, एसीजीएम कुलदीप श्रीवास्तव रेलवे कोर्ट में रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव, न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार, मोनिका कुमारी, पूजा सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, प्रगति आनंद, मोहम्मद शम्स राजा थे। जबकि बैंचो पर पैनल अधिवक्ता के रूप में लोक पीपी जगदीश प्रसाद साह, जीपी रूपेश कुमार, स्पेशल पीपी ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, मोहम्मद नूर आलम, मीणा शर्मा, अरुण कुमार सिंह, अपर लोक अभियोजक रामानंद गुप्ता, अनुरंजन कुमार रंजन, प्रमोद कुमार, हीरानंद झा, विनोद कुमार, युगल किशोर यादव, सरदार यशवंत सिंह, पंचानन सिंह, त्रिलोक कुमार शाह, अमित कुमार, राजेंद्र मिश्रा, एजाज आलम, एजीपी रामानंद गुप्ता, नंदकिशोर ठाकुर, सुरेंद्रनाथ दास, अनीता राका, शिवनारायण सिंह, अधिवक्ता धनंजय कुमार झा, विजय कुमार श्रीवास्तव आदि के साथ अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### बलरामपुर में बेहतर स्वास्थ्य सेवा की पहल तेज

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं जनोपयोगी बनाने की दिशा में विधायक संगीता देवी बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख समस्याओं एवं आवश्यकताओं को विस्तारपूर्वक उनके समक्ष रखा। मुलाकात के दौरान विधायक ने बलरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बारसोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण को प्राथमिकता के साथ कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ भवन एवं आवश्यक आधारभूत संरचना के बिना आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण है। विधायक ने बारसोई अनुमंडल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना का मुद्दा भी मजबूती से उठाया। उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक जनरल सर्जन एवं फिजिशियन के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में नर्सिंग स्टाफ की पदस्थापना की मांग की। ताकि अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को गंभीर बीमारियों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल सके।उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों नर्सिंग कर्मियों और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।विधायक संगीता देवी ने कहा कि जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूर दराज के क्षेत्रों में भटकना न पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जनसेवा एवं जनहित सर्वोपरि है।विधायक की ओर से स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उठाए गए इन महत्वपूर्ण मुद्दों से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है ।कि आने वाले समय में बारसोई अनुमंडल अस्पताल समेत बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।




### जेवर दुकान का शटर उखाड़कर की लाख के जेवरों की चोरी

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में चारों ओर बाढ़ है। इसी बीच रात के सन्नाटे और अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने बैरिया पंचायत के दिलावरपुर दुर्गास्थान के समीप एक जेवर दुकान का शटर उखाड़कर लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिये। घटना की जानकारी सुबह दुकानदार संतोष शाह को मिली।पीड़ित दुकानदार ने अमदाबाद थाने में आवेदन देकर बताया कि वह रोज की तरह विगत शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह करीब पांच बजे सूचना मिली कि दुकान का शटर उखड़ा हुआ है। दुकान पहुंचने पर एक तरफ का शटर उखड़ा मिला। दुकान से 25 जोड़ी पायल, चांदी की 17 सिकड़ी, पांच ग्राम सोना, चांदी की 25 अंगूठियां, एक चांदी का चम्मच समेत अन्य जेवरात गायब थे। चोरी गये सामान की कीमत करीब 4.37 लाख रुपये बताई गई है।दुकानदार के अनुसार, चोरों ने घटना से पहले सोलर स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया था। इसके बाद बगल की किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार भी तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।



### कांग्रेसी नेता सह प्रतिष्ठित व्यवसायी गोपाल सोनी के निधन पर सांसद ने जताया शोक

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)** सांसद तारिक अनवर ने कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी, शिक्षाविद्, सुप्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी गोपाल सोनी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए शोक जताया है। सांसद श्री अनवर ने अपने शोक संदेश मे कहा कि गोपाल सोनी से मेरे व्यक्तिगत संबंध बहुत ही अच्छे थे। वे सरल स्वभाव के साथ साथ बेहद मिलनसार, नेकदिल, हंसमुख एवं सौम्य व्यवहार के व्यक्ति थे। वे सदैव हमारे स्मृतियों मे जीवित रहेंगे। उनका व्यक्तित्व और जनहित के कार्यों के प्रति सेवाभाव समर्पण हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने अपना सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन कांग्रेस पार्टी को न्योछावर किया। पार्टी और संगठन के प्रति उनका समर्पण,निष्ठा और सहयोग हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। सामाजिक कार्यों एवं कवि सम्मेलनों आदि में उनकी दिलचस्पी हमेशा रही। गोपाल सोनी के निधन पर कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, पूर्व विधायक सत्यनारायण प्रसाद, पूर्व विधायक सुनीता देवी, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सऊद आलम, वरिष्ठ नेता संजय सिंह, दिलीप विश्वास, विश्राम सिंह, खगेश सिंह, बी के ठाकुर, शंकर सिंह, बिमल सिंह बेगानी, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, नगर अध्यक्ष अ राज आनंद सिंह, नगर अध्यक्ष ब रिंकू मिश्रा, शाहनवाज खान, राजीव चाकी, पुतुल सिंह, निक्कू सिंह, विक्रम पासवान, अवधेश मंडल, भुवन अग्रवाल, प्रहलाद गुप्ता, प्रो विनोद यादव, डॉ बिपिन सिंह, अल्तमश दीवान, मेजर जमाल, सांसद के निजी सचिव गुलाम मोहम्मद शहदुल हक, आम्रपाली यादव, पप्पू कश्यप, प्रीतम चक्रबती, दामोदर चौबे, मो असलम, संतोष यादव, गिरिंद्र कुमार सिन्हा, मिनाक्षी श्वेता, मो. रियाज, मन्नी पासवान, मो इश्तियाक, नितिन सिंहा, विश्वनाथ साह,नवीन खंडेलिया, मुकेश कुमार साह, धनंजय ठाकुर, अरुण प्यासा, योगेंद्र यादव, बेचन पाण्डेय, मिथिलेश सिंह,पंचानंद नायक, अमर तिवारी, मो फिरोज मुतून, मोहर्रम खान आदि नेताओं ने शोक जताया एवं ईश्वर से उनके आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।



# आंगन में फैले बाढ़ के पानी में डूबने से दो वर्षीय मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** बाढ़ के पानी से उत्पन्न संकट के बीच शनिवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में घर के आंगन में फैले पानी में डूबने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना मनिहारी प्रखंड क्षेत्र के दिलारपुर वार्ड संख्या छह की है। मृतक मासूम की पहचान दो वर्षीय अभिमन्यु के रूप में हुई है। उसके पिता दिलखुश मंडल ने बताया कि शनिवार की दोपहर घर के सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान अभिमन्यु बिस्तर से नीचे उतरकर घर के आंगन में चला गया। आंगन में बाढ़ का पानी



फैला हुआ था। खेलने के क्रम में मासूम गहरे पानी में चला गया और डूब गया। पिता ने बताया कि जब बच्चे के डूबने की जानकारी मिली तो परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया। आनन-फानन में मासूम को उपचार के लिए मनिहारी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मामले से संबंधित आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। **वहीं** दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के बैदा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या आठ स्थित मालतीपुर गांव में शनिवार सुबह करीब नौ बजे बाढ़ के पानी में डूबने से लगभग दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान मालतीपुर गांव निवासी मो. बबलू के पुत्र आयान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बाढ़ का पानी घर के चारों ओर फैला हुआ है।शनिवार सुबह करीब आठ बजे बच्चे की मां खाना बना रही थी। इसी दौरान आयान घर के पीछे चला गया और बाढ़ के पानी में डूब गया। परिजनों ने उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की।

# बाबा गोरखनाथ धाम में न्यास समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** श्रावणी मेला के समापन के बाद बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर की व्यवस्थाओं और आगामी विकास कार्यों को लेकर न्यास समिति ने मंथन शुरू कर दिया है। मंदिर परिसर में शनिवार को आयोजित बैठक में वर्ष 2026 के श्रावणी मेला के आय-व्यय की समीक्षा के साथ मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ राजू कुमार ने की। बैठक में मेला के दौरान मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और उन्हें उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि बाबा गोरखनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में आने वाले समय में मंदिर परिसर की व्यवस्था को और व्यवस्थित करने की जरूरत है। बैठक में मेला के दौरान हुई आय तथा विभिन्न मदों में किए गए खर्च का लेखा-जोखा तैयार करने पर भी विचार किया गया। न्यास समिति ने मंदिर परिसर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाने तथा भविष्य में होने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को लेकर सुझाव रखे।

# सड़क से बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे मंत्री व विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच शनिवार को राहत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार और स्थानीय विधायक विजय सिंह को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। पीड़ितों का आरोप था कि जनप्रतिनिधि जलमग्न गांवों के अंदर जाकर लोगों की परेशानी देखने के बजाय भवानीपुर-कुंडी मुख्य सड़क से ही बाढ़ की स्थिति देखकर लौट रहे हैं। मंत्री और विधायक के सड़क से लौटने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफिले का घेराव कर दिया। आक्रोशित लोगों ने मंत्री, विधायक और सांसद के खिलाफ



जमकर नारेबाजी की। विरोध बढ़ने पर जनप्रतिनिधियों का काफिला मुख्य सड़क छोड़कर तटबंध के रास्ते काढ़ागोला की ओर निकल गया। प्रदर्शन कर रहे पंकज राम, कृष्णा कुमार, शिव कुमार, गीता देवी और जिम्मी देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि गांवों में लोग बाढ़ के पानी से घिरे हैं और कई परिवार ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। इसके बावजूद जरूरतमंदों को पॉलीथिन तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। लोगों ने कहा कि मोहना चांदपुर पंचायत के वार्ड 17 में शनिवार तक सामुदायिक रसोई शुरू नहीं हुई थी। वार्ड 5 में ग्रामीणों के विरोध के बाद सामुदायिक रसोई शुरू कराई गई। ग्रामीणों ने मवेशियों के लिए चारा,स्वच्छ पेयजल और शौचालय की व्यवस्था कराने की मांग की। उनका कहना था कि लंबे समय से जलजमाव के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। हंगामे की सूचना पर सीओ राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्रभावित इलाकों में सामुदायिक रसोई, पॉलीथिन शीट और पेयजल टैंकर की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।इस दौरान डीएम आशुतोष द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, जदयू नेता चंद्रमोहन सिंह,जदयू प्रदेश नेता अरविंद भगत,मुखिया प्रतिनिधि निधि ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गया राम आदि मौजूद रहे।

# रेल में बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए संयुक्त अभियान से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार में रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के कुशल नेतृत्व में तीन दिवसीय सघन मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कटिहार स्टेशन के अलावा मनिहारी, पूर्णिया, किशनगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर दर्जनों मेल एवं पैसेंजर ट्रेनों की सघन जांच की गई। विशेष अभियान के दौरान रेल राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले कुल 508 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। जिन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इन यात्रियों से



3,12,235 रुपये बतौर जुमार्ना वसूल किया गया। जबकि 2 बेटिकट यात्री जुमार्ना नहीं देने पर जेल भेजे गए। रेलवे मजिस्ट्रेट एवं वाणिज्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई ने विशेष टिकट जांच अभियान में एक रिकॉर्ड कायम किया है। अचानक हुई सघन जांच का असर रेलवे की टिकट बिक्री पर भी दिखाई दिया और विंडो टिकट की बिक्री में काफी वृद्धि दर्ज की गई। सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने सफल अभियान के लिए रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव का आभार व्यक्त करते हुए यात्रियों से उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना टिकट यात्रा कर रेलवे राजस्व को नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है। पकड़े जाने पर आर्थिक दंड के साथ नियमानुसार जेल की सजा भी हो सकती है।इस अभियान के दौरान रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के साथ पेशकार कुलदीप सिन्हा, नवीन कुमार, प्रिंस कुमार, आदित्य कुमार, शशि, विश्वास सहित पूरी टीम के सदस्य मौजूद रहे। वही इस अभियान में दो दर्जन से अधिक वाणिज्य कर्मियों के साथ रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

# जीआईएस आधारित मास्टर प्लान के कार्य की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार आयोजना क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे जीआईएस आधारित मास्टर प्लान के कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए शनिवार को नगर आयुक्त के कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार की ओर से चयनित एजेंसी एक्सल जियोमैटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ मास्टर प्लान से संबंधित कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अब तक किए गए कार्यों, जीआईएस आधारित डेटा एवं मैपिंग की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने एजेंसी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीआईएस आधारित मास्टर प्लान के माध्यम से कटिहार आयोजना क्षेत्र में भविष्य की शहरी विकास योजनाओं को बेहतर एवं व्यवस्थित रूप से तैयार करने में मदद मिलेगी।

# साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त ने वार्ड 30 अमला टोला का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम कटिहार की ओर से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर एवं प्रभावी बनाए रखने को लेकर लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा सड़क, गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था को देखा। इस दौरान जहां कहीं भी सफाई व्यवस्था में कमी पाई गई, वहां संबंधित कर्मियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त श्री कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने, कूड़े का उठाव समय पर सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं फैलने देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी रखने तथा आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के आगमन की तैयारियों को लेकर समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण को समर्पित ह्यसेवा संकल्प अभियान - 2026ह्ल का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्षो की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के विभिन्न वर्गो की व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री सह कटिहार जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्राणपुर विधायक सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय , जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी,सौरभ कुमार मालाकार शामिल रहे । प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री प्रमोद कुमार ने सेवा संकल्प अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को उनके 25 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पूरे बिहार में विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि जनभागीदारी, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुँचाने, युवाओं एवं कार्यकताओं की सहभागिता बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी कार्यो को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया जाएगा। साथ-साथ प्रभारी मंत्री नेबिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के कटिहार आगमन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम संगठनात्मक आगमन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए कार्यकताओं द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। नगर सज्जा, स्वागत कार्यक्रम, संगठनात्मक व्यवस्थाओं तथा कार्यकताओं की सहभागिता को लेकर विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं से सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना के साथ ह्यसेवा संकल्प अभियान-2026ह्ल को सफल बनाने तथा प्रदेश अध्यक्ष के कटिहार आगमन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### 14 लाख रुपये के पीएफ क्लेम में 35 दिन की देरी, ईपीएफओ को लगा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई कंज्यूमर कमीशन ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को सेवा में कमी का दोषी ठहराया है। आयोग ने 14 लाख रुपये से ज्यादा के पीएफ क्लेम को तय समय में निपटाने में 35 दिन की देरी के मामले में ईपीएफओ को रिटायर्ड कर्मचारी को 6% सालाना ब्याज देने का आदेश दिया है। बेसिन की एक शिपिंग कंपनी 'फ्लीट मैरीटाइम सर्विसेज' के पूर्व कर्मचारी ने आयोग में याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने 19 अक्टूबर 2016 को अपने पीएफ क्लेम का



आवेदन दिया था। नियम के अनुसार, ईपीएफओ को 20 दिनों के भीतर दावे का निपटारा करना होता है, लेकिन संस्थान ऐसा करने में विफल रहा। ईपीएफओ ने अपनी सफाई में कहा कि कर्मचारी ने शुरुआती आवेदन के साथ आवश्यक संयुक्त घोषणा पत्र संलग्न नहीं किया था। इसलिए, 7 नवंबर 2016 को उनका फॉर्म लौटा दिया गया था। संपूर्ण दस्तावेज 2 दिसंबर 2016 को मिले थे, जिसके बाद 14 दिसंबर 2016 को 20 दिनों की तय समयसीमा के भीतर दावा निपटा दिया गया था। कमीशन ने ईपीएफओ की दलील क्यों नहीं मानी कंज्यूमर कमीशन ने ईपीएफओ की दलील को खारिज करते हुए कहा कि संगठन यह साबित नहीं कर सका कि 19 अक्टूबर 2016 को जमा किया गया क्लेम अधूरा था। आयोग ने खास तौर पर इस बात पर गौर किया कि ईपीएफओ ने कोई लिखित अस्वीकृति पत्र या दस्तावेजों में कमी की सूचना पेश नहीं की। ऐसे में आयोग ने माना कि ईपीएफओ को तय समय के भीतर क्लेम का निपटारा करना चाहिए था। आयोग के अनुसार, ऐसा नहीं करना 'सेवा में कमी' के दायरे में आता है। कमीशन ने ईपीएफओ को 14,06,272 रुपये की पीएफ क्लेम राशि पर 35 दिनों की देरी के लिए 6% सालाना की दर से ब्याज देने का आदेश दिया है। ब्याज की अवधि 9 नवंबर 2016 से 13 दिसंबर 2016 तक मानी गई है। ईपीएफओ को आयोग के आदेश का पालन करने के लिए 45 दिनों का समय दिया गया है।

### कर्ज के दबाव में एसपी ग्रुप... टाटा संस में 7% स्टेक बेचने का बड़ा प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शापूरजी पलोनजी ग्रुप के चेयरमैन शापूर मिस्त्री ने टाटा ग्रुप की प्रमुख होल्डिंग कंपनी टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी के एक हिस्से को बेचने की योजना बनाई है। इसके जरिए अगले 24 महीने में करीब 25,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में हैं। बता दें कि स्क्रग्रुप के पास टाटा संस की अनुमानित 18.37% हिस्सेदारी है। इसमें से लगभग 7% हिस्सेदारी बेचकर पैसे जुटाने की योजना है। ईटी की एक खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शापूर मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा को इस प्रस्ताव के साथ पत्र लिखा है। सूत्र के मुताबिक टाटा संस के अधिकारी इस पर चर्चा कर सकते हैं क्योंकि दोनों पक्ष इस मामले का समाधान चाहते हैं। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि स्क्रग्रुप के चेयरमैन जुलाई तक टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और नोएल टाटा के साथ हिस्सेदारी के एक हिस्से से पैसे जुटाने पर चर्चा कर रहे थे। हालांकि, अगस्त में चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति से इनकार करने के बाद चंद्रशेखरन ने इससे जुड़ी चर्चाओं में हिस्सा नहीं लिया है। शापूर मिस्त्री के मौजूदा प्रस्ताव में टाटा संस से अपनी कुछ हिस्सेदारी के बदले एक तय अवधि में नकद भुगतान हासिल करने की बात है। मिस्त्री के प्रस्ताव से एसपी ग्रुप को अपनी हिस्सेदारी के एक हिस्से के बदले कैश जुटाने में मदद मिल सकती है।

# 135 साल पुराना कानून खत्म

## बैंकों के डिजिटल रिकॉर्ड कोर्ट में होंगे मान्य, 1 अक्टूबर से नियमों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकिंग रिकॉर्ड को कानूनी सबूत के तौर पर इस्तेमाल करने से जुड़े करीब 135 साल पुराने कानून में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 2026 आगामी 1 अक्टूबर 2026 से लागू होगा। यह कानून 1891 के पुराने कानून की जगह लेगा और बैंकिंग रिकॉर्ड के लिए आधुनिक और टेक्नोलॉजी-न्यूट्रल कानूनी व्यवस्था उपलब्ध कराएगा।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह नया कानून कागजी (भौतिक), इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और क्लाउड-आधारित बैंकिंग रिकॉर्ड के लिए एक आधुनिक और तकनीक-तटस्थ कानूनी ढांचा प्रदान करेगा। इस अधिनियम को 13 अगस्त 2026 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली थी। 10 सितंबर को जारी एक अधिसूचना के जरिए 1 अक्टूबर से इसे लागू करने की तारीख तय की गई है। कारोबार बढ़ाने में होगी आसानी

वित्त मंत्रालय ने बताया कि नए



कानून का उद्देश्य बैंकिंग व्यवस्था में इस्तेमाल होने वाली नई तकनीकों के अनुरूप कानूनी नियमों को बदलना है। इससे कारोबार करने में आसानी बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के कानूनी ढांचे को आधुनिक बनाने में भी मदद मिलेगी। नए ढांचे के तहत बैंकर्स बुक्स (बैंक रिकॉर्ड) में न केवल लिखित या कागजी रिकॉर्ड शामिल होंगे, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, वर्चुअल, ऑफसाइट और क्लाउड पर सुरक्षित डेटा भी शामिल होगा।

आसान और मानकीकृत प्रमाणन

बैंकिंग रिकॉर्ड के सत्यापन की प्रक्रिया को सरल और मानकीकृत किया गया है। अब रिकॉर्ड के प्रमाणपत्रों को मैनुअल, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षरों के माध्यम से प्रमाणित किया जा सकेगा। सिस्टम का सुचारू संचालन, अधिकृत डेटा प्रविष्टि, अनाधिकृत बदलावों से सुरक्षा, सुरक्षित डेटा ट्रांसफर और साइबर जोखिमों से बचाव शामिल हैं।

### बैंक अधिकारियों के लिए स्पष्ट नियम

अगर किसी कानूनी मामले में बैंक स्वयं कोई पक्ष नहीं है, तो बैंक अधिकारियों को गवाह के रूप में बुलाने या ओरिजिनल रिकॉर्ड पेश करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। अदालतें केवल किसी विशेष कारण को लिखित में दर्ज करके ही ऐसा आदेश दे सकती हैं। कानून में विशेष कारण का अर्थ रिकॉर्ड की सटीकता या प्रामाणिकता पर संदेह होना, नियमित रिकॉर्ड-कीपिंग में रुकावट आना, या बैंक द्वारा अदालत के आदेश का पालन न करना शामिल है। केंद्र सरकार जरूरत के मुताबिक इस कानून के प्रावधानों को कुछ अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं या संस्थाओं की विशेष श्रेणियों पर भी लागू कर सकती है। इसके लिए सरकार अलग से शर्तें, अपवाद या बदलाव अधिसूचित कर सकेगी। यह अधिनियम बैंकिंग साक्ष्य अधिनियम, 1891 को पूरी तरह से निरस्त कर देगा। अधिकारों, देनदारियों, जांच और कानूनीवाहियों को संरक्षित रखा जाएगा। वित्त मंत्रालय का कहना है कि इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंकिंग रिकॉर्ड से जुड़े कानून देश की तकनीकी प्रगति और वित्तीय प्रणाली की बदलती जरूरतों के कदम से कदम मिलाकर चल सकें।

### सिर्फ 6 महीनों में 36 लाख, बचपन के तीन दोस्तों ने बनाया ऐसा मॉडल कि बरसने लगा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है बचपन के तीन दोस्तों की। इनके नाम हैं - ऋषभ जैन, दीपेश कटारिया और मिताली ठाकुर। तीनों सोनीपत के एक स्कूल में साथ पढ़ते थे। मिलावट से भरी डेयरी इंडस्ट्री को चुनौती देते हुए इन्होंने 'गोपालक फार्म्स' की शुरुआत की है। यह पारंपरिक वैदिक बिलोना विधि से शुद्ध ए2 घी और दूसरे ऑर्गेनिक प्रोडक्ट बनाता है। स्टार्टअप ने सितंबर 2025 में अपना कमर्शियल कामकाज शुरू किया और छह महीने में 36 लाख का रेवेन्यू हासिल किया। आइए यहां ऋषभ जैन, दीपेश कटारिया और मिताली ठाकुर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। ऋषभ जैन, दीपेश कटारिया और मिताली ठाकुर की दोस्ती सोनीपत के एक स्कूल में आठवीं कक्षा से शुरू हुई थी। हायर एजुकेशन के बाद तीनों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कदम रखा। ये क्षेत्र थे पारिवारिक व्यवसाय, वकालत और बैंकिंग। फरवरी 2022 में उन्होंने दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल कार्ड्स के जरिए कॉफी बेचने का पहला स्टार्टअप शुरू किया। सप्लाई चेन और मैनेजमेंट की कमियों के कारण अक्टूबर 2022 में 8 रुपये लाख के नुकसान के साथ यह बंद हो गया। हालांकि, इस असफलता ने उन्हें टूटने के बजाय मजबूत ऑपरेशंस और पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने का महत्वपूर्ण सबक दिया। 2024 के मध्य में दोबारा एक साथ आकर तीनों ने भारत के डेयरी उद्योग का गहन अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि ज्यादातर ब्रांड केवल बिचौलिये का काम करते हैं। इससे गुणवत्ता और शुद्धता प्रभावित होती है।

### 'मुंबई से राजकोट का टिकट काट दो', जीपीटी ने आईआरसीटीसी पर दिखाई ताकत, मिनटों में तैयार हो गया बुकिंग फॉर्म

**नई दिल्ली:** ट्रेन की ऑनलाइन टिकट बुक करने में अगर आपको भी परेशानी होती है तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी मदद कर सकता है। एआई की बढ़ती क्षमताओं को लेकर एक नया प्रयोग सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने दावा किया है कि उसके कहने पर वेबसाइट पर ट्रेन टिकट बुक करने की प्रक्रिया को लगभग खुद पूरा कर दिया। इस प्रयोग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है




और लोग चर्चा कर रहे हैं कि एआई अब रोजमर्रा के ऑनलाइन कामों को कितनी आसानी से संभाल सकता है। क्रिएटर के मुताबिक, इस प्रयोग का आइडिया उसे अपने एक रील पर आए कमेंट से मिला। एक यूजर ने पूछा था कि क्या वेबसाइट के जरिए ट्रेन टिकट बुक कर सकता है। इसके बाद क्रिएटर ने खुद इस दावे को टेस्ट करने का फैसला किया। क्रिएटर ने बताया कि उसने चैटजीपीटी एस्ट्रा खोला और उसे एक सामान्य सा निर्देश दिया। उसने एआई से कहा कि उसे 20 सितंबर को रात 9 बजे से 11 बजे के बीच मुंबई से राजकोट के लिए दो लोगों की क्लास में ट्रेन टिकट बुक करनी है और ब्राउजर का इस्तेमाल करना है। इसके बाद एआई ने कथित तौर पर खुद ब्राउजर पर आईआरसीटीसी की वेबसाइट को नेविगेट करना शुरू कर दिया। उसने मुंबई और राजकोट के स्टेशन चुने, यात्रा की तारीख और समय की जानकारी दर्ज की और उपलब्ध ट्रेनों को सर्च किया। एआई ने अलग-अलग ट्रेनों में सीट की उपलब्धता भी चेक की।

# एक ही सप्ताह में बढ़ा 45 अरब डॉलर

## भंडार पहुंचा 785.7 बीए पर



**मुंबई, एजेंसी।** यह लगातार 10वां सप्ताह है जबकि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, रिजर्व बैंक की योजना तेजी से परवान चढ़ रही है। रिजर्व बैंक ने जो योजना शुरू की थी, उसमें अभी तक 136 से भी ज्यादा राशि आ चुकी है। बीता 04 सितंबर को समाप्त सप्ताह लगातार 10वां सप्ताह रहा जबकि अपने विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 43 की कमी हुई थी। अब अपना कुल एसडीआर भंडार घट कर 18.806 का रह गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 2 की कमी हुई है। एक सप्ताह पहले इसमें 11 की कमी हुई थी। अब अपना आईएमएफ रिजर्व घट कर 4.916 का रह गया है। रिजर्व बैंक ने पिछले दिनों जो प्रोविजनल डेटा जारी किया था, उसमें बताया गया था कि अगस्त तक इस योजना में अब तक 136 से ज्यादा राशि आ चुकी थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में कितनी बढ़ोतरी

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 04 सितंबर 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 44.903 की तगड़ी बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 11.48 की भारी बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 785.706 का हो गया है।

### एफसीए भंडार कितना बढ़ा

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 4 सितंबर 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में भी 47.494 की वृद्धि हुई है। एक सप्ताह पहले भी इसमें 9.34 की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 648.186 का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के दाम में थोड़ा करेक्शन हुआ है। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में 2.594 की कमी हुई है। एक सप्ताह पहले इसमें 12.19 की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपने सोने के भंडार की वैल्यू घट कर 113.816 का रह गया है।

# बंटी का साबुन जो सिर्फ बिका नहीं, आदत बन गया

## वो लाल बट्टी वाला 'लाइफबॉय' जिसने बदली घर-घर की कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान यूनिलीवर का 'लाइफबॉय' सिर्फ एक साबुन नहीं है। यह भारतीय पर्सनल केयर मार्केट में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा का पर्याय बन चुका ब्रांड है। साल 1895 में यह लॉन्च हुआ था। शुरू से लाइफबॉय ने भारत में सौंदर्य के बजाय 'बीमारी से बचाव' और 'कीटाणु सुरक्षा' को अपनी पहचान बनाकर नया बाजार तैयार किया। कभी 'लाल बट्टी' से पहचाने जाने वाले इस साबुन ने भारतीय घरों में पहुंचकर आदत बदलने का काम किया। आइए, यहां लाइफबॉय की सफलता और बदलाव के इस पूरे सफर के बारे में जानते हैं। जब लाइफबॉ ने भारतीय बाजार में दस्तक दी, तब ग्रामीण




क्षेत्रों में साबुन का इस्तेमाल सीमित था। स्वच्छता को लेकर जागरूकता कम थी। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर भी कमजोर था। 'लाइफबॉय' ने साबुन को सिर्फ सफाई का साधन न मानकर बीमारियों से बचाने वाली जरूरत के रूप में पेश किया। अपनी आक्रामक किफायती मूल्य निर्धारण रणनीति और छोटे पैक के बल पर ब्रांड ने ग्रामीण बाजारों में अपनी पहुंच बनाई। आम आदमी के लिए इसे बेहद सुलभ उत्पाद बना दिया।

### चुनौतियों में भी टिका रहा


डेटॉल जैसे प्रतिस्पर्धियों से सीधी टक्कर, सुगंधित सौंदर्य साबुनों की बढ़ती मांग और कड़े औषधीय अनुभव जैसी चुनौतियों के बावजूद एचयूएल के मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क ने लाइफबॉय की बाजार हिस्सेदारी को कायम रखा। कोरोना महामारी के दौरान भी ब्रांड ने अपने हाइजीन मैसेजिंग को मजबूती से स्थापित किया। लाइफबॉय की यह यात्रा साबित करती है कि कैसे सही री-फॉर्म्युलेशन, सामाजिक उद्देश्य और मजबूत वितरण नेटवर्क के बल पर दशकों पुराने ब्रांड को हमेशा प्रासंगिक रखा जा सकता है।

### इमेज के साथ बदली स्ट्रैटेजी

शुरुआती दिनों में लाइफबॉय को कारबोलिक लाल बट्टी और सख्त गंध के कारण मुख्य रूप से 'पुरुषों और कड़े इस्तेमाल' का साबुन माना जाता था। इस इमेज को बदलकर 2000 के दशक की शुरुआत में ब्रांड ने अपना मेकओवर किया। कंपनी ने उत्पाद की गंध में सुधार किया। त्वचा के अनुकूल हल्के फॉर्मूले तैयार किए। पैकेजिंग को आधुनिक बनाया। इसके साथ ही बदलती जरूरतों को देखते हुए लाइफबॉय टोटली केयर, लेमन फ्रेश, लिक्विड हैंडवॉश, हैंड सैनिटाइजर और बॉडी वॉश जैसे वेरिएंट भी बाजार में उतारे। लाइफबॉय का ऐड कैंपेन सिर्फ कमर्शियल सेल तक सीमित नहीं रहा। इसके बजाय इसने व्यवहार परिवर्तन और जन-स्वास्थ्य जागरूकता पर बल दिया।

# डॉलर को झटका! मोदी और पुतिन बना रहे ऐसा जुगाड़ कि चुटकियों में होगा ट्रेड पेमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-रूस आपसी व्यापार में लेनदेन के लिए डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल करने के तरीके पर काम कर रहे हैं। इससे दोनों देशों के बीच क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स का नया रास्ता खुल सकता है। व्यापार बढ़ाने की कोशिशों के तहत इस दिशा में कदम बढ़ाया गया है। रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बरबैंक' के सीईओ हरमन ग्रेफ ने कहा कि रूस का सेंट्रल बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सिस्टम पर काम कर रहे हैं। ब्लूमबर्ग की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह पहल ऐसे समय में की जा रही है जब दोनों देश आपसी व्यापार में पेमेंट से जुड़ी दिक्कतों को कम करने और आर्थिक संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत और रूस के बीच यह बातचीत ब्रिक्स की उस बड़ी कोशिश के तहत हो रही है, जिसका मकसद सीमाओं के पार पैसे के लेनदेन के लिए ज्यादा बेहतर तरीके विकसित करना है। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों



और सेंट्रल बैंक के गवर्नरों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने बेहतर सीमा-पार पेमेंट सिस्टम की संभावनाओं पर चर्चा की है। एक ज्वाइंट स्टेटमेंट में उन्होंने कजान और रियो घोषणाओं में नेताओं से मिले निर्देशों के आधार पर 'ब्रिक्स क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स इनिशिएटिव' के तहत व्यावहारिक समाधान खोजने में 'ब्रिक्स पेमेंट टास्क फोर्स' के काम को सराहा। चैनलों की सीमा-पार इंटरऑपरेबिलिटी (एक-दूसरे के साथ काम करने की क्षमता) का अध्ययन किया है। ब्रिक्स देशों की स्थानीय करेंसी का इस्तेमाल करके व्यापार के लेनदेन और निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा की है। यह समझना चाहिए कि क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट के लिए कोई एक ही तरीका सभी पर लागू नहीं हो सकता।

### अभी बस शुरुआत

नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए ग्रेफ ने कहा, 'अभी तो यह बस शुरुआत है। लेकिन, हमें दोनों देशों के बीच सभी तरह के लेनदेन के लिए डिजिटल करेंसी में बहुत बड़ा मौका दिख रहा है।' भारत में ब्रिक्स का सालाना समिट हो रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल करेंसी की मांग बढ़ेगी। इसमें तेजी से विकास होगा। रूस ने 1 सितंबर को सरकारी नियंत्रण वाले स्बरबैंक समेत अहम बैंकों के जरिए अपनी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी 'डिजिटल रूबल' लॉन्च की थी। वहीं, भारत ने 2022 में पायलट आधार पर अपनी डिजिटल करेंसी लॉन्च की थी। अब इसका इस्तेमाल कुछ सरकारी कार्यक्रमों में हो रहा है। क्रेमलिन ने गुरुवार को कहा कि रूस इस हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले समिट में ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगी देशों के साथ व्यापार के लेनदेन के लिए डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल पर चर्चा करेगा। भारत ने भी आपसी व्यापार और सीमा-पार पेमेंट के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल का समर्थन किया है। ग्रुप ने कहा कि टास्क फोर्स को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान करना चाहिए।

# काम ऐसा कि सुनकर नहीं होगा यकीन! पीठ खुजाने, बैग उठाने और गले लगाने तक के लिए मिलते हैं पैसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में इस समय काफी लोग अजीबोगरीब काम करने के तरीके से अपना ध्यान खींच रहे हैं। कोई पीठ खुजाने का काम कर रहा है तो कोई शॉपिंग करने आए किसी शख्स का थैला उठाने का। वहीं कोई किसी के साथ समय गुजारने और मूवी देखने के लिए भी पैसा ले रहा है। ऐसे काम में सिर्फ लड़के ही नहीं, बल्कि लड़कियां भी शामिल हैं।

### शॉपिंग के लिए पर्सनल हेल्पर

अगर आप शॉपिंग के दौरान भारी बैग उठाने और भीड़ की थकान से बचना चाहते हैं, तो दिल्ली के लाजपत नगर मार्केट में नाम की डिजिटल सर्विस शुरू हुई है। इसके तहत करीब 149 रुपये प्रति घंटे की दर से पर्सनल हेल्पर लिया जा सकता है। दुकानों का रास्ता दिखाएगा, खाने और बिलिंग की लाइनों में खड़ा रहेगा।




### पीठ खुजाकर लाखों की कमाई

दुनिया के कई देशों में लोग दूसरों की पीठ खुजाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। चीन में एक व्यक्ति लोगों की पीठ खुजाकर कर महीने करीब 24 लाख रुपये कमा रहा है। वहीं अमेरिका के न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में 'स्क्रैच थेरेपी' काफी पॉपुलर हो रही है। लोग मसाज की तरह स्क्रैचिंग सेशन के लिए बुकिंग करवाते हैं। स्पा और थेरेपी होम में 1 घंटे तक पीठ या शरीर खुजवाने के लोग करीब 9500 रुपये तक देते हैं। लॉन्चिंग पर लंबी लाइनों में लगने का झंझट किसे पसंद है लंदन के फ्रेडी बेकिट अमीर और व्यस्त लोगों की जगह लाइन में खड़े होने का काम करते हैं। साल 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वह इस काम के लिए करीब 2000 रुपये प्रति घंटे लेते थे और एक दिन में करीब 16000 रुपये तक कमा लेते थे।

# व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## आठ बेंचों में 18804 वादों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची द्वारा किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय की अध्यक्षता में पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हाल में सभी न्यायिक पदाधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर शामिल हुए।

आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय योग्य विभिन्न मामलों का मौके पर निस्तारण एवं आम लोगों को सुलभ और खर्च एवं समय के बचत कर त्वरित न्याय दिलाने तथा अदालतों में लंबित मुकदमों के बोझ को कम करने के उद्देश्य से सफल आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल आठ बेंचो का गठन किया गया। जिसमें (18,864) अठारह हजार आठ सौ चौसठ वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 5 करोड़ 85 लाख 56 हजार 476 रुपए का समझौता कराया गया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब



न्यायालय रजनीकांत पाठक, अपर सत्र न्यायधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र, डालसा सचिव रूपा बंदना किरो अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक प्रभारी न्यायधीश विजय कुमार दास पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के अधिवक्ता मेडियटर अधिवक्ता, स्थाई लोक अदालत के सदस्य, विभिन्न बैंकों के अधिकारी,न्यायालय कर्मी, संबंधित विभाग के अधिकारी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स समेत वादी प्रतिवादी उपस्थित रहें।

## बाइक की ठोकर से किशोरी की मौत

सरायकेला। जिले के राजबांध हनुमान मंदिर के समीप मुख्य सड़क पर शनिवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 14 वर्षीय किशोर अमन अंसारी की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में ले लिया। घटना से नाराज लोगों ने मुख्य सड़क जाम कर हंगामा किया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार, कमालपुर गांव निवासी अमन अंसारी अपने बड़े भाई परवेज से मिलने राजबांध स्थित उनकी वेल्डिंग की दुकान पर आया था। इसी दौरान वह मुख्य सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही मैक्सिमो यात्री गाड़ी से जा टकराई। इसी क्रम में अमन मैक्सिमो के चक्के के नीचे आ गया। गंभीर रूप से घायल अमन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

# एक ही कब्र में दफन हुईं दो बच्चियां

## स्कूल से लौटते वक्त तालाब में डूबने से हुई थी मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के गुरुआ प्रखंड के नवावचक गांव में दो मासूम सहेलियों की मौत ने पूरे इलाके को भावुक कर दिया। अलग-अलग जाति के परिवारों से आने वाली 13 वर्षीय सुप्रिया और सुहानी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इसके बाद दोनों परिवारों ने समाज के लिए मिसाल पेश करते हुए बेटियों को एक ही कब्र में दफन किया। उनकी आखिरी विदाई ने इंसानियत और दोस्ती की ऐसी तस्वीर दिखाई, जिसकी हर ओर चर्चा हो रही है।

गुरुआ प्रखंड के नवावचक गांव निवासी मनोज चौधरी की 13 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी और अमरेन्द्र यादव की 13 वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी आपस में गहरी दोस्त थीं। दोनों रोज की तरह स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही थीं। रास्ते में तालाब के किनारे रुककर दोनों पैर धोने लगीं। इसी दौरान एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए दूसरी सहेली भी पानी में उतर गई, लेकिन दोनों पानी में डूब गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चियों को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में मातम पसर गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं।

### इलाके में बनी चर्चा, समाज के लिए छोड़ गईं संदेश

सबसे भावुक पल तब आया, जब अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हुई। एक बच्ची चौधरी परिवार से थी, जबकि दूसरी यादव परिवार की बेटी थी। बावजूद इसके, दोनों परिवारों ने जाति के भेदभाव को दरकिनार कर अपनी बेटियों की दोस्ती को सबसे बड़ा सम्मान देने का फैसला किया। परिजनों और ग्रामीणों की सहमति से दोनों सहेलियों को एक ही कब्र में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं।

दो मासूम सहेलियों की यह आखिरी विदाई अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव के लोग कह रहे हैं कि जिन दो बच्चियों ने जीवनभर दोस्ती निभाई, उन्हें मौत भी अलग नहीं कर सकी। दोनों परिवारों के इस फैसले ने इंसानियत, आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की है। उनकी दोस्ती समाज से एक सवाल भी पूछती है। जब दो मासूमों की दोस्ती में कभी जाति की दीवार नहीं थी, तो समाज में यह दीवार क्यों?

# जंगल से सिर कटी लाश बरामद, सनसनी

## शव के पास मिले लाल कपड़े और अगरबत्ती

### गिरिडीह से बॉयफ्रेंड हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद ।** एक महिला की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक, महिला का शव खेरबाड़ी इलाके के जंगल में मिला। घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर ढांगी गांव में खेत के पास एक प्लास्टिक के बोरे से महिला का कटा हुआ सिर बरामद किया गया। पुलिस ने शव की पहचान पड़ोसी जिले गिरिडीह की रहने वाली पूनम कुमारी के रूप में की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

बालीापुर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के अनुसार, महिला के शव के पास लाल कपड़े के कुछ टुकड़े और अगरबत्ती भी मिली है। वहीं, बरामद सिर पर खून लगा हुआ था। इन परिस्थितियों को देखते हुए



पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

पुलिस ने मामले में मृतका के बॉयफ्रेंड को गिरिडीह से हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह और वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका को लेकर पुलिस अभी जांच कर रही है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद के खिलाफ छिड़ा इंटरनेट विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बाप आप कहां हो, सब लोग पूछ रहे हैं...₹ सोशल मीडिया पर यह कोई फिल्मी संवाद या भावुक अपील नहीं, बल्कि बिहार के जमुई सांसद अरुण भारती के खिलाफ इंटरनेट पर वायरल हो रहे उस तीखे सियासी अभियान की बानगी है, जिसने बिहार के एनडीए कुनबे के भीतर जुबानी बारूद सुलगा दिया है। सांसद अरुण भारती द्वारा चुनाव आयोग को दिए गए शपथ पत्र (हलफनामे) में माता-पिता के कॉलम में केवल मां ज्योति का नाम दर्ज होने और पिता का नाम गायब रहने का मामला अब जमुई से लेकर पटना तक आग की तरह फैल चुका है। इस सियासी बवंडर की शुरूआत तब हुई, जब हम के सिकंदरा विधानसभा से विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी ने सार्वजनिक मंच से सीधे सांसद अरुण भारती से उनके पिता का नाम पूछ लिया। विधायक मांझी बाकायदा वोटर लिस्ट, नामांकन हलफनामा और अन्य दस्तावेज लहराते हुए जनता के बीच यह सवाल दाग रहे हैं कि एक निर्वाचित जननेता को अपने हलफनामे में पिता का नाम दर्ज कराने में क्या परहेज था?

## ज्वेलर्स लूटकांड का खुलासा

# 10 दिनों में तीन आरोपी धराये, हथियार-कारतूस भी मिले

### छह सदस्यीय टीम ने बिछाया था छापेमारी का जाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के अमड़ापाड़ा बाजार स्थित किशुन वर्मा ज्वेलर्स में हुई हथियारबंद लूट का पुलिस ने महज 10 दिनों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब एक किलो चांदी के जेवर, 12,700 रुपए नकद, तीन देसी हथियार, पांच जिंदा कारतूस, लूट में इस्तेमाल दो बाइक समेत जेवर दुकान से जुड़ी कई सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधियों में देवघर जिले का प्रवीण कुमार उर्फ पारो उर्फ प्रवीण कुमार यादव तथा बिहार के बांका जिले के हर्ष आनंद उर्फ हर्ष यादव और कमल कुमार किशोर उर्फ कमल यादव के अलावे एक अपराधी ने घटना को अंजाम दिया था। एसपी अनुदीप सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर को अमड़ापाड़ा बाजार में दुर्गा मंदिर के समीप किशुन वर्मा ज्वेलर्स में तीन हथियारबंद अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। दुकान मालिक आकाश वर्मा के फर्दबयान पर थाना में कांड संख्या 68/26 दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की थी। छह टीमों ने लगातार तकनीकी, वैज्ञानिक और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच और छापेमारी की। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तीनों से पूछताछ की।

पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपियों ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर करीब एक किलो चांदी



के आभूषण, जिसमें हेयर क्लिप, 33 सिक्के, कमरबंद, तीन जोड़ी कड़े व अन्य जेवर बरामद किए गए। इसके अलावा जेवर रखने वाली पांच ट्रे, किशुन वर्मा ज्वेलर्स लिखे तीन छोटे बैग, आभूषण नापने की मशीन, छह प्लास्टिक डिब्बे, जेवर गलाने में इस्तेमाल होने वाले पत्थर के दो टुकड़े और नकदी बरामद हुई।

**तीन हथियार और पांच जिंदा कारतूस मिले-** पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, 7.65 एमएम के पांच जिंदा कारतूस और 315 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा एक खाली पिस्टल मैगजीन भी जब्त की गई है। लूट में इस्तेमाल एक काले रंग की पैशन प्रो बाइक और एक पल्सर एन-160 बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन भी मिले हैं।

**अंतरराज्य गृह में शामिल है प्रवीण-** पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार प्रवीण कुमार उर्फ पारो का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ देवघर, बोकारो, जामताड़ा और गोड्डा जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2023 से 2026 तक बोकारो, जामताड़ा और गोड्डा में ज्वेलरी दुकान, शराब दुकान और जुआ अड्डे में लूट समेत कई घटनाओं में वांछित रहा है।

उसके खिलाफ देवघर जिले के विभिन्न थानों में भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**छापेमारी टीम में ये पदाधिकारी थे मौजूद-** अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगड़ा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, पुअनि अजय कुमार उपाध्याय, पुअनि दिलीप बास्की, पुअनि राहुल कुमार गुप्ता, पुअनि अनिल कुमार पंडित के अलावे अन्य मौजूद थे।

# धनबाद प्रेस क्लब की मानसून खेल महोत्सव की जर्सी लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भागदौड़ वाली जिंदगी में खेल का बहुत बड़ा महत्व है। विशेष कर पत्रकारों के लिए यह आवश्यक है। क्योंकि पत्रकारों की जिंदगी दिन भर भागदौड़ वाली होती है। ऐसे में खेल महोत्सव टीम भावना, आपसी सौहार्द को उजागर करता है। भारत और झारखंड सरकार भी इस दिशा में काफी पहल कर रही है। यह बातें केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. एके मिश्रा ने कही।

शनिवार को मेमको मोड़ स्थित 99 ग्रुप आफ कंपनिज के सभागार में धनबाद प्रेस क्लब के मानसून खेल महोत्सव के जर्सी को लांच किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डा. एके मिश्रा, आइआइटी-आइएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, 99 ग्रुप के सीएमडी श्याम पांडेय समेत प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

रजिस्ट्रार श्री पांडेय ने कहा कि 2036 में होने वाली आलांपिक की दावेदारी भारत कर रहा है। दिन प्रतिदिन खेल के प्रति युवाओं में आकर्षण बढ़ता जा रहा है। खेल ऐसी विद्या है कि विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाता है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन खेल में बहुत कम मेडल मिलते हैं। भारत एक विशाल देश है। ऐसे में खेल के मामले में इसे विश्व के टाप पांच देशों में शामिल

### वर्ष 2036 में होने वाली आलांपिक की दावेदारी कर रहा भारत : श्री पांडेय

होना चाहिए। ऐसे आयोजन से बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति लगाव बढ़ता है। इसमें पत्रकारिता का अहम योगदान होता है। मानसून खेल महोत्सव में पत्रकार शामिल होते हैं तो इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने कहा कि खेल को लेकर धनबाद में एक अच्छा माहौल बनता जा रहा है। हाल के दिनों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं धनबाद में आयोजित हुई हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को खेल से जोड़ना एक अच्छी पहल है।

16-17 सितंबर को 99 स्पोर्टस कांप्लेक्स में आयोजित होने वाले मानसून खेल महोत्सव के लिए पांच रंगों की अलग-अलग जर्सी को अतिथियों ने लांच किया। इस दौरान प्रेस क्लब के वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण, समेत बलवंत कुमार, शरद पांडेय, मनोज शर्मा, चंदन पाल, सुरेंद्र यादव, प्रतीक पोपट, नवीन राय, दिलशाद खान, अरुण वर्णवाल, बलराम दुबे, शाहीद राकेश बर्मा, अफरोज कुरैशी, राजेन्द्र बर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# सफल प्रतिभागी को सांसद ने पुरस्कृत किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** पिछले दिनों तीन दिवसीय इंटरा- स्कूल के चेस टूर्नामेंट का आयोजन मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के सफल प्रतिभागी जिसमें गर्ल शेकसन में आद्यया शर्मा प्रथम कृतिका द्वितीय



स्थान के लिए संस्था में उपस्थित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सारवगी ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर लड़कों के जूनियर सेक्शन से विराट वर्ग 8 व आबूसाद वर्ग 7 को द्वितीय को भी प्रदेश अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीनियर से प्रथम ऋषि राज वर्ग 10 व दिव्यांशु कुमार शाह वर्ग 10 द्वितीय को भी मंच पर प्रदेश अध्यक्ष ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए बताया कि जहां विवेकानंद जैसे महापुरुष का आदर्श लेकर विद्यालय चल रही है विद्यार्थी उनका अनुसरण कर बच्चे उज्जवल भविष्य जरूर पाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद ने संस्था में विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।उन्होंने विद्यार्थी में डिसिप्लिन की प्रशंसा की व गरीब मेधावी बच्चों से भी बात की।

इस अवसर पर सासंद प्रदीप कुमार सिंह व अन्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी उपस्थित थे।जैसा कि बता दे विद्यालय सभागार में अररिया के बुद्धिजीवी व वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक में उपस्थित होने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक संजय प्रधान व प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी भी मौजूद थे वहीं मौके पर विद्यालय में अभिभावकों के लिए कंप्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया गया।

## अखड़ासोल में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड के अखड़ासोल गांव में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी की पहल से 25 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। गांव का पुराना ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे थे।

बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे थे। वहीं बच्चों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था और छोटे कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा था। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से उपासना मरांडी से समस्या के समाधान की मांग की थी।ग्रामीणों की शिकायत पर उपासना मरांडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद विभाग की ओर से गांव में नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया।

नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जताई और उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया। उपासना मरांडी ने कहा कि जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है। ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा।

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री चुनाव को लेकर चल रहा प्रचार अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन दोनों प्रमुख टीमों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए परिचय सम्मेलन आयोजित किया। टीम तुलसी पटेल की ओर से स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जबकि टीम मुकेश अग्रवाल ने रांची क्लब में अपने प्रत्याशियों का परिचय कराया। चुनाव में मुख्य मुकाबला इन दोनों टीमों के बीच माना जा रहा है।

दोनों टीमों ने पिछले कई दिनों से लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यापारियों को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया और अपनी-अपनी जीत का दावा किया।

परिचय सम्मेलन में पहुंचे व्यापार जगत के नामी-गिरामी लोगों ने राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में व्यापार में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। राज्य और केंद्र सरकार के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान करने पर चर्चा हुई।व्यापारियों ने कहा, 'जब तक हम लोग एकजुट और सशक्त नहीं होंगे, तब तक कोई भी सरकार हम व्यापारियों की समस्याओं को नहीं सुनेगी।' ऐसे में इस बार के चुनाव में व्यापारियों को एकजुटता दिखाने की जरूरत है।

स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में आयोजित टीम तुलसी के परिचय सम्मेलन में बड़ी संख्या में व्यापार जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस दौरान टीम के प्रत्याशियों का परिचय कराया गया। टीम में तुलसी पटेल के साथ आदित्य शाह, अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, अरुण भारतीय, ज्योति कुमारी, कमलेश संचेती, कुलवंत सिंह, मनीष कुमार सर्राफ, मनीषा गोइंका, नवजोत अलंग, पूजा डागा, राहुल साबू, राम बंगार, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, साहित्य पावन, विकास जाजोरिया, विकास विजयवर्गीय और विनीता सिंघानिया समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। कार्यक्रम में नवीन अग्रवाल ने कहा कि टीम तुलसी में पुराने और अनुभवी प्रत्याशियों का मजबूत संयोजन है।

# नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो-एंट्री का समय निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में मुख्य सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा विद्यालय आने- जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी, पाकुड़ द्वारा नो-एंट्री व्यवस्था के समय में संशोधन किया गया है।अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश के अनुसार भारी वाहन/ट्रैक्टर/ट्रॉली के लिए प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक नो-एंट्री लागू रहेगी। इस अवधि में उक्त श्रेणी के वाहनों को पाकुड़ नगर क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। यह निर्णय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही, आम नागरिकों की सुविधा तथा आगामी विभिन्न पर्व- त्योहारों के दौरान संभावित बढ़ते यातायात को देखते हुए लिया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी साइमन

### सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश

मरांडी ने थाना प्रभारी, पाकुड़ नगर एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पाकुड़ को निर्देशित किया है कि नो-एंट्री की अवधि में किसी भी भारी वाहन/ट्रैक्टर/ट्रॉली को नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाए। उन्होंने मालपहाड़ी रोड से पुराने डीसी कार्यालय तक स्थित यातायात पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों को भी नो-एंट्री व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए नो-एंट्री व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

# शिक्षकों को दी गई आधुनिक शिक्षण-पद्धतियों की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड।** डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में शनिवार को एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करना तथा उन्हें आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण-पद्धतियों से अवगत कराना था।कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डी ए वी सी सी एल गांधी नगर के वरिष्ठ शिक्षक रंजीव कुमार राज एवं इलाइट पब्लिक स्कूल पाकुड़ के प्राचार्य श्री अभिजीत रॉय ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थी - केंद्रित बनाने के लिए विभिन्न नवीन तकनीकों, गतिविधियों एवं रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने



शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए कक्षा-कक्ष की विभिन्न चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधान पर भी प्रकाश डाला।प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को निरंतर सीखने, नवीन शैक्षणिक पद्धतियों को अपनाने तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वदीप चक्रवर्ती ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षित एवं अद्यतन शिक्षक ही विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान कर सकता है।

## बाइक हादसे में दो की मौत

**भभुआ।** सदर प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर के पास शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद बाइक पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी सुब्बा सिंह के 54 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र सिंह तथा बेलांव थाना क्षेत्र के नौहट्टा गांव निवासी रामचंद्र साह के 42 वर्षीय पुत्र कमलेश गुप्ता के रूप में हुई है।

राजद के भभुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कमलेश गुप्ता सोनबरसा गांव में क्लीनिक खोलकर ग्रामीण चिकित्सक के रूप में प्रैक्टिस करते थे। शनिवार को वह निजी काम से मोहनियां जा रहे थे। बाइक कमलेश गुप्ता चला रहे थे, जबकि वीरेंद्र सिंह पीछे बैठे थे। दोनों मनिहारी के रास्ते मोहनियां की ओर जा रहे थे। शिवपुर के पास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के दौरान उससे बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।

# इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी से फोन पर मांगी रंगदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** निखार सबलोक हत्याकांड के बाद सोनारी क्षेत्र के आशियाना गार्डेन में आर्किड अपार्टमेंट निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी नवल सोंथालिया से फोन पर रंगदारी मांगी गई है। छह दिन के भीतर उन्हें कई बार फोन कर रकम देने के लिए धमकाया गया। रंगदारी नहीं देने पर उन्हें जान से मारने और पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

पीड़ित नवल सोंथालिया के पिता सुशील सोंथालिया भी बड़े कारोबारी हैं और वे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया के रिश्तेदार हैं। नगर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद सोनारी थाने में विशाल सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस शिकायतकर्ता को आए फोन कॉल, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच में जुटी है। पुलिस पता लगा रही है कि फोन करने वाला असली व्यक्ति कौन है और उसका विशाल सिंह से क्या

### सहमे परिजन

संबंध है। नवल सोंथालिया इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के साथ-साथ टाटा स्टील में भी कारोबार करते हैं। उन्हें परसुडीह इलाके से भी कुख्यात अखिलेश सिंह के नाम पर रंगदारी का फोन आया था। पुलिस सभी फोन कॉल को आपस में जोड़कर मामले की कड़ियां तलाश रही है।

प्राथमिकी में नामजद विशाल सिंह का नाम पूर्व में कई आपराधिक मामलों में आ चुका है। वह पहले बागबेड़ा के गाराबासा में रहता था और पुलिस रिकॉर्ड में उसका नाम गणेश सिंह गिरोह से जुड़ा माना जाता है। देहरादून में अखिलेश सिंह से जुड़े विक्रम शर्मा हत्याकांड में देहरादून पुलिस ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। विक्रम शर्मा हत्याकांड के बाद पुलिस ने जुगसलाई गौशाला सिनेमा रोड स्थित उसके ठिकाने की कुर्की भी की थी। दुमका में मानगो निवासी अमरनाथ सिंह की हत्या में भी उसका नाम सामने आया था।

## ● एशियन गेम्स 2026 से पहले भारत को झटका

## ● अन्नू रानी ने 2022 में जीता था स्वर्ण पदक




# 3 एथलीट भारतीय दल से बाहर

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची-नागोया में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट से पहले भारत को एक और झटका लगा है। हाल ही में जहां भारत के दो रेसलर डोपिंग के कारण बाहर हो गए थे। वहीं अब तीन स्टार एथलीट भारतीय दल से बाहर हो गए हैं। खास बात यह है कि इन तीन एथलीट में से एक नाम है भारत की स्टार महिला जैवलिन थ्रोअर अन्नू रानी का जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

आपको बता दें पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता अन्नू रानी समेत उभरते हुए लॉन्ग जम्प एथलीट शहनवाज खान और रेसर नित्या गांधे को प्रदर्शन और चिकित्सकीय कारणों के चलते भारत की एशियाई खेलों की एथलेटिक्स टीम से बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही जापान जाने वाली भारतीय ट्रैक एवं फील्ड टीम की संख्या घटकर 74 रह गई है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इससे पहले आगामी एशियाई खेलों के लिए 77 एथलीटों का चयन किया था। बृहस्तिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज फाइनल के बाद टीम में बदलाव किया गया। इस प्रतियोगिता को अंतिम पुष्टि के लिए चयन ट्रायल के तौर पर आयोजित किया गया था।

एएफआई चयन समिति के अध्यक्ष अदिल सुमरिवाला ने पीटीआई से कहा, 'अन्नू ने बृहस्पतिवार को हुए अंतिम ट्रायल में एएफआई द्वारा निर्धारित क्वालीफाइंग मार्क हासिल नहीं किया, इसलिए उन्हें एशियाई खेलों के लिए नहीं चुना गया।' उन्होंने कहा, 'नित्या और शहनवाज खराब प्रदर्शन और चिकित्सकीय कारणों से एशियाई खेलों में नहीं जाएंगे। '

तीनों खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने का फैसला शुक्रवार को एएफआई चयन समिति की ऑनलाइन बैठक में लिया गया। अब भारतीय एथलेटिक्स टीम के 74 सदस्य शनिवार को नयी दिल्ली से जापान के लिए रवाना होंगे।

# भारत-श्रीलंका 7वीं बार आज खेलेंगे फाइनल मुकाबला



नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2026 का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच 13 सितंबर यानी रविवार को खेला जाएगा। महिला एशिया कप के इतिहास में ये 7वां मौका होगा जब खिताबी जीत के लिए भारत और श्रीलंका की टीम आमने-सामने होंगे। इससे पहले भारत और श्रीलंका के बीच 6 बार फाइनल मुकाबले खेले जा चुके हैं जिसमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने इस बार बांग्लादेश और श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।


### 7वीं बार खेलेंगे फाइनल

भारत और श्रीलंका के बीच महिला एशिया कप में 7वीं बार फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 6 फाइनल खेले जा चुके हैं जिसमें से भारत को 5 बार जीत मिली जबकि श्रीलंका ने एक बार भारत के खिलाफ जीत हासिल की थी। भारत और श्रीलंका के बीच 2004, 2005-06, 2006, 2008, 2022 और 2024 फाइनल में भिड़ंत हुई थी जिसमें से भारत ने 2004, 2005-06, 2006, 2008, 2022 के फाइनल में श्रीलंका को हराया था। वहीं श्रीलंका की टीम ने साल 2024 के फाइनल में भारत को हराया था। अब दोनों देश 2026 में एक बार फिर से फाइनल में खेलते हुए नजर आएंगे। इस बार महिला एशिया कप का 10वां सीजन खेला जा रहा है। महिला एशिया कप की शुरुआत 2004 में हुई थी और पिछले 9 सीजन में भारत 7 बार चैंपियन बन चुका है। भारत ने साल 2004, 2005-06, 2006, 2008, 2012, 2016, 2022 में चैंपियन बनने की उपलब्धि अपने नाम की थी।

### पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका ने कटाया फाइनल का टिकट



**दुबई।** विमेंस एशिया कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने फाइनल में जगह बना ली है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका की बल्लेबाजों ने पाकिस्तान से मिले 131 रनों के लक्ष्य को 18.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल किया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान चमारी अटापट्टू 5 रन बनाकर फातिमा सना का शिकार बनीं। संजना कविंदी बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। हसीना परेरा सिर्फ 3 रन ही बना सकीं। इमेशा दुलानी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाईं और 21 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुईं। हर्षिता समरविक्रमा ने 31 गेंदों का सामना करते हुए 36 रनों की अहम पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 2 चौके लगाए। कविशा दिलहारी ने 33 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में नीलाक्षी डी सिल्वा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 10 गेंदों में 3 चौकों की मदद से नाबाद 18 रन बनाए, जबकि कौशानी नुथ्यंगना 4 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर नीलाक्षी ने फातिमा सना की गेंद पर चौका लगाते हुए श्रीलंका को फाइनल का टिकट दिलाया। इससे पहले, टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही।



**यूएस ओपन: करेन खाचानोव को दी मात**

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव फाइनल में पहुंचे



**न्यूयॉर्क।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यूएस ओपन 2026 एकल के फाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में करेन खाचानोव को 6-3, 7-6(7), 7-6(6) से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में ज्वेरेव नियंत्रण में दिख रहे थे। उनकी सर्व ने उन्हें एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म दिया, जबकि उनके बेसलाइन गेम ने खाचानोव को बार-बार असहज स्थिति में डाला।

रूसी खिलाड़ी के 3-3 से बराबर होने के बाद, ज्वेरेव ने अहम मौके पर अपनी तेजी बढ़ाई ताकि उन्हें जरूरी एकमात्र ब्रेक मिल सके और पहला सेट जीत सकें। खाचानोव ने दूसरे सेट में जोरदार जवाब दिया। ज्वेरेव शुरू में 2-0 से आगे हो गए, लेकिन रूसी खिलाड़ी को दोनों विंग से ज्यादा आक्रामकता मिली और उन्होंने सेट पलट दिया। वह 5-4 से आगे हो गए और ज्वेरेव पर दबाव डाला, इससे पहले कि जर्मन खिलाड़ी ने मजबूती से टिककर टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया।

टाई-ब्रेक हिम्मत का टेस्ट बन गया। ज्वेरेव ने दो सेट पॉइंट गंवाए लेकिन अपने तीसरे मौके का फायदा उठाकर फाइनल से एक सेट के अंदर पहुंच गए। खाचानोव ने मैच का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला था, फिर भी ज्वेरेव ने दबाव वाले क्षणों में भी धैर्य से खेल बढ़ाया। तीसरा सेट भी छोटे-छोटे अंतरों की लड़ाई थी। ज्वेरेव पहले 5-4 और बाद में 6-5 से आगे थे। लेकिन खाचानोव ने दोनों बार गेम बनाए रखा और एक और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया।

### 'मैं ज्यादा कुछ नहीं कर सकती', वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर एक का ताज छीनने के बाद बोलीं सबालेंका



**न्यूयॉर्क।** एलेना रिबाकिना विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने बेलारूस की आर्यना सबालेंका की बादशाहत को खत्म करते हुए नंबर एक की कुर्सी हासिल की। सबालेंका ने नंबर एक की पोजीशन गंवाने के बाद कहा कि वह इसमें ज्यादा कुछ नहीं कर सकती हैं। एलेना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका रविवार को यूएस ओपन 2026 के महिला सिंगल्स फाइनल मुकाबले में भिड़ेंगी। दोनों के बीच यह मुकाबला आर्थर ऐश स्टेडियम में खेला जाएगा। सबालेंका ने कहा कि दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बनना बिल्कुल आसान नहीं है। उन्होंने माना कि सीजन के बीच में उनका प्रदर्शन थोड़ा गिर गया था, लेकिन नंबर एक की पोजीशन को गंवाना उन्होंने थोड़ा अजीब बताया। सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, 'मैं अच्छी तरह समझती हूं कि वर्ल्ड नंबर 1 तक पहुंचना कितना मुश्किल है।

**सार-समाचार**

### अमेजन वॉरियर्स ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया

**गुयाना।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 33वां मुकाबला प्रोविडेंस स्टेडियम में त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गुयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच खेला गया। अमेजन वॉरियर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखा और त्रिनबागो को 6 विकेट से हरा दिया। अमेजन के लिए शे होप ने नाबाद 42 रन बनाए। अमेजन वॉरियर्स ने जीत के लिए मिले 127 रन के लक्ष्य को 18.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेजन के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज शे होप ने 35



गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी खेली। होप ने जस्टिन ग्रीव्स को चौका और छक्का लगाते हुए मैच खत्म किया। होप ने अपनी पारी में 2 छक्का और 1 चौका लगाया। इसके अलावा, शिमरोन हिटमायर ने 28, मानवेंद्र दिनदयाल ने 19, क्विंटन सैंपसन ने 12 और ग्लेन फिलिप्स ने 11 रन बनाए।
त्रिनबागो के लिए सुनील नरेन ने बेहद किफायती गेंदबाजी की और 4 ओवर में 1 मेडन फेंकते हुए मात्र 13 रन देकर 1 विकेट लिए। उस्मान तारिक ने 4 ओवर में 19 रन देकर 1 और लाहिरु कुमारा ने 4 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट लिए। अकील हुसैन ने भी 4 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट लिया। सुनील नरेन और उस्मान तारिक की किफायती गेंदबाजी भी त्रिनबागो को हार से नहीं बचा सकी। टीम को स्कोर बोर्ड पर कम रन होने का खामियाजा भुगतना पड़ा।
इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 8 विकेट पर 126 रन बनाए थे। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने 16 गेंदों पर 26, और एलेक्स हेल्स ने 26 गेंदों पर 22 रन बनाए। अकील हुसैन ने 12 और किरोन पोलार्ड ने 10 रन बनाए। गुयाना अमेजन वॉरियर्स की तरफ से मेहदी हसन मिराज ने 4 विकेट लिए। शमार जोसेफ ने 2, जबकि ड्वेन प्रिटोरियस और कप्तान इमरान ताहिर ने 1-1 विकेट लिए।


### कॉनर एस्टरहुइजेन ने खेली शतकीय पारी

#### साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में नामीबिया को 157 रनों से रौंदा

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने नामीबिया को दूसरे वनडे मुकाबले में 157 रनों से रौंदा। साउथ अफ्रीका से मिले 336 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की पूरी टीम 178 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन और मालन क्रूगर बिना खाता



खोले पवेलियन लौटे। वहीं, जेन फ्रीलिंक भी बिना कोई रन बनाए आउट हुए। लॉरेन स्टीनकैंप भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन भी महज 6 रन बनाकर आउट हुए। नामीबिया की टीम महज 32 के स्कोर पर 5 विकेट गंवाकर मुश्किल में दिख रही थी। हालांकि, जेन ग्रीन ने कप्तान गेरहार्ड इरास्मस का साथ देने का प्रयास किया और छठे विकेट के लिए 27 रन जोड़े। ग्रीन 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जैन बाल्ट ने सातवें विकेट के लिए इरास्मस संग मिलकर 71 रनों की साझेदारी निभाई। बाल्ट 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।
इरास्मस ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 68 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 6 चौके और एक छक्का लगाया। रुबेन ट्रम्पेलमैन ने 27 गेंदों में 30 रन बनाए, जबकि वाल्डो स्मिथ ने 10 रनों का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की ओर से डुआन जानसेन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, ईथन बॉश ने 3 विकेट अपने नाम किए।
इससे पहले, साउथ अफ्रीका की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही और जॉर्डन हरमन 24 गेंदों में 20 रन बनाने के बाद आउट हुए। हालांकि, इसके बाद कॉनर एस्टरहुइजेन और टोनी डी जोर्जी ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 168 गेंदों में 183 रन जोड़े। टोनी जोर्जी ने 87 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए।



**ओडिशा टी-20 लीग 2026**

# सीएम ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर बने रैना और देबाशीष मोहंती

**कटक।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और देबाशीष मोहंती को '**ओडिशा टी 20 लीग**' 2026 सीएम ट्रॉफी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह टूर्नामेंट 20 से 29 सितंबर तक कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा। इन दो पूर्व भारतीय क्रिकेटरों की नियुक्ति से टूर्नामेंट की अहमियत और बढ़ जाएगी। इस टूर्नामेंट का मकसद ओडिशा के युवा और उभरते हुए क्रिकेटरों को अपना हुनर दिखाने और कीमती अनुभव हासिल करने का मंच देना है। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भुवनेश्वर टाइगर्स, पुरी टाइटन्स, क्योंझर माइनर्स, राउरकेला सुपरस्टार्स, संबलपुर वॉरियर्स और कटक पैंथर्स हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 20 सितंबर को होगी, जिसमें पहला मैच संबलपुर वॉरियर्स और कटक पैंथर्स के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में लीग-स्टेज और नॉकआउट मैच होंगे। प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम को बाराबती स्टेडियम में होने वाले फाइनल में सीधे जगह मिलेगी। इस स्टेडियम में पहले भी इंटरनेशनल मैच हो चुके हैं। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें क्वालीफायर में एक-दूसरे का सामना करेंगी और जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। 28 सितंबर को महिलाओं का एक एग्जीबिशन मैच भी खेला जाएगा, जो क्रिकेट फैंस के लिए एक और आकर्षण होगा। '**ओडिशा टी 20 लीग**' लीग 2026 सीएम ट्रॉफी का ग्रैंड फाइनल 29 सितंबर को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां दो बेहतरीन टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

लीग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर सुरेश रैना ने कहा, 'छह टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करेंगी, जिससे 10 दिनों तक रोमांचक और जबरदस्त क्रिकेट देखने को मिलेगा। यह खिलाड़ियों के लिए अपना हुनर दिखाने और प्रतिस्पर्धी माहौल में खुद को साबित करने का एक शानदार मंच होगा। अपनी तारीखें नोट कर लें और एक ब्लॉकबस्टर टूर्नामेंट के लिए तैयार हो जाएं। जय जगन्नाथ। '



देबाशीष मोहंती ने भी ऐसी ही भावनाएं जाहिर कीं और कहा, 'ओडिशा में क्रिकेट फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। '**ओडिशा टी 20 लीग**' सीएम ट्रॉफी 20 से 29 सितंबर तक कटक के बाराबती स्टेडियम में खेली जाएगी, जिसमें छह टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट हमारे खिलाड़ियों को अपनी स्किल्स दिखाने और दबाव वाले माहौल में खेलने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म देगा। मैं इस टूर्नामेंट को आयोजित करने की कोशिशों के लिए ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रगुजार हूं। मुझे यकीन है कि यह लीग फैंस के लिए बहुत रोमांचक क्रिकेट और यादगार पल लेकर आएगी। मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे तारीखें नोट कर लें और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जरूर आएं। जय जगन्नाथ। '

ओसीए सेक्रेटरी संजय बेहरा ने भी पूर्व भारतीय क्रिकेटरों के जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा, '**ओडिशा टी 20 लीग**' सीएम ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर सुरेश रैना और देबाशीष मोहंती जैसे बेहतरीन भारतीय क्रिकेटरों का जुड़ना सम्मान की बात है। उनके जुड़ने से टूर्नामेंट की अहमियत और बढ़ेगी और ओडिशा के युवा क्रिकेटरों को बड़े सपने देखने और इस प्लेटफॉर्म पर अपना टैलेंट दिखाने की प्रेरणा मिलेगी। '

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ पुलिस सभा में पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं, समाधान के दिए निर्देश

**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। सभा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु एवं रामगढ़, सभी अंचल निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी, शाखा प्रभारी, पुलिस मेंस एसोसिएशन, पुलिस एसोसिएशन, आरक्षी तथा चतुर्थवर्गीय कर्मी शामिल हुए। इस दौरान पुलिसकर्मियों की विभिन्न समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना तथा उनके समाधान के लिए संबंधित शाखा एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में आचार्यों की प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह :सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में शनिवार को आचार्य एवं दीदी जी के लिए प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी यात्राह्ल रखा गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी लेखनी के माध्यम से संघ की 100 वर्षों की यात्रा, त्याग, तपस्या, सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान से जुड़े विचारों को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा के विभिन्न पहलुओं को अपने निबंध में स्थान दिया। आचार्यों ने राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता, संस्कार, अनुशासन और संगठन के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्व जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आनंद कमल जी ने कहा कि संघ की शताब्दी यात्रा केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आचार्यों में वैचारिक स्पष्टता के साथ-साथ लेखन क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और अध्ययन के प्रति रुचि को भी विकसित करती हैं। प्रांतीय आदेश के अनुसार आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाचार्य के दिशानिर्देशन में सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। प्रतियोगिता में आचार्य-दीदी जी की उत्साहपूर्ण सहभागिता से विद्यालय परिसर में वैचारिक एवं रचनात्मक वातावरण बना रहा।

### गुमला में लातेहार के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, सरस्वती विद्या मंदिर के एथलीट्स ने जीते 5 पदक

**झारखंड, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नौ से 12 सितंबर तक आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को विद्यालय के छात्र यश राज ने 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। विद्यालय की बालिका टीम ने रिले रेस में भी रजत पदक हासिल किया। बाल वर्ग की रिले टीम में श्रेया, प्रज्ञा, खुशी और ज्योति शामिल थीं. इससे पहले यश राज ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और प्रज्ञा एंजेल ने हाई जंप में स्वर्ण पदक जीता था. ज्योति कुमारी ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया था. सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मियों ने बधाई दी. विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले छात्र-छात्राएं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे. क्षेत्रीय प्रतियोगिता प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसा नगर, पूर्वी सिंहभूम में सात से नौ अक्तूबर तक आयोजित होगी.

### आयुष्मान कार्ड, मरीजों की सुविधाओं और स्वास्थ्य-पोषण इंडिकेटर्स की समीक्षा

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी ) एवं आकांक्षी प्रखंड रूपांतरण कार्यक्रम (ए बीपी) के तहत केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी-सह-नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के सीईओ सुनील कुमार वर्णवाल ने शनिवार को गिरिडीह सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों को मिल रही सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन और आधारभूत संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में बेड की उपलब्धता व उपयोग, साफ-सफाई, पेयजल, दवा और अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों और उनके परिजनों से भी अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।आयुष्मान योजना पर विशेष जोर वर्णवाल ने आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की विशेष समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की स्थिति, पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने, योजना के तहत इलाज करा रहे मरीजों और लाभान्वित लोगों की जानकारी ली। उन्होंने पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का काम मिशन मोड में करने तथा किसी भी योग्य मरीज को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने देने का निर्देश दिया। योजना की सुविधाओं को लेकर आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य-पोषण के आंकड़ों पर नजर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के स्वास्थ्य एवं पोषण इंडिकेटर्स की भी समीक्षा की गई। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार तथा स्वास्थ्य जांच की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने सैम /मेम बच्चों की समय पर पहचान, उपचार, पोषण सेवाओं से जुड़ाव और नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा। गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। मधुमेह, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हाइपरटेंशन की जांच को प्रभावी बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जांच व उपचार से जोड़ने का निर्देश दिया। सुविधाओं की कमी दूर करने पर जोर केंद्रीय प्रभारी ने अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं और मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि संसाधनों या सुविधाओं की कमी को चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहे।



# खूंटी में 1.39 करोड़ की लागत से बना इंडोर स्टेडियम

## विधायक राम सूर्या मुंडा सहित अन्य ने उद्घाटन किया



**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 1.39 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इंडोर स्टेडियम को आज स्थापना दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों एवं आम जनता को सौंपा गया। विधायक राम सूर्या मुंडा,जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी,कला संस्कृति पर्यटन पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए बहुउपयोगी होगा। मील का पत्थर साबित होगा। बैडमिंटन स्टेडियम के अलावे आगे फूटबॉल, तीरंदाजी और क्रिकेट के लिए भी स्टेडियम निर्माण की योजना है। विश्व भारती कलाकार परिषद के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि 12 सितंबर 2007 को खूंटी जिला की स्थापना हुई। स्टेडियम की मांग बहुत पहले से की जा रही थी।स्टेडियम के शुरू होने से जिले के युवा खिलाड़ियों को अभ्यास और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए खेल को युवाओं के व्यक्तित्व विकास और स्वस्थ समाज की नींव बताया। उन्होंने कहा कि खूंटी में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बेहतर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर मिलने से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। मुरहू के खेलप्रेमी समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि 1.39 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह इंडोर स्टेडियम जिले के खेल विकास में एक महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना के रूप में देखा जा रहा है। खूंटी जिप उपाध्यक्ष मंजु देवी और युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने खुशी जताते हुए स्टेडियम के निर्माण को खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों सहित खूंटी के युवाओं के लिए उपयोगी सौगात बताया।

# आत्महत्या के कारण एवं निवारण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ. अनिल कुमार एवं नोडल पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी के निदेशानुसार एस.एस. +2 हाई स्कूल, पतरातू में आत्महत्या के कारण एवं निवारण विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, तनाव एवं समस्याओं का सकारात्मक तरीके से सामना करने तथा आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्महत्या के कारणों, मानसिक तनाव, पारिवारिक एवं सामाजिक सहयोग तथा समय पर परामर्श प्राप्त करने के महत्व पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और कठिन परिस्थितियों में परिजनों, शिक्षकों एवं भरोसेमंद लोगों से संवाद करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र रविदास, शिक्षक प्रमा प्रकाश सिंह एवं डॉ. अंजय कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के जिला परामर्शी बिनय शर्मा ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार महिमा कुमारी, द्वितीय नम्रता कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार अंतरा कुमारी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक तनाव या किसी भी परेशानी को अकेले सहने के बजाय समय रहते परिवार, शिक्षक या विशेषज्ञ से बातचीत करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा आत्महत्या की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

# नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में नगर परिषद रामगढ़ के विकास, स्वच्छता एवं जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक में पुराने कचरे के निष्पादन एवं स्थानांतरण की समीक्षा करते हुए इसे 30 सितंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आठ एकड़ भूमि की सीमांकन प्रक्रिया जल्द पूरी कराने को कहा गया।स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी कचरा संग्रहण एवं सफाई वाहनों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक वाहन का मार्ग-चार्ट तैयार कर प्रतिदिन अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के अभिलेखों की नियमित जांच करने और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने को कहा। उन्होंने बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा नगर क्षेत्र में उपलब्ध मजदूरों के माध्यम से पार्क, समाहरणालय परिसर सहित अन्य क्षेत्रों में नियमित सफाई, सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर संचालन तथा जलापूर्ति योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी योजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं करने की बात कही।

# रामगढ़ जिला स्थापना दिवस और 19 वर्षों की विकास यात्रा पर उपायुक्त ऋतुराज ने जिलेवासियों को दी बधाई





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला स्थापना दिवस के अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि 19 वर्षों में रामगढ़ ने विकास के क्षेत्र में राज्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हाल के समय में जिला विकास के विभिन्न मानकों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने में सफल रहा है। इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, खेल तथा शहरी एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मां छिन्नमस्तिका मंदिर, टूटी झरना, पतरातू डैम और माया टुंगरी पहाड़ जैसे धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। पतरातू डैम का सौंदर्यीकरण इसे बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और जन-सुविधाओं को भी बेहतर किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में गोला कृषि मंडी को आधुनिक स्वरूप देने तथा किसानों के लिए कृषि मशीनरी बैंक स्थापित करने पर कार्य जारी है। पतरातु और गोला प्रखंड में भैरवा जलाशय से सिंचाई व्यवस्था बेहतर करने की दिशा में भी काम हो रहा है। युवाओं के लिए डिग्री कॉलेज के संचालन के साथ मेडिकल कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

सीएसआर के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया तेज है। खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कई खेल परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिले के विकास में नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

उन्होंने लोगों से समस्याओं, सुझावों और प्रतिक्रिया को अधिकारियों तक पहुंचाने तथा प्रशासन की योजनाओं में सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है कि जिला स्थापना दिवस पर उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने छत्तरमांडू स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिले के अन्य क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता सेनानियों और जननायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

# मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु एवं रामगढ़, सभी अंचल निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी तथा शाखा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के निष्पादन, अपराधियों के सत्यापन तथा आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शीर्षवार लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए कांडों के उद्भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।

अगस्त 2026 में दर्ज एवं निष्पादित विशेष तथा सामान्य कांडों की समीक्षा करते हुए सितंबर माह में दर्ज कांडों से अधिक मामलों का निष्पादन करने को कहा गया।बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम से संबंधित कांडों का 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने, पासपोर्ट सत्यापन पांच दिनों के अंदर पूरा कर पोर्टल पर अपलोड करने तथा आपातकालीन सहायता सेवा के तहत प्राप्त शिकायतों पर नौ मिनट के अंदर कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया। लंबित कांडों में आरोप पत्र समर्पित कर उसकी प्रति हिंदी शाखा में उपलब्ध कराने, सितंबर माह में संभावित रूप से निष्पादित होने वाले कांडों की सूची की समीक्षा करने तथा दो, तीन और पांच वर्षों से लंबित कांडों की अलग-अलग सूची तैयार कर लंबित कार्रवाई को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। संगठित आपराधिक गिरोहों की जानकारी तैयार करने, जेल से बाहर आए अपराधियों का सत्यापन कर उनकी वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करने तथा आवश्यकता के अनुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया।

गैर तामिला वारंट, स्थायी वारंट एवं फरार अपराधियों की अद्यतन सूची तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करने तथा वारंट, इश्तेहार और कुर्की के निष्पादन की भी समीक्षा की गई। न्यायालय से प्राप्त लंबित परिवादों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार कांड दर्ज करने, चेन, मोबाइल एवं पर्स छिनतई से संबंधित कांडों के उद्भेदन में तेजी लाने तथा संपत्ति संबंधी कांडों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। दागी अपराधियों का सत्यापन, मालखाना के प्रभार एवं लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित कांडों, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से जुड़े मामलों तथा जन शिकायतों के समय पर निष्पादन की समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि, चरित्र एवं सेवा सत्यापन तथा अपराध एवं अपराधियों से संबंधित अभिलेखों के लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के संकलन, अपराध एवं अपराधियों से संबंधित आंकड़ों की वास्तविक समय में गुणवत्तापूर्ण प्रविष्टि, साक्ष्य संकलन के लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एप के उपयोग तथा सात वर्ष से अधिक सजा वाले कांडों में विधि विज्ञान टीम से अविलंब साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक अनुसंधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कांडों का 60 एवं 90 दिनों के भीतर निष्पादन करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निगरानी, अपराध नियंत्रण अधिनियम, गुंडा पंजी तथा मादक पदार्थों से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित वाहन जांच करने, लंबित कांडों की समीक्षा करने तथा जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अप्राकृतिक मृत्यु से संबंधित मामलों का समय पर निष्पादन, अवैध खनन पर रोक लगाने तथा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। आगामी गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा एवं करमा पूजा को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

# कबीर ज्ञान मंदिर में 14 सितंबर को भव्य रूप से मनेगा सद्गुरु मां ज्ञान का जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीहः सनातन संस्कृति, अध्यात्म और कबीर-वाणी के प्रचार-प्रसार को समर्पित श्री कबीर ज्ञान मंदिर, गिरिडीह में परम वंदनीय सद्गुरु माँ ज्ञान का पावन जन्मोत्सव इस वर्ष 14 सितंबर 2026, भाद्र शुक्ल चतुर्थी के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर दिनभर विभिन्न आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।आयोजकों के अनुसार, सद्गुरु माँ ज्ञान महान तपस्विनी एवं आध्यात्मिक साधिका के रूप में कबीर-वाणी और संत कबीर साहब के गूढ़ आध्यात्मिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित रही हैं। उन्हें सद्गुरु कबीर साहब की बीजक पर टीका लिखने वाली विश्व की प्रथम महिला संत के रूप में भी बताया गया है। उनके जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों में विशेष उत्साह है। जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे गुरुपूजन एवं भजन कीर्तन से होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से दीक्षा एवं मुंडन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। अपराह्न 2 बजे यज्ञ-हवन होगा, जिसमें श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण के बीच सहभागी बनेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे सद्गुरु माँ के भजनों पर आधारित भाव-अभिव्यक्ति प्रतियोगिता आयोजित होगी। शाम 6 बजे से श्रद्धालुओं को सद्गुरु माँ के दिव्य एवं अमृतमय संदेश सुनने का अवसर मिलेगा।

वहीं रात्रि 8 बजे से ह्यसद्गुरु माँ का बचपनह्ल तथा ह्यमनुस्मृति में नारीह्ल विषय पर नाट्य-मंचन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि जन्मोत्सव के सभी प्रमुख कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, सनातन संस्कृति, कबीर-वाणी तथा सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

# आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर सवर्ण एकता मंच का सत्याग्रह

## उपवास पर बैठे मंच के पदाधिकारी, सरकार से आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग



**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ देने तथा वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सवर्ण एकता मंच की ओर से शनिवार को जिला परिषद चौक स्थित धरना स्थल पर एकदिवसीय उपवास सह सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संयोजक मुकेश सिंह ने की, जबकि संचालन कन्हैया शर्मा ने किया। सत्याग्रह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण का आधार जाति के बजाय आर्थिक स्थिति को बनाया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लोगों को समान रूप से आरक्षण और सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आर्थिक रूप से कमजोर कई परिवारों को अपेक्षित अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन का उद्देश्य किसी वर्ग का विरोध करना नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए समान अवसर और न्याय की मांग करना है।

उन्होंने सरकार से आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने की मांग की। दीपक नाथ सहाय, बप्पी करण, प्रभात प्रधान, सुनील सिंह राठौर, अर्जुन सिंह, सुनील कुमार पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार एवं सरकारी योजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग की। उपवास पर मुख्य संयोजक मुकेश सिंह, बप्पी करण, सुनील कुमार पांडेय, कन्हैया शर्मा, दीपक नाथ सहाय एवं शुभम प्रकाश बैठे। मंच के सदस्यों ने कहा कि आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में महंत विजयानंद दास, दिलीप वर्मा, कुंवर मनोज सिंह, हिटलर शाही, प्रशांत सिन्हा, प्रियंवदा, मंजू मिश्रा, रवि पांडेय, हरेश सिंह, गुड्डू सिंह, महेंद्र पांडेय, अनिल देव, सुबोध ओझा, अरुण सिंह, अजय शर्मा, नवीन सिन्हा, अनिमेश, पट्टू सिंह, जय नारायण पाठक, पंकज सिन्हा, राजेश सिन्हा, अमृतेश पाठक, विनय कुमार, ओमप्रकाश नारायण सिंह, रजनीश कुमार शर्मा, नीरज त्रिपाठी, मुरारी ओझा, राजीव रंजन ओझा, कृष्ण कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सिस्टा सदैव एससी-एसटी कामगारों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत : महेंद्र मिस्त्री

## रजरप्पा वाशरी, रजरप्पा परियोजना शाखा एवं जीएम यूनिट की नई कमेटी गठित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** कोल इंडिया एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन (सिस्टा) की रजरप्पा वाशरी परियोजना शाखा, रजरप्पा परियोजना शाखा एवं जीएम यूनिट की पुरानी कमेटियों को भंग कर शुक्रवार को नई कमेटियों का गठन किया गया। सिस्टा कार्यालय रजरप्पा क्षेत्र में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि सीसीएल सिस्टा रीजनल के उपाध्यक्ष महेंद्र मिस्त्री, क्षेत्रीय संरक्षक रोगन मांझी, अध्यक्ष भागीरथ मानकी, सचिव जगन रविदास एवं कोषाध्यक्ष शिवराम मौजूद रहे। महेंद्र मिस्त्री ने कहा कि सिस्टा एससी-एसटी कामगारों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत है। संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं का समाधान और उन्हें न्याय दिलाना है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने की अपील की। रजरप्पा परियोजना शाखा में ऋषिकेश सागर को अध्यक्ष, नरेन्द्र कुमार दास को सचिव तथा राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रजरप्पा वाशरी परियोजना शाखा में संजय करमाली को अध्यक्ष, जुगनू मेहरा को सचिव और बिसुन रविदास को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जीएम यूनिट में संतोष कुमार को अध्यक्ष, रशिक तांती को सचिव एवं जयकुमार मांझी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नई कमेटियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कर्मचारियों के हितों व अधिकारों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान नवनियुक्त सदस्यों को माला पहनाकर प्रमाण पत्र एवं बाबा साहेब के चित्र वाले कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामलाल मांझी, राजकुमार रजक, सुजीत कुमार, अनिल पहान, राहुल करमाली सहित सिस्टा के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहरू बालिका विद्यालय भूली में कला महाकुंभ की तैयारियों समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेहरू बालिका उच्च विद्यालय भूली में कला निकेतन द्वारा आयोजित होने वाले कला महाकुंभ-2026 को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह और सचिव संजय सिंह ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि जिला प्रशासन की देखरेख में कला निकेतन भूली नगर धनबाद की ओर से 27 से 29 नवंबर 2026 तक विद्यालय परिसर में प्रथम तीन दिवसीय अखिल भारतीय बहुभाषीय नाटक, नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मंच, पंडाल निर्माण, शौचालय, पानी की उपलब्धता और कलाकारों की सुख-सुविधा को लेकर चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में दिल्ली, मुंबई, देहरादून, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, असम, उड़ीसा, राजस्थान, बंगाल, बिहार एवं झारखंड की सांस्कृतिक संस्थाओं के लगभग 450 कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विचारों के आदान-प्रदान से हमारी सांस्कृतिक विरासत की जड़ें मजबूत होंगी और संरक्षण व संवर्धन को बल मिलेगा। बैठक में विद्यालय की निर्देशिका अनुराधा कुमारी, कला निर्देशक बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, मानस रंजन पाल, आकाश सहाय, धर्मवीर कुमार, क्रान कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

### केंदुआ-राजपूत बस्ती की जर्जर सड़क को लेकर विधायक ने बीसीसीएल को दिया अल्टीमेटम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद-बोकारो को जोड़ने वाले केंदुआ-राजपूत बस्ती मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बीसीसीएल प्रबंधन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायक ने बीसीसीएल के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के बाद सड़क की खुदाई तो शुरू हुई, लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी काम में तेजी नहीं है। दुर्गापूजा जैसे पर्व सामने हैं, ऐसे में लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को धूल, गड्ढे और जाम से भारी परेशानी हो रही है। राज सिन्हा ने कहा, जनता की सहनशीलता की भी सीमा होती है। तीन दिन में जोर-शोर से काम शुरू नहीं हुआ तो आर-पार का आंदोलन होगा और कोयला परिवहन रोक दिया जाएगा। इसके लिए बीसीसीएल प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने पत्र की प्रति उपायुक्त, बीसीसीएल सीएमडी, वरीय पुलिस अधीक्षक और अनुमंडलाधिकारी को भी भेजी है और मांग की है कि पर्याप्त मजदूर और संसाधन लगाकर सड़क को जल्द आवागमन योग्य बनाया जाए।

### जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जन्म मृत्यु की घटनाओं के निबंधन के क्रम में सभी निजी अस्पतालों को रजिस्ट्रार की आईडी से जोड़ने, अस्पताल में घटित सभी मृत्यु की घटनाओं को मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाणीकरण भेजने, निबंधन के कागजातों के सुरक्षित रख रखाव आदि पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्राप्त निष्कर्षों एवं प्रेक्षणों का संकलन कर विस्तृत प्रतिवेदन निदेशालय को भेजा जाएगा, ताकि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं शत-प्रतिशत प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उमेश लोहारा, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, एसएनएमएमसीएच एवं सदर अस्पताल के रजिस्ट्रार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

### कमलपुर में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय,कमलपुर में शनिवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहयोगिनी तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं को बाल विवाह, बाल



श्रम और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति विस्तार से जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विमल प्रसाद नायक एवं सहायक शिक्षक जयप्रकाश नायक ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बेहद बुरा प्रभाव डालता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। समाज के हर व्यक्ति को इसके खिलाफ खुलकर आवाज उठानी चाहिए। वही सहयोगिनी संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त बनाना है। इसके लिए लगातार गांवों और विद्यालयों में जाकर बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित शिक्षकों और छात्राओं ने बाल विवाह जैसी प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। मौके पर सहायक शिक्षिका रीना केरकेट्टा, सावित्री कुमारी, रामानंद प्रसाद महतो, निधि कुमारी, रुपाली कुमारी, मंतशा प्रवीण, खुशी कुमारी, पार्वती कुमारी सहित छात्राएं मौजूद थी।

### पेटरवार के कई इलाकों में आज चार घंटे बिजली रहेगी बाधित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार के कई क्षेत्रों में रविवार को चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, जैनामोड़ के सहायक विद्युत अभियंता अमित खेस के आदेश के अनुसार, विद्युत तारों से सटे पेड़ों की डालियों की कटिंग का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर 13 सितंबर 2026, रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र रोहर, मायापुर, चांदो, उत्तासारा, लुकईया, गर्री, हरमीता और पेटरवार मार्केट के कुछ हिस्सों में बिजली प्रभावित रहेगी। विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लें और पेड़ों की डालियों की कटिंग के दौरान विभाग को सहयोग प्रदान करें। विभाग ने असुविधा के लिए खेद जताया है।

### कतरास के छाताबाद में फिर फटी जमीन, तालाब का पानी गोफ में समाया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद काजू बागान स्थित सतीबांध पांडेय तालाब के पास शनिवार को जोरदार आवाज के साथ जमीन फट गई। देखते ही देखते करीब 15 से 20 फीट का विशाल गोफ बन गया और तालाब का पानी तेजी से उसमें समाने लगा। कुछ ही देर में पानी खत्म होने से तालाब मैदान में तब्दील हो गया। तालाब में मत्स्य पालन के लिए छोड़ी गई मछलियां भी पानी के साथ गोफ में समा गई। घटना के समय कुछ चरवाहे पास में मवेशी चरा रहे थे। अचानक तेज आवाज सुनकर मवेशी इधर-उधर भागने लगे, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कतरास पुलिस और बीसीसीएल



गोविंदपुर क्षेत्रीय प्रबंधन तथा न्यू आकाशकिनारी कोलियरी की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से तालाब का नाला बंद कर वैकल्पिक नाला बनाया गया। वहीं बोरियों में बालू भरकर बांध बनाने का काम शुरू किया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह इस इलाके में भू-धंसान की पहली घटना नहीं है। करीब डेढ़ वर्ष पहले इसी स्थान से लगभग 10 मीटर की दूरी पर गोफ बना था, जिसमें बिजली का पोल समा गया था। वहीं 7 जुलाई और 7 अगस्त को छाताबाद फुटबॉल मैदान के पास भू-धंसान से करीब दो दर्जन घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बीसीसीएल के जीएम सत्यकाम आनंद ने बताया कि पूरा क्षेत्र डेंजर जोन में आता है। पूर्व में हुए भूमिगत खनन और अवैध कोयला कटाई के कारण भू-धंसान की घटनाएं हो रही हैं। फिलहाल युद्धस्तर पर गोफ की भराई कराई जा रही है और इलाके की घेराबंदी की जाएगी। करीब दो हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय और दहशत का माहौल है।

# बोकारो समाहरणालय में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ, हिंदी के साथ भारतीय भाषाओं के संरक्षण का संकल्प

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो समाहरणालय परिसर में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार समेत अन्य पदाधिकारियों ने गुब्बारे उड़ाकर की। इस दौरान कलाकारों ने 'हिंदी का कत्ल हो गया' नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व, सम्मान और दैनिक जीवन में अधिक से अधिक प्रयोग का संदेश दिया गया। वहीं 'वंदे हिंदी मातरम, राजभाषा मातरम' की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि हिंदी दिवस का आयोजन सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हिंदी के प्रति प्रतिबद्धता और लगाव पूरे वर्ष बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड भाषाई विविधता से समृद्ध है। यहां हिंदी के साथ संथाली, मुंडारी, बांग्ला समेत कई



भाषाएं बोली जाती हैं। सभी भारतीय भाषाएं मिलकर देश की विविधता और संस्कृति को मजबूत करती हैं। उपायुक्त ने कहा कि भाषा का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य संवाद है। आम लोगों, विशेषकर ग्रामीणों से संवाद करते समय भाषा सरल और लोकजीवन से जुड़ी होनी चाहिए, ताकि सरकारी योजनाओं और प्रशासन की बात आसानी से उन तक पहुंच सके। उन्होंने हिंदी के साथ अन्य भारतीय भाषाओं के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन का भी आह्वान किया। वहीं डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने हिंदी की तुलना मां से करते हुए कहा कि जिस तरह मां परिवार को जोड़कर रखती है, उसी तरह हिंदी भी अलग-अलग भाषाओं, राज्यों और संस्कृतियों के लोगों को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मातृभाषा बांग्ला है, जबकि ससुराल पक्ष की मातृभाषा अवधी है और दोनों परिवारों के बीच संवाद का माध्यम हिंदी बनी। कार्यक्रम के दौरान हिंदी पखवाड़े के तहत हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया। डीसी, डीडीसी समेत पदाधिकारियों, कर्मियों और प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर कर दैनिक कार्यों और व्यवहार में अधिक से अधिक हिंदी के प्रयोग का संकल्प लिया।

## बोकारो चैंबर ने हथौड़ा अभियान का किया विरोध, उपायुक्त की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक पर सहमति

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सिटी सेंटर में बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर चलाए जा रहे कथित हथौड़ा अभियान के विरोध में बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात की। चैंबर महामंत्री राजकुमार जायसवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों के बीच भय का माहौल उत्पन्न होने की जानकारी उपायुक्त को दी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बोकारो इस्पात प्रबंधन को उनकी ओर से इस तरह की कार्रवाई का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। उन्होंने हथौड़ा चलाकर व्यापारियों को भयभीत किए जाने को निंदनीय बताया। चैंबर के आग्रह पर उपायुक्त की अध्यक्षता में बोकारो इस्पात प्रबंधन और चैंबर की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी, ताकि मामले का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इसके बाद चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार से मुलाकात कर हथौड़ा अभियान तत्काल बंद करने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि वे चिह्नित पार्किंग स्थलों को अतिक्रमणमुक्त



करने और बेहतर पार्किंग व्यवस्था के पक्ष में हैं, लेकिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि चैंबर व्यापारियों के हितों के साथ बेहतर यातायात और पार्किंग व्यवस्था का भी समर्थन करता है। चैंबर संरक्षक संजय बैद ने कहा कि लगातार प्रयासों से व्यापारियों को राहत मिली है और समस्याओं के समाधान के लिए आगे भी संवाद जारी रहेगा।

## बीबीएमकेयू कुलपति का पुतला दहन, एमटीएस आउटसोर्सिंग टेंडर की शर्तों के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय द्वारा एमटीएस समेत विभिन्न पदों के लिए जारी मैनपावर आउटसोर्सिंग टेंडर की शर्तों



के विरोध में आजसू छात्र संघ ने कुलपति का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने किया। विशाल महतो ने आरोप लगाया कि टेंडर की तकनीकी बिड में ऐसी शर्तें रखी गई हैं, जिससे स्थानीय और छोटे सेवा प्रदाताओं के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल होगा और बड़ी बाहरी कंपनियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन पर निजी हित और कमीशन को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। आजसू छात्र संघ ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। संगठन ने एमएसएमई और स्थानीय संस्थाओं को नियमानुसार छूट देने, सरकारी प्रावधानों एवं झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अनुरूप कारोबार और अनुभव संबंधी छूट लागू करने की मांग की। इसके अलावा करीब 6 करोड़ रुपये के टेंडर में 20 करोड़ रुपये के कारोबार की शर्त हटाने की मांग की गई। वहीं पूरे एमटीएस टेंडर में पासरा लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म करने की मांग भी उठाई गई। छात्र संघ का कहना है कि पासरा लाइसेंस मुख्य रूप से सुरक्षा गार्ड से संबंधित है, जबकि एमटीएस और अन्य गैर-शिक्षण पदों के लिए इसे अनिवार्य करना उचित नहीं है। विशाल महतो ने कहा कि इन शर्तों से स्थानीय युवाओं और उद्यमियों के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने टेंडर की समीक्षा और पारदर्शी जांच की मांग की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 15.67 अरब रुपये के विवादों का निपटारा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बीसीसीएल सामुदायिक भवन, कोयला नगर में एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। लोक अदालत में विभिन्न तरह के विवादों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया गया। कुल 15 अरब 67 करोड़ 25 लाख 20 हजार 215 रुपये के विवादों का निपटारा हुआ। वहीं करीब एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार रुपये की परिसंपत्तियों और नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कुल एक लाख 63 हजार 441 मामलों का मौके पर निष्पादन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना आज की बड़ी आवश्यकता है। युवा देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे की चपेट में आने से रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नशे से केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान अनाथ हुए बच्चों



के लिए झालसा ने प्रोजेक्ट शिशु शुरू किया। बीसीसीएल के सहयोग से 62 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया है। इन बच्चों को हर वर्ष 20 से 50 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। लोक अदालत में दुर्घटना और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में भी पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाया गया। डॉ. श्याम सुंदर शाह की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में उनकी पत्नी को एक करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा दिलाया गया। वहीं अन्य लाभुकों को भी करोड़ों रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा हाथियों से प्रभावित 19 लाभुकों को मुआवजा, दिव्यांग बच्चों को आधुनिक अध्ययन उपकरण, सोलर पंप, पक्का मकान, साइकिल सहायता और असंगठित मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल, ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब समेत न्यायिक पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, पीएलवी, मध्यस्थ और बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे। लाभुकों ने कहा कि सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद डालसा के प्रयास से उन्हें न्याय और राहत मिली।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले, जूनियर वर्ग में सेमीफाइनल की तस्वीर साफ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के संत जेवियर्स स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय फादर केविन ग्रोगन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे



दिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में चार टीमों ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है, जबकि सीनियर वर्ग में भी लीग मुकाबले खेले गए। पेपर स्क्रिप्टः बोकारो स्टील सिटी स्थित संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय फादर केविन ग्रोगन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जूनियर और सीनियर वर्ग की टीमों ने खेल भावना, अनुशासन और पूरे उत्साह के साथ मैदान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में मुकाबलों के बाद मसी मार्शल कजरकिलो, सहोदय विद्यालय पलामू, मसी मार्शल चरही और कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में मसी मार्शल कजरकिलो का मुकाबला सहोदय विद्यालय पलामू से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मसी मार्शल चरही और कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा आमने-सामने होंगे। इन मुकाबलों के बाद जूनियर वर्ग के दोनों फाइनलिस्ट तय होंगे। वहीं सीनियर वर्ग में संत रॉबर्ट्स स्कूल हजारीबाग, संत जेवियर्स स्कूल बोकारो स्टील सिटी, संत जेवियर्स स्कूल सीतागढ़ा और सेंट जोसेफ स्कूल महुआडांड़ के बीच लीग मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और प्रतिबद्धता के साथ खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा के प्रधानाचार्य फादर फिलोमन की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा।

## हत्या की साजिश नाकाम, हथियार व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भूली ओपी क्षेत्र से एक युवक को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखकर तीन अन्य युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी और उसके साथियों द्वारा झरिया निवासी अधिवक्ता जावेद की हत्या की साजिश रचे जाने की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि देर रात करीब 12 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी सी-ब्लॉक छठ घाट के पास सुनसान स्थान पर हथियार के साथ जुटे हैं और किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर तत्काल छापेमारी टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवक भागने लगे। भागने के दौरान गिरने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि तीन अन्य फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय आसिफ आलम, निवासी निचितपुर टाउनशिप, ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसकी कमर से



एक देशी कट्टा और जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। कारतूस के पेंदे पर '8 MM KF' अंकित था। हथियार और कारतूस के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में हत्या की साजिश की बात सामने आने के बाद पुलिस फरार तीनों आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निबटाए गए कई मामले

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के कैंप-2 स्थित न्याय सदन के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में बिजली विभाग, विभिन्न बैंकों सहित न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निबटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत



में अलग-अलग विभागों और बैंकों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोग अपने मामलों के समाधान के लिए पहुंचे। इस दौरान पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का त्वरित समाधान उपलब्ध कराया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा-2 ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के सुलहनीय वादों का निबटारा किया जा रहा है। इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलह के माध्यम से मामले के निष्पादन में किसी भी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवाद का समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के आयोजन से न्यायालयों पर लंबित मामलों का दबाव कम करने में मदद मिलती है। साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बार-बार न्यायालय का चक्कर लगाने से भी राहत मिलती है। लोक अदालत में बैंक, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और मामलों के समाधान की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे आपसी सहमति से सुलझाए जा सकने वाले मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निबटाकर समय और खर्च दोनों की बचत करें।

## विधायक चंद्रदेव महतो ने आमटाल स्टेडियम निर्माण को लेकर किया स्थल निरीक्षण

**सिंदरी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रदेव महतो ने आज ढोकरा आमटाल स्थित प्रस्तावित स्टेडियम स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी और प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा। ज्ञात हो कि विधायक के विशेष प्रयासों और निर्देशों के बाद पहले ही इस क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण को लेकर सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है। आज के इस स्थलीय निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्माण कार्य से संबंधित प्रशासनिक औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा करना और धरातल पर प्रक्रिया को गति देना है। निरीक्षण के दौरान विधायक कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टेडियम के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को खेलकूद के लिए



एक बेहतर और आधुनिक बुनियादी ढांचा मिल सके। उन्होंने कहा कि सिंदरी के युवाओं में खेल के प्रति असीम संभावनाएँ हैं, और उन्हें एक उचित मंच उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। मौके पर सीओ मुरारी नायक, विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता , डीएसओ उमेश लोहरा, सरकारी अमीन, ग्रामीण कार्य विभाग (स्पेशल डिवीजन) के कनीय अभियंता और चंदन प्रसाद (सहायक अभियंता, ज, बिकेश कुमार शर्मा (कनीय अभियंता) बिजली विभाग के सहायक अभियंता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही इस अवसर पर रोहित महतो,अशित चटर्जी, हारु बाउरी, अनिल कुमार महतो, पिंटू पाल, मो. आशिफ, आलोक कुमार माजी, मिंटू चंद्रा, सीमांत चक्रवर्ती, सौरभ चक्रवर्ती, आकाश माजी, रोहित कुमार, धीरेन्द्र चंद्र पाल, कार्तिक रवानी, मुकेश बावरी, झालू रवानी, रविंद्र रवानी और राजू तूरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने पर अशोक चौधरी का बीएसएल पर हमला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में बीएसएल के अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सियासत तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने बीएसएल की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की बजाय लोगों के पुनर्वास की जरूरत है। बोकारो सिटी सेंटर के रॉयल दरबार होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में अशोक चौधरी ने कहा कि पिछले 30 से 40 वर्षों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है, लेकिन जिस तेजी से अतिक्रमण हटाया जाता है, उसी तेजी से दोबारा अतिक्रमण बढ़ जाता है। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन और राज्य सरकार से ऐसी जमीन जो बीएसएल ने अधिग्रहित की है और जिसका उपयोग नहीं हो रहा है, वहां अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की। वहीं, बोकारो एयरपोर्ट के मुद्दे पर भी अशोक चौधरी ने सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK